सूर्योदय 5:26 सूर्यास्त 7:28

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16.5 न्यू | 23.4 अधि |
| धर्मशाला | 20.3 न्यू | 28.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77,569 |
| निफ्टी | 24,206 |

सोना 1,43,000 चांदी 2,22,000



www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



MODGIL DIAGNOSTIC LAB 24 घंटे सेवा
Sample Collection Service From Home
KANGRA (TANDA) CHAMBA PAPROLA
MODGIL DIAGNOSTIC LAB
CHAMBA, (Near Pt. JLN Govt. Medical College)
Contact No.: 01899-350129
62305-18484, 70189-50289
Email: modgildiagnosticlabchamba@gmail.com



आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 12 जुलाई 2026 | 28 आषाढ़, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 194, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### रायनएयर की उड़ान में टूटी खिड़की, यात्री घायल

**एजेंसी, एथेंस/बर्लिन।** ग्रीस से जर्मनी जा रही रायनएयर की बोइंग 737 उड़ान के दौरान खिड़की क्षतिग्रस्त होने से एक 61 वर्षीय यात्री घायल हो गया। घटना थेसालोनिकी से मेमिंगेन जा रही फ्लाइट एफआर1879 में टेक-ऑफ के कुछ देर बाद हुई। एयरलाइन के अनुसार, तकनीकी समस्या के बाद विमान को सुरक्षित थेसालोनिकी वापस उतार लिया गया। घायल यात्री को अस्पताल में भर्ती कराया गया। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि इंजन से निकले मलबे के टकराने से खिड़की टूटी और केबिन का दबाव कम होने पर ऑक्सीजन मास्क भी नीचे आ गए। हालांकि, इन दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। (अनंत ज्ञान)

### ओडिशा : थार से बांध एटीएम उखाड़कर ले गए बदमाश

**एजेंसी, भुवनेश्वर।** ओडिशा के बालासोर जिले के तुड़ीगड़िया बाजार में बदमाशों ने फिल्मी अंदाज में एटीएम लूटने की कोशिश की। शुक्रवार रात करीब 2 बजे तीन-चार आरोपी काले रंग की महिंद्रा थार से इंडिया1 एटीएम कियोस्क पहुंचे। बदमाशों ने कियोस्क का दरवाजा तोड़कर एटीएम को रस्सी से बांधा और गाड़ी से खींचकर उखाड़ लिया। मशीन को घसीटते हुए ले जाते समय रस्सी टूट गई। बाद में उन्होंने सुनसान जगह पर एटीएम तोड़कर कैश निकालने का प्रयास किया, लेकिन असफल रहे। (अनंत ज्ञान)

### लखनऊ में फ्लाई दुबई विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

**एजेंसी, लखनऊ।** लखनऊ एयरपोर्ट पर शनिवार सुबह फ्लाई दुबई के विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। लैंडिंग के दौरान विमान से पक्षी टकरा गया, जिसके बाद पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए विमान को सुरक्षित उतारा। चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सुबह 7:13 बजे हुई लैंडिंग के बाद विमान में सवार 163 यात्रियों और क्रू मेंबर्स को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार दुबई से लखनऊ आ रही फ्लाइट एफजेड-443 खराब मौसम के कारण करीब 38 मिनट देरी से पहुंची थी। एयरपोर्ट के पास पहुंचते ही विमान बर्ड हिट का शिकार हो गया। विमान को जांच के लिए पार्किंग बे में खड़ा कर दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

# भारत-न्यूजीलैंड में हुए 18 समझौते

## इंडो पैसिफिक में चीन को घेरने का प्लान तैयार, 2030 तक व्यापार दोगुना करने का लक्ष्य

**एजेंसी, ऑकलैंड**

भारत और न्यूजीलैंड ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक पहुंचा दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के बीच हुई उच्च स्तरीय बैठक के बाद दोनों देशों ने अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना कर वर्ष 2030 तक 35,000 करोड़ रुपए तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया। प्रधानमंत्री मोदी अपनी तीन देशों की यात्रा के अंतिम चरण में न्यूजीलैंड पहुंचे थे। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करना और दोनों देशों के बीच आर्थिक, रक्षा तथा सामरिक संबंधों को नई दिशा देना रहा। इस यात्रा का मुख्य फोकस क्षेत्र में चीन के बढ़ते आक्रामक रुख के बीच इंडो-पैसिफिक में सहयोग बढ़ाना रहा है।



न्यूज़ीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लक्सन और पीएम नरेंद्र मोदी।

बैठक के बाद दोनों देशों ने संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए 18 ठोस परिणामों और 10 प्रमुख समझौतों की घोषणा की। इनमें अगले चार वर्षों के लिए सहयोग का रोडमैप, इंडो-पैसिफिक समुद्री सहयोग ढांचा और भारतीय नौसेना तथा न्यूजीलैंड रक्षा बल के बीच आपसी लॉजिस्टिक्स सहायता समझौता प्रमुख हैं। संयुक्त बयान में दोनों नेताओं ने स्वतंत्र, खुले और समृद्ध इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की रक्षा के महत्व पर जोर दिया। दोनों देशों ने समुद्री सुरक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए मैरीटाइम सिक्योरिटी डायलॉग स्थापित करने पर सहमति जताई। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दो समुद्री देशों के रूप में भारत और न्यूजीलैंड का सहयोग इंडो-पैसिफिक क्षेत्र को मजबूती प्रदान करेगा और शांति व स्थिरता के साझा लक्ष्यों को आगे बढ़ाएगा।

बैठक में हाल ही में हुए मुक्त व्यापार समझौते को जल्द लागू करने पर भी सहमति बनी। दोनों देश व्यापारिक बाधाओं को दूर कर आर्थिक सहयोग बढ़ाने की दिशा में काम करेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी और लक्सन ने मध्य पूर्व के हालात पर भी चर्चा की। दोनों नेताओं ने बढ़ते तनाव पर चिंता जताते हुए सभी पक्षों से संयम बरतने, तनाव कम करने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की। दोनों देशों ने संयुक्त राष्ट्र में सुधारों की जरूरत पर भी जोर दिया और सुरक्षा परिषद के विस्तार के लिए एक-दूसरे के समर्थन को दोहराया। (अनंत ज्ञान)

### पीएम मोदी ने ऑकलैंड में मंच से दिखाया 30 साल पुराना मफलर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में भारतीयों समुदाय को संबोधित किया है। शनिवार को हुए कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि भारत-न्यूजीलैंड की साझेदारी आपसी मूल्यों और दोस्ती पर आधारित है। मोदी ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में वहां रहने वाले भारतीयों की अहम भूमिका पर जोर दिया तो साथ ही अपनी पुरानी न्यूजीलैंड यात्रा को भी याद किया। उन्होंने लोगों को एक मफलर दिखाते हुए बताया कि यह उनको पिछली न्यूजीलैंड यात्रा के दौरान तोहफे में मिला था। ऑकलैंड में कम्युनिटी इवेंट के दौरान मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री के तौर पर यह मेरा पहला दौरा है, लेकिन मैं 25-30 साल पहले न्यूजीलैंड आ चुका हूं। उस वक्त मैं किसी सरकार का हिस्सा नहीं था और सार्वजनिक जीवन में मुझे कोई नहीं जानता था। तब मुझे न्यूजीलैंड में किसी ने तीन चीजें तोहफे में दी थीं।

# किन्नौर में बारिश से ढहा बैली ब्रिज

## सांगला घाटी का संपर्क टूटा; 334 सड़कें बंद, 200 से ज्यादा ट्रांसफार्मर ठप

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन के साथ-साथ सामरिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण क्षेत्रों को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। चीन सीमा से सटे किन्नौर जिले में सांगला घाटी को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण बैली ब्रिज ढह गया है, जबकि बटसेरी के पास चीन सीमा की ओर जाने वाले मार्ग पर लगातार चट्टानें गिरने से यातायात रोकना पड़ा। प्रशासन ने पर्यटकों और स्थानीय लोगों की आवाजाही पर रोक लगा दी है।

जानकारी के अनुसार प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश और भूस्खलन ने व्यापक तबाही मचाई है। शिमला के राजहाना और संजौली-बोथवेल क्षेत्र में पहाड़ खिसकने से वाहन मलबे में दब गए, जबकि कई मकानों पर खतरा मंडरा रहा है। सिरमौर में पांवटा-राजगढ़-शिलाई-रोहड़ू राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी पहाड़ दरकने से यातायात प्रभावित हुआ। किन्नौर के लिप्पा और अन्य क्षेत्रों में बाढ़ जैसी स्थिति बनी हुई है। प्रदेशभर में भूस्खलन के कारण 334 सड़कें बंद हैं और 200 से अधिक बिजली ट्रांसफार्मर ठप होने से अनेक इलाकों में विद्युत आपूर्ति बाधित है।

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में जुलाई के पहले दस दिनों में सामान्य से लगभग 54 प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की गई है। शनिवार को कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला, सोलन और सिरमौर जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि अगले कुछ दिनों में भारी वर्षा की तीव्रता में थोड़ी कमी आने की संभावना है, लेकिन 18 से 24 जुलाई के बीच मानसून के फिर से सक्रिय होने और व्यापक वर्षा की चेतावनी दी गई है।

भारी बारिश के कारण प्रदेश के अधिकतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अगले पांच से छह दिनों में तापमान में धीरे-धीरे 2 से 5 डिग्री तक बढ़ोतरी हो सकती है।



### प्रशासन की सीमा क्षेत्रों में बढ़ी निगरानी

**जिला** प्रशासन और मौसम विभाग ने विशेष रूप से किन्नौर, सांगला, छितकुल, रक्छम तथा चीन सीमा की ओर जाने वाले मार्गों पर अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है। सीमा क्षेत्रों में लगातार गिरती चट्टानों और सक्रिय भूस्खलन को देखते हुए मशीनरी तैनात कर दी गई है। प्रशासन ने लोगों और पर्यटकों से मौसम सामान्य होने तक पूरी सतर्कता बरतने तथा जारी एडवाइजरी का पालन करने की अपील की है।

# 2029 से लागू हो सकता है 'वन नेशन वन इलेक्शन'

**एजेंसी, नई दिल्ली।** संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) 'वन नेशन, वन इलेक्शन' को 2029 के लोकसभा चुनावों तक लागू करने की संभावनाओं पर काम कर रही है। समिति अध्यक्ष पीपी चौधरी के अनुसार, अब तक चर्चा में शामिल करीब 99 प्रतिशत नागरिकों और संगठनों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया है।

**◆ संसदीय समिति के अध्यक्ष बोले- 99% लोग पक्ष में**

जेपीसी ने गोवा के मुख्यमंत्री, मंत्रियों, विशेषज्ञों और विभिन्न संगठनों से सुझाव लिए हैं। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि बार-बार चुनावों का असर छोटे राज्यों पर भी पड़ता है और पूरे देश में इसका प्रभाव और अधिक व्यापक होता है। सूत्रों के मुताबिक समिति चुनावी व्यवस्था को एक करने के लिए 'टू-फेज ट्रांजिशन मॉडल' पर विचार कर रही है। इसके तहत 2029 और 2034 तक चरणबद्ध तरीके से पूरे देश को एक चुनावी चक्र में लाने का विकल्प देखा जा रहा है। पहले चरण में 2029 के लोकसभा चुनाव के साथ करीब 20 राज्यों में विधानसभा चुनाव कराने की योजना पर विचार हो रहा है। जेपीसी 17 जुलाई को अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप देकर संसद में पेश करेगी। (अनंत ज्ञान)

# स्वास्थ्य-शिक्षा में नहीं आएगी धन की कमी : सीएम सुक्खू

## चमियाना में 23 करोड़ की 3-टेस्ला एमआरआई मशीन शुरू, मरीजों को मिलेगा बेहतर इलाज

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश की सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था को आधुनिक तकनीक से मजबूत करने की दिशा में हिमाचल सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शनिवार को अटल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सुपर स्पेशियलिटीज (एआईएमएसएस) चमियाना में करीब 23 करोड़ रुपए की लागत से स्थापित अत्याधुनिक 3-टेस्ला एमआरआई मशीन का शुभारंभ किया।

इस सुविधा के शुरू होने के बाद एआईएमएसएस चमियाना, आईजीएमसी शिमला के बाद प्रदेश का दूसरा सरकारी संस्थान बन गया है, जहां मरीजों को विश्व स्तरीय एमआरआई जांच की सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं। प्रदेश के नागरिकों को आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण और किफायती स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए सरकारी चिकित्सा संस्थानों को अत्याधुनिक उपकरणों से लैस किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नई एमआरआई मशीन से पहले की तुलना में अधिक स्पष्ट इमेजिंग, कम समय में जांच और गंभीर बीमारियों का सटीक निदान संभव होगा। इससे न्यूरोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, ऑन्कोलॉजी और कार्डियोलॉजी जैसे विभागों को बेहतर सेवाएं देने में मदद मिलेगी। मरीजों को महंगी जांच के लिए निजी अस्पतालों या प्रदेश से बाहर जाने की जरूरत कम होगी।



एआईएमएसएस चमियाना में 3-टेस्ला एमआरआई मशीन का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

उन्होंने कहा कि सरकारी मेडिकल कॉलेजों में 125 करोड़ रुपए की लागत से अत्याधुनिक ऑटोमेटेड प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएंगी। इसके अलावा रोबोटिक सर्जरी, एमआरआई और पैट स्कैन जैसी सुविधाओं को भी विस्तार दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सीनियर रेजिडेंट के पद बढ़ाने के साथ प्रदेश में 800 नर्सों की भर्ती प्रक्रिया और 200 एसोसिएट प्रोफेसरों की नियुक्ति भी जल्द पूरी की जाएगी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर एआईएमएसएस मोबाइल एप का शुभारंभ किया, जिसके माध्यम से मरीज अस्पताल की सेवाओं, चिकित्सकों और अन्य सुविधाओं की जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकेंगे।

# रेप के आरोपी ने जमानत मिलते ही कीं 6 हत्याएं

**एजेंसी, तेलंगाना।** तेलंगाना के रंगा रेड्डी जिले में नाबालिग से रेप के एक आरोपी ने जमानत पर बाहर आते ही 6 हत्याएं कर दीं। पहले उसने अपनी 30 साल की पत्नी, 4 साल और 18 महीने के दो बेटों की हत्या की।

इसके बाद वह करीब 6 किलोमीटर दूर दूसरे गांव पहुंचा। जहां उसने 17 साल की रेप पीड़िता, उसकी मां और नानी को भी मार दिया। लड़की ने 16 मई को पॉक्सो एक्ट के तहत आरोपी राजकुमार के खिलाफ रेप का केस दर्ज कराया था। लड़की के मामा नरेश ने बताया कि उसने मेरी चाची और भांजी की हत्या कर दी। उसने पहले भी लड़की को परेशान किया था और उस पर पोक्सो के तहत मामला दर्ज किया गया। उसने धमकी दी थी वह एक-दो हफ्ते में पूरे परिवार को मार डालेगा। मामला दर्ज होने के बाद भी उसे पूछताछ या रिमांड के लिए नहीं ले जाया गया। उसके परिवार को पता था कि वह कहां है, लेकिन पुलिस को इसकी जानकारी नहीं थी और मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। घटना के 20 दिन बाद हमने उन्हें फिर से बताया कि वह घूम रहा है और कह रहा है कि वह लड़की को मार डालेगा। उन्होंने कहा कि वह उसे ढूंढ रहे हैं। मामला दर्ज होने के सिर्फ दो दिन बाद ही वह जमानत पर बाहर आ गया था। (अनंत ज्ञान)

# ट्रंप बोले-मेरी हत्या की कोशिश हुई तो ईरान को मिलेगा करारा जवाब

**एजेंसी, वॉशिंगटन**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि उनकी हत्या की कोशिश की गई तो अमेरिका इसका सख्त जवाब देगा। ट्रंप ने यह बयान अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर दिया।

ट्रंप ने दावा किया कि अगर ईरान उनकी हत्या या हत्या के प्रयास जैसी किसी कार्रवाई को अंजाम देता है, तो अमेरिकी सेना को पहले से आवश्यक निर्देश दिए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका ऐसी किसी भी स्थिति में निर्णायक कार्रवाई के लिए तैयार है।

ट्रंप ने अपनी पोस्ट में लिखा कि ईरान की ओर से कथित धमकी की स्थिति में अमेरिका ने व्यापक सैन्य तैयारी कर रखी है। हालांकि, उन्होंने अपने दावों के समर्थन में कोई सबूत पेश नहीं किया। वहीं, ईरानी अधिकारियों ने ट्रंप की हत्या की किसी आधिकारिक धमकी की पुष्टि नहीं की है। हालांकि, हाल के दिनों में ईरान में कुछ सार्वजनिक कार्यक्रमों के दौरान ट्रंप विरोधी नारे और पोस्टर देखे जाने की मीडिया रिपोर्टें सामने आई हैं। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, इसराइल ने भी ट्रंप के खिलाफ संभावित खतरे को लेकर अमेरिका को सतर्क किया था, लेकिन इस संबंध में कोई आधिकारिक विवरण सार्वजनिक नहीं किया गया है। हाल के महीनों में क्षेत्रीय सुरक्षा, सैन्य गतिविधियों और समुद्री मार्गों को लेकर अमेरिका और ईरान के बीच तनाव लगातार बढ़ा है। (अनंत ज्ञान)

# वियतनाम में पलटी टूरिस्ट बोट, 15 भारतीयों की मौत

## 32 भारतीय थे सवार, ज्यादातर तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के पर्यटक

**एजेंसी, हनोई**

वियतनाम के फु क्वोक द्वीप के पास शनिवार को पर्यटकों से भरी एक नाव पलट गई। हादसे में 15 भारतीय पर्यटकों की मौत हो गई, जबकि 21 लोगों को बचा लिया गया। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के अनुसार नाव में 32 भारतीयों समेत कुल 36 लोग सवार थे, जिनमें चार क्रू सदस्य भी शामिल थे।



हादसा शनिवार सुबह करीब 10:30 बजे हुआ। शुरुआती जानकारी के अनुसार समुद्र की ऊंची लहरों के कारण नाव असंतुलित होकर पलट गई। सामने आए वीडियो में समुद्र में तेज लहरें उठती दिखाई दे रही हैं। स्थानीय मीडिया के मुताबिक कई पर्यटकों ने लाइफ जैकेट नहीं पहनी थी, जिसके कारण वे नाव के नीचे फंस गए। यह नाव भारतीय पर्यटकों को फु क्वोक द्वीप के पास स्थित 'होन मे रुट' से न्गोआई द्वीप की ओर ले जा रही थी। तट से करीब 400 मीटर पहले ही नाव हादसे का शिकार हो गई।

उधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की और बताया कि भारतीय दूतावास व वाणिज्य दूतावास वियतनामी अधिकारियों के संपर्क में रहकर हरसंभव सहायता उपलब्ध करा रहे हैं। फु क्वोक क्षेत्र अपने खूबसूरत समुद्र तटों और कोरल रीफ डाइविंग के लिए प्रसिद्ध है, जहां बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। (अनंत ज्ञान)

# नौसेना में शामिल हुआ स्वदेशी युद्धपोत आईएनएस महेंद्रगिरी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारतीय नौसेना के बेड़े में स्वदेशी एडवांस्ड स्टेल्थ फ्रिगेट आईएनएस महेंद्रगिरी शामिल हो गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विशाखापत्तनम में इसका कमीशनिंग समारोह सम्पन्न किया। पूर्वी बेड़े का हिस्सा बनने वाला यह युद्धपोत हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की निगरानी क्षमता और समुद्री ऑपरेशनल ताकत को और मजबूत करेगा।

प्रोजेक्ट-17ए के तहत बना 6,670 टन वजनी महेन्द्रगिरी भारतीय नौसेना के वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो द्वारा डिजाइन और मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड में निर्मित किया गया है। इसमें 75 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग हुआ है, जिससे यह 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर भारत का मजबूत उदाहरण बन गया है। युद्धपोत सुपरसोनिक सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलों, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों और अत्याधुनिक पनडुब्बी रोधी हथियार प्रणाली से लैस है। आधुनिक कॉम्बैट मैनेजमेंट सिस्टम इसे बहुआयामी समुद्री अभियानों के लिए सक्षम बनाता है। नौसेना के अनुसार, पिछले एक वर्ष में 12 युद्धपोत, एक पनडुब्बी और एक एयरक्राफ्ट स्क्वाड्रन को बेड़े में शामिल किया गया है। (अनंत ज्ञान)

# सोलन में पत्नी हत्या की साजिश, तीन गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** जिला सोलन के देहुंघाट क्षेत्र में पत्नी की हत्या की सनसनीखेज साजिश का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को घटना के आधे घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी अपनी पत्नी को उत्तर प्रदेश से घूमने के बहाने सोलन लाया था और सुनसान स्थान पर उसकी हत्या का प्रयास किया।



गिरफ्तार आरोपी पुलिस के साथ।

पुलिस के अनुसार 11 जुलाई 2026 को पुलिस चौकी सपरून को सूचना मिली कि कुछ लोगों ने एक महिला को सड़क से करीब 80 से 100 मीटर गहरी खाई में धक्का दे दिया है। सूचना मिलते ही पुलिस चौकी सपरून और थाना सदर सोलन की टीमें मौके पर पहुंचीं और नगाली के पास से तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया।

मामले में प्रत्यक्षदर्शी नरेश कुमार निवासी बड़ोग ने पुलिस को बताया कि 10 जुलाई की रात करीब साढ़े आठ बजे उन्होंने देहुंघाट के पास तीन युवकों को एक युवती के साथ देखा। इस दौरान युवकों ने युवती को गहरी खाई में धक्का दे दिया और पैदल नगाली की ओर भाग गए।

पुलिस और स्थानीय लोगों ने तुरंत रेस्क्यू अभियान चलाया। घायल महिला को निकलकर उसे सिविल अस्पताल सोलन ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत के चलते उसे आईजीएमसी शिमला रेफर कर दिया गया।

जांच में खुलासा हुआ कि घायल महिला आरोपी दलीप कुमार की पत्नी है और दोनों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। पुलिस के अनुसार दलीप कुमार ने अपने भाई शिवम और दोस्त मदन कुमार के साथ मिलकर पत्नी की हत्या की साजिश रची। आरोपी उसे घूमने के बहाने सोलन लाए, जहां पहले उसके गले पर चाकू से वार किया और फिर हत्या की नीयत से खाई में धक्का दे दिया। एसपी सोलन टीएसडी वर्मा ने बताया कि पुलिस ने मामले में तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। तीनों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड का सत्यापन कर रही है।

**उपलब्धि** | आलू उत्पादन में ऊना बना प्रदेश का हब, वर्ष में दो फसलें लेने वाला प्रदेश का एकमात्र जिला

# दिल्ली से गुवाहाटी तक ऊना के आलू की धाक

अनंत ज्ञान

**राजेश शर्मा, ऊना।** हिमाचल प्रदेश में आलू उत्पादन के क्षेत्र में जिला ऊना ने अपनी अलग पहचान बनाई है। प्रदेश का एकमात्र ऐसा जिला होने का गौरव ऊना को प्राप्त है, जहां किसान वर्ष में आलू की दो फसलें लेते हैं। यही वजह है कि ऊना का आलू अब स्थानीय बाजारों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसकी मांग दिल्ली से लेकर गुवाहाटी तक पहुंच चुकी है। इतना ही नहीं, चिप्स बनाने वाली कई नामी कंपनियां भी सीधे ऊना के किसानों से संपर्क कर चिप्स ग्रेड आलू की खरीद करती आ रही हैं।





जिले में खरीफ और रबी दोनों सीजन में आलू की खेती होती है। अनुकूल जलवायु, उपजाऊ मिट्टी और आधुनिक खेती तकनीकों के चलते यहां उत्पादित आलू की गुणवत्ता बेहतर मानी जाती है। कृषि विभाग के मार्गदर्शन और उन्नत बीजों के उपयोग से उत्पादन में लगातार वृद्धि हो रही है। ऊना के आलू की आपूर्ति पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली सहित पूर्वोत्तर राज्यों तक की जाती है। जिले के प्रगतिशील किसान संजीव कुमार, सुरेश, अविनाश, तिलक राज, मदन ठाकुर और अशोक ठाकुर का कहना है कि कई बार मौसम की मार, रोग और बाजार में कीमतों में गिरावट के कारण फसलों का भारी नुकसान भी उठाना पड़ता है। ऐसे में आलू की खेती में अच्छा मुनाफा होने के साथ घाटे की संभावना भी बनी रहती है। इसके बावजूद बेहतर बाजार और मांग को देखते हुए किसान इस फसल की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि जिले में आलू के भंडारण, प्रसंस्करण और विपणन की सुविधाओं का और विस्तार किया जाए तो ऊना आने वाले वर्षों में उत्तर भारत के प्रमुख आलू उत्पादन केंद्रों में और अधिक मजबूत स्थान हासिल कर सकता है।

### चिप्स कंपनियां किसानों से सीधे संपर्क में

**जिले** में सामान्य आलू के साथ-साथ चिप्स तैयार करने के लिए उपयुक्त विशेष किस्मों का भी उत्पादन किया जा रहा है। बेहतर गुणवत्ता के कारण कई चिप्स निर्माण कंपनियां सीधे किसानों से संपर्क कर उनकी फसल खरीदने में रुचि दिखा रही हैं, जिससे किसानों को बेहतर दाम मिलने की संभावना बढ़ी है। हालांकि, आलू की खेती जितनी लाभदायक है, उतनी ही जोखिम भरी भी मानी जाती है।

### क्या कहते हैं कृषि उपनिदेशक

**कृषि** उपनिदेशक ने बताया कि ऊना जिले में सैकड़ों हेक्टेयर भूमि पर आलू की खेती की जाती है। जिले का आलू हिमाचल के अलावा पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़ और अन्य बाहरी राज्यों में भी भेजा जाता है। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग किसानों को उन्नत बीज, आधुनिक तकनीक, रोग नियंत्रण और वैज्ञानिक खेती के संबंध में निरंतर प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है, ताकि उत्पादन और किसानों की आय दोनों में वृद्धि हो सके।

# जिले में कई जगह भूस्खलन, सड़कें बंद

## कसुम्पटी में पहाड़ी से मलबा और चट्टानें गिरने से सड़क पर पार्क किए दो वाहन दबे

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** पिछले दो दिन से हिमाचल प्रदेश के मध्यवर्ती और पर्वतीय इलाकों में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। शिमला जिले में कई स्थानों पर भूस्खलन हुआ है और संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। बीते 24 घंटों में शिमला के नारकंडा में 54.5 मिमी, कुफरी में 50.8 मिमी, शिमला शहर में 37.5 मिमी और मशोबरा में 36.5 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग ने 14 जुलाई तक भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है।

राजधानी शिमला में भी लगातार बारिश से कई स्थानों पर भूस्खलन हुआ। कसुम्पटी थाना क्षेत्र के राजहाना में पहाड़ी से भारी मात्रा में चट्टानें, पत्थर और मलबा सड़क पर आ गिरा। वहां खड़े दो वाहन मलबे में दब गए और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

संजौली कॉलेज के समीप बोथवेल क्षेत्र में शनिवार तड़के करीब चार बजे फिर भारी भूस्खलन हुआ। सड़क का हिस्सा धंसकर नीचे बने रिहायशी मकानों की ओर आ गया और मकानों तक जाने वाला रास्ता भी टूट गया। स्थानीय लोगों के अनुसार तीन से चार इमारतें खतरे की जद में हैं। पुलिस ने एहतियात के तौर पर लोगों को मकान खाली करने की सलाह दी है। प्रभावित परिवारों का कहना है कि उनके पास रहने के लिए दूसरी जगह नहीं है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निजी निर्माण के दौरान पहाड़ी की खुदाई होने से ढलान कमजोर हुई और लगातार बारिश के बाद भूस्खलन हुआ। उन्होंने निर्माण कार्य रोकने और भू-वैज्ञानिक जांच कराने की मांग की है। इसी स्थान पर जून 2025 में भी बड़ा भूस्खलन हुआ था।

किन्नौर जिले के कल्पा उपमंडल के सांगला में भारी बारिश के कारण जमीन धंसने से वैली ब्रिज शुक्रवार को हवा में लटक गया था। बीती रात पुल पूरी तरह ढह गया। पुल टूटने से क्षेत्र की आवाजाही प्रभावित हुई है और प्रशासन हालात पर नजर रखे हुए है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने कहा है कि अगले कुछ दिन प्रदेश में वर्षा का दौर जारी रहने की संभावना है।

### गानवी खड्ड का जलस्तर बढ़ने से जगोरी को जोड़ने वाली 500 मीटर सड़क बही

अनंत ज्ञान

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** रामपुर उपमंडल में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण मंगलू बाजार के नीचे गणवी खड्ड में भारी नुकसान हुआ है। ग्राम पंचायत जगोरी को जोड़ने वाली लगभग 500 मीटर लंबी सड़क, जो पूरी तरह नदी तल में स्थित थी, तेज बहाव में बह गई है। इससे क्षेत्र के लोगों की आवाजाही प्रभावित हुई है। घटना की सूचना मिलते ही सहायक आयुक्त (राजस्व) रामपुर, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, अधिशासी अभियंता एचपीएसईबीएल गणवी परियोजना तथा खंड विकास अधिकारी रामपुर अपनी-अपनी टीमों के साथ मौके पर पहुंचे और क्षति का निरीक्षण किया। लोक निर्माण विभाग ने बताया कि सड़क की बहाली के लिए कल से एलएंडटी मशीनें लगाकर कार्य शुरू किया जाएगा, ताकि यातायात जल्द से जल्द बहाल किया जा सके। इस बीच ग्रामीणों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित



#### ◆ प्रशासन ने किया निरीक्षण बनेगा वैकल्पिक पैदल मार्ग

करने के लिए पनजाधार से लोअर नांती जलविद्युत परियोजना के फुटब्रिज तक लगभग एक किलोमीटर लंबे वैकल्पिक पैदल मार्ग का सर्वेक्षण कर लिया गया है। इस मार्ग के सुधार एवं मरम्मत का अनुमान तैयार किया जा रहा है, ताकि लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे नदी-नालों के आसपास अनावश्यक आवाजाही से बचें तथा मौसम विभाग और जिला प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें।

# बारिश ने थामी सेब कारोबार की रफ्तार

## भट्ठाकुफर फल मंडी में पसरा सन्नाटा, महज एक हजार बॉक्स ही पहुंचे

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल में लगातार हो रही मानसूनी बारिश ने सेब सीजन की शुरुआती रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया है। राजधानी शिमला सहित ऊपरी शिमला, कोटखाई, रोहड़ू, जुब्बल, ठियोग, चौपाल और आसपास के बागवानी क्षेत्रों में बारिश के चलते सेब और नाशपाती की तुड़ाई प्रभावित हुई है। इसका सीधा असर प्रदेश की सबसे बड़ी भट्ठाकुफर फल एवं सब्जी मंडी में देखने को मिला, जहां शनिवार को दिनभर सामान्य दिनों की अपेक्षा सन्नाटा पसरा रहा। कारोबारियों के अनुसार मंडी में खरीद-फरोख्त सीमित रही और ट्रकों की आवाजाही भी बेहद कम रही।

जानकारी के अनुसार शनिवार को भट्ठाकुफर फल मंडी में करीब एक हजार बॉक्स सेब और नाशपाती ही पहुंचे। शुरुआती सीजन में सामान्य परिस्थितियों में जहां मंडी में कई हजार बॉक्स फलों की आवक होने लगती है, वहीं लगातार बारिश ने पूरी आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावित कर दिया। बागवानों ने गीले मौसम में तुड़ाई और पैकिंग से परहेज किया, क्योंकि बारिश में तोड़े गए फलों की गुणवत्ता, रंग और भंडारण क्षमता प्रभावित होने की आशंका रहती है।



लगातार बारिश के कारण भट्ठाकुफर फल एवं सब्जी मंडी में पसरा सन्नाटा।

बारिश के कारण बागवानों को खेतों और बगीचों तक पहुंचने में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कई ग्रामीण संपर्क मार्गों पर फिसलन बढ़ गई है, जबकि कुछ स्थानों पर भूस्खलन और मलबा आने से परिवहन व्यवस्था भी प्रभावित हुई है। ऐसे में तैयार फसल होने के बावजूद बड़ी संख्या में बागवान मौसम साफ होने का इंतजार कर रहे हैं, ताकि बेहतर गुणवत्ता के साथ फलों को मंडी तक पहुंचाया जा सके। मंडी से जुड़े कारोबारियों का कहना है कि इस समय बाजार में अच्छी गुणवत्ता वाले सेब की मांग बनी हुई है। सीमित आवक के कारण खरीददार भी बेहतर फल का इंतजार कर रहे हैं। यदि अगले कुछ दिनों तक मौसम अनुकूल रहता है तो मंडियों में आवक अचानक बढ़ सकती है और कारोबार भी गति पकड़ लेगा।

### मौसम खुलते ही रफ्तार पकड़ सकता है कारोबार

**फल** कारोबारियों का कहना है कि फिलहाल लगातार बारिश ने सीजन की शुरुआती रौनक फीकी कर दी है। भट्ठाकुफर मंडी, जहां इन दिनों सुबह से देर शाम तक चहल-पहल देखने को मिलती है, वहां शनिवार को अधिकांश समय सन्नाटा पसरा रहा। कारोबारियों की निगाहें अब मौसम पर टिकी हैं, क्योंकि मौसम साफ होते ही बागवान बड़े पैमाने पर तुड़ान शुरू करेंगे और मंडियों में सेब की आवक के साथ कारोबार भी फिर से रफ्तार पकड़ने की उम्मीद है।

# डार्क बैरन गाला सेब ने बागवानों को दिलाया सीजन का शानदार भाव

## भट्टाकुफर फल मंडी में 2,700 रुपए में बिका हाफ बॉक्स

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** सेब सीजन की शुरुआत के साथ ही हिमाचल के बागवानों के लिए उत्साहजनक संकेत मिलने लगे हैं। चौपाल क्षेत्र के एक प्रगतिशील बागवान के डार्क बैरन गाला किस्म के सेब को भट्टाकुफर फल मंडी में 2,700 प्रति हाफ बॉक्स का भाव मिलने से गुणवत्ता आधारित बागवानी की नई मिसाल सामने आई है। हालांकि शुरुआती दौर में प्रीमियम किस्मों को बेहतर दाम मिलना सामान्य माना जाता है, लेकिन पूरे सीजन में बाजार का यही रुख बना रहेगा या नहीं, इस पर सभी की निगाहें टिकी रहेंगी।

जानकारी के अनुसार चौपाल क्षेत्र की देवत पंचायत के प्रगतिशील बागवान चंद प्रकाश शर्मा के बगीचे में तैयार डार्क बैरन गाला किस्म के सेब को भट्टाकुफर फल मंडी में कृष्णा ट्रेडिंग कंपनी की दुकान नंबर-21 के माध्यम से बेचा गया। उत्कृष्ट रंग, बेहतर आकार, आकर्षक पैकिंग और उच्च गुणवत्ता के कारण इस खेप को 2,700 रुपए प्रति हाफ बॉक्स का भाव मिला, जिसे सीजन की शुरुआत के सबसे बेहतर दामों में माना जा रहा है। बागवानों कहना है कि जिन बागवानों ने वैज्ञानिक तरीके से बगीचों का प्रबंधन किया है और ग्रेडिंग, साइजिंग तथा पैकिंग पर विशेष ध्यान दिया है, उनके प्रीमियम सेबों को मंडियों में अच्छे दाम मिल रहे हैं। इससे यह भी स्पष्ट हो रहा है कि बाजार में गुणवत्ता ही सबसे बड़ा आधार बनती जा रही है।

### उच्च गुणवत्ता वाला सेब ही दिलाएगा ऊंचे दाम



**बागवानी** विशेषज्ञों का मानना है कि शुरुआती सीजन में बाजार में आवक कम होने के कारण प्रीमियम गुणवत्ता वाले सेबों को आकर्षक भाव मिल रहे हैं। लेकिन जैसे-जैसे उत्पादन बढ़ेगा और मंडियों में सेब की आवक तेज होगी, कीमतों में उतार-चढ़ाव की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। ऐसे में बागवानों को केवल ऊंचे भाव की उम्मीद पर निर्भर रहने के बजाय गुणवत्ता, सही ग्रेडिंग और बेहतर पैकिंग पर लगातार ध्यान देना होगा। लिहाजा, बाजार की आगामी स्थिति पर सभी की नजर बनी रहेगी, क्योंकि पूरे सीजन में कीमतों का रुख मांग, आपूर्ति और गुणवत्ता पर ही निर्भर करेगा।

# शिमला में 11 पेटी अवैध शराब बरामद आरोपी पर केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, शिमला।** जिला पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी और बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत चिड़गांव क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए 11 पेटी अवैध शराब बरामद की है। मामले में एक व्यक्ति के खिलाफ हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार, 10 जुलाई को एसडीपीओ कार्यालय रोहड़ू की पुलिस टीम क्षेत्र में नियमित जांच कर रही थी। इसी दौरान एक व्यक्ति की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से कुल 132 बोतल अवैध शराब बरामद हुई। बरामद शराब में 48 बोतल रॉयल स्टैग व्हिस्की, 48 बोतल सुपर संतरा, 24 बोतल संतरा नंबर-1 और 12 बोतल थंडरबोल्ट बीयर शामिल हैं। यह शराब कुल 11 पेटियों में रखी गई थी। पुलिस ने इस मामले में चिड़गांव निवासी शीशपाल पुत्र रामनाथ के खिलाफ हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 39(1)(ए) के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि मामले की जांच जारी है। जांच के दौरान यह पता लगाया जा रहा है कि बरामद शराब कहां से लाई गई थी और इसे कहां पहुंचाया जाना था।

# बद्दी, ऊना व नूरपुर में खुलेंगी परीक्षण प्रयोगशालाएं

## नशे के बढ़ते खतरे से वैज्ञानिक तरीके से निपटने की दिशा में अहम कदम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश में नशे के बढ़ते खतरे से वैज्ञानिक तरीके से निपटने की दिशा में हिमाचल सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। निदेशालय फॉरेंसिक सेवाएं, जुन्गा में शनिवार को ड्रग विश्लेषण विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में निदेशक डॉ. मीनाक्षी महाजन ने बताया कि राज्य सरकार ने बद्दी, ऊना और नूरपुर में तीन समर्पित ड्रग टेस्टिंग प्रयोगशालाएं स्थापित करने को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशों के अनुरूप आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य मादक पदार्थों की जांच के लिए वैज्ञानिक क्षमता बढ़ाना, सभी फॉरेंसिक प्रयोगशालाओं में एक समान मानक विकसित करना तथा न्यायालयों में स्वीकार्य सटीक एवं विश्वसनीय वैज्ञानिक साक्ष्य उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि नशे के मामलों की प्रभावी जांच के लिए आधुनिक



ड्रग विश्लेषण कार्यशाला में भाग लेतीं निदेशक डॉ. मीनाक्षी महाजन व अन्य अधिकारी।

फॉरेंसिक प्रणाली और मानकीकृत प्रक्रियाओं को अपनाना समय की आवश्यकता है। कार्यशाला में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं मुख्य तकनीकी वक्ता डॉ. ए.के. जायसवाल ने फॉरेंसिक ड्रग विश्लेषण की नवीनतम तकनीकों, गुणवत्ता नियंत्रण और आधुनिक प्रयोगशाला प्रणाली पर विशेषज्ञ व्याख्यान दिया। राज्य फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला जुन्गा, क्षेत्रीय प्रयोगशालाओं धर्मशाला और मंडी के वैज्ञानिकों ने जैविक नमूनों, विसरा, मादक एवं मनःप्रभावी पदार्थों, विषों तथा उनके मेटाबोलाइट्स के गुणात्मक और मात्रात्मक परीक्षण के लिए एक समान मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करने पर विचार-विमर्श किया। प्रवक्ता डॉ. एस.के. पाल ने कहा कि निदेशालय फॉरेंसिक वैज्ञानिकों की दक्षता बढ़ाने, प्रयोगशालाओं को आधुनिक बनाने तथा अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप उच्च गुणवत्ता वाली फॉरेंसिक सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

# चौड़ा मैदान में अफीम व लाखों की नकदी सहित एक गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**शिमला।** राजधानी शिमला के बालूगंज थाना अंतर्गत चौड़ा मैदान इलाके में एक मकान में पुलिस की दबिश के दौरान करीब एक किलोग्राम अफीम, दो इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीनें और 2 लाख 12 हजार रुपये नकद बरामद किए गए हैं। इस मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम की धारा 18 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत 10 जुलाई को स्पेशल सेल शिमला की टीम गश्त और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रख रही थी। इसी दौरान पुलिस को विश्वसनीय सूचना मिली कि चौड़ा मैदान स्थित एक मकान में अफीम रखी गई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम नियमानुसार मकान में तलाशी के लिए पहुंची। तलाशी के दौरान पुलिस ने मकान से 991 ग्राम अफीम, दो इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीनें और 2 लाख 12 हजार रुपये नकद बरामद किए। पुलिस ने बरामद सामान को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। इस मामले में सुरिन्द्र सिंह पुत्र स्वर्गीय धीरज सिंह, निवासी चौड़ा मैदान, शिमला को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना बालूगंज में एनडीपीएस अधिनियम की धारा 18 के तहत मामला दर्ज किया गया है। शिमला के एसएसपी गौरव सिंह ने शनिवार को बताया कि मामले की गहन जांच जारी है। यह पता लगाया जा रहा है कि बरामद अफीम कहां से लाई गई थी और इस मामले में किसी अन्य व्यक्ति की भूमिका है या नहीं।

### कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार का इतिहास नहीं भूला पूरा देश

# घोटालों की जननी कांग्रेस को राम मंदिर पर सवाल उठाने का अधिकार नहीं : राकेश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भारतीय जनता पार्टी के राज्य मुख्य प्रवक्ता राकेश जमवाल ने राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को लेकर कांग्रेस द्वारा लगाए जा रहे आरोपों को पूरी तरह राजनीति से प्रेरित बताते हुए कहा है कि कांग्रेस भगवान श्रीराम की आस्था को भी राजनीतिक लाभ का माध्यम बनाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि जिस कांग्रेस ने वर्षों तक राम जन्मभूमि आंदोलन का विरोध किया और मंदिर निर्माण की प्रक्रिया में लगातार बाधाएं खड़ी कीं, वही आज करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े विषय पर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है। जमवाल ने कहा कि यदि किसी भी विषय पर जांच की आवश्यकता होगी तो वह कानून और संवैधानिक प्रक्रिया के अनुसार होगी, लेकिन बिना तथ्यों के राम मंदिर को राजनीतिक विवाद में घसीटना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि श्रीराम करोड़ों भारतीयों की आस्था के केंद्र हैं और राम मंदिर किसी राजनीतिक दल का नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र की श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक है।

कांग्रेस को आस्था से जुड़े विषयों पर राजनीति करने के बजाय जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता तथ्यों और राजनीतिक आरोपों के बीच का अंतर अच्छी तरह समझती है। राकेश जमवाल ने कहा कि भ्रष्टाचार पर सवाल उठाने से पहले कांग्रेस को अपने शासनकाल का आत्ममंथन करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के कार्यकाल में 2जी स्पेक्ट्रम, कोयला आवंटन, कॉमनवेल्थ गेम्स, अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर सौदा, आदर्श हाउसिंग सोसायटी, नेशनल हेराल्ड, बोफोर्स, एयरसेल-मैक्सिस और टाट्रा ट्रक खरीद जैसे कई चर्चित मामले सामने आए, जिन्होंने कांग्रेस की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आज पारदर्शिता और जवाबदेही की बात कर रही है, जबकि उसके शासनकाल में भ्रष्टाचार व्यवस्था का हिस्सा बन गया था।

# चियोग स्कूल में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चियोग में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर शनिवार को राष्ट्र निर्माण, सेवा और सामाजिक जागरूकता के संकल्प के साथ संपन्न हो गया। शिविर में 33 स्वयंसेवियों ने भाग लेते हुए स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति और सामाजिक सेवा से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाई। समापन समारोह में ग्राम पंचायत चियोग के पूर्व प्रधान दिनेश जगटा मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त मंच है, जहां शिक्षा के साथ सेवा भावना, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशामुक्त जीवन अपनाने तथा शिविर से प्राप्त अनुभवों को समाज और अपने गांव के विकास में उपयोग करने का आह्वान किया।

# चोरी मामले में 7 साल पहले उद्घोषित अपराधी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**शिमला।** जिला पुलिस ने वर्ष 2019 के एक चोरी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए सात साल पुराने मामले के उद्घोषित अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी जमानत पर रिहा होने के बाद अदालत में पेश नहीं हुआ था। इसके बाद अदालत ने उसे उद्घोषित अपराधी घोषित कर दिया था। यह मामला पुलिस थाना कोटखाई में वर्ष 2019 में दर्ज हुआ है। मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 454 और 380 के तहत केस दर्ज किया गया था। आरोप है कि कोटखाई क्षेत्र के गांव छोल में एक घर के ताले तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण और 50 हजार रुपये की नकदी चोरी की गई थी। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी अक्षु राक्टा उर्फ नीरू पुत्र दौलत राम, निवासी गांव पुंगरिश, डाकघर एवं तहसील कोटखाई, जिला शिमला को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी गया सामान भी बरामद किया था। जांच पूरी होने के बाद मामले का चालान अदालत में पेश कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि मुकदमे की सुनवाई के दौरान आरोपी जमानत पर रिहा होने के बाद फरार हो गया। अदालत में लगातार पेश नहीं होने पर माननीय न्यायालय ने 16 जुलाई 2025 को उसे उद्घोषित अपराधी घोषित कर दिया था। शिमला पुलिस की ओर से फरार आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान पुलिस थाना कोटखाई की टीम ने लगातार तलाश जारी रखी। इसी अभियान के तहत पुलिस ने आरोपी को कोटखाई क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया।

# श्रीराम मंदिर अयोध्या में चंदा घोटाले को लेकर जवाब दे केंद्र सरकार : पवन बंसल

## राम जन्मभूमि ट्रस्ट पर बड़ा हमला, सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में कथित चंदा एवं चढ़ावा घोटाले को लेकर केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला है। पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पूरे मामले पर सार्वजनिक जवाब देने की मांग करते हुए कहा कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े इस प्रकरण की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में स्वतंत्र न्यायिक जांच कराई जानी चाहिए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री पवन बंसल ने शनिवार को शिमला में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच से ही सच्चाई देश के सामने आ सकेगी। पवन बंसल ने कहा कि भगवान श्रीराम किसी राजनीतिक दल की नहीं बल्कि पूरे देश की आस्था के प्रतीक हैं। ऐसे में उनके नाम पर एकत्र किए गए चंदे और चढ़ावे से जुड़े हर सवाल का पारदर्शी और निष्पक्ष जवाब मिलना चाहिए। उन्होंने मांग की कि कथित रूप से जिम्मेदार सभी प्रभावशाली व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाए तथा पूरे मामले की जांच सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी में कराई जाए। उन्होंने ट्रस्ट की आय, व्यय, भूमि खरीद, निर्माण कार्यों और अन्य वित्तीय लेन-देन का फोरेंसिक ऑडिट कराने की भी मांग उठाई। कांग्रेस नेता ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सूचना के अधिकार के दायरे से बाहर रखना कई सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि जब मामला करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था और उनके धन से जुड़ा है तो ट्रस्ट की कार्यप्रणाली पूरी तरह पारदर्शी होनी चाहिए। कांग्रेस ने वर्तमान ट्रस्ट को भंग कर धर्माचार्यों, प्रशासनिक विशेषज्ञों और स्वतंत्र सदस्यों को शामिल करते हुए नया पारदर्शी ट्रस्ट गठित करने की मांग भी की।



शिमला में पत्रकार वार्ता करते पवन बंसल।

### योजना | अनाथ युवक के जीवन में लौटी उम्मीद, प्रशासनिक निगरानी में बन रहा पक्का घर

# 'मुख्यमंत्री सुखाश्रय' ने रोहित को दिया अपना आशियाना

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना बेसहारा व अनाथ बच्चों के जीवन में उम्मीद, सम्मान और आत्मनिर्भरता की नई कहानी लिख रही है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू की इस महत्वाकांक्षी पहल के तहत 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' को आर्थिक सहायता के साथ सुरक्षित भविष्य का आधार भी मिल रहा है। जिला शिमला में योजना के अंतर्गत 29 लाभार्थियों के लिए स्थायी आवासों का निर्माण तेजी से जारी है।

इसी क्रम में शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत जनोल के गांव कियाना में लाभार्थी रोहित के निर्माणाधीन घर का निरीक्षण उपायुक्त अनुपम कश्यप ने किया और अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ तय समय में निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। रोहित की जिंदगी कठिन संघर्षों से भरी रही। वर्ष 2013 में पिता चुन्नी लाल के निधन के बाद परिवार पर संकट टूट पड़ा। बाद में माता विमला को अनुकंपा के आधार पर नौकरी मिली, लेकिन वर्ष 2019 में उनके निधन के बाद रोहित पूरी तरह अकेले हो गए। वर्ष 2023 में मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के तहत उन्हें 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' का दर्जा मिला। योजना के अंतर्गत उन्हें प्रतिमाह चार हजार रुपये की सहायता के साथ तीन लाख रुपये की आवास सहायता स्वीकृत हुई। इसी सहायता से उनके लिए एक कमरे, रसोईघर और स्नानघर वाला पक्का मकान तैयार किया जा रहा है। वर्तमान में रोहित दिहाड़ी मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं। अक्टूबर 2025 में उनका विवाह हुआ और अब वे एक बच्चे के पिता भी हैं।



निर्माणाधीन आवास का निरीक्षण करते डीसी एवं अन्य अधिकारी।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त अनुपम कश्यप ने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता किए बिना निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होगा, जब प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक सरकार की सुविधाएं समय पर पहुंचें। निरीक्षण के दौरान एसडीएम शिमला ग्रामीण मंजीत शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी ममता पॉल, खंड विकास अधिकारी बृजेश सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। उपायुक्त ने बताया कि जिले में निर्माणाधीन अन्य आवासों का भी नियमित निरीक्षण किया जाएगा तथा सभी सीडीपीओ को प्रत्येक तीन माह में फोटो सहित प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला समागम में प्रेम और ब्रह्मज्ञान का संदेश

**अनंत ज्ञान, गगल।** संत निरंकारी सत्संग भवन, कांगड़ा में आयोजित महिला समागम में प्रचारक महात्मा बहन शिवानी ने सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज का संदेश साझा किया। उन्होंने कहा कि ब्रह्मज्ञान से ही जीवन में स्थिरता, प्रेम और आत्मिक विकास संभव है। समागम का उद्देश्य महिलाओं को अध्यात्म से जोड़कर समाज में शांति और सौहार्द को बढ़ावा देना रहा। नगरोटा सुन्नी, शाहपुर और पौंग पुली की महिलाओं ने भाग लिया। कांगड़ा ब्रांच के महात्मा दीना नाथ सहित अन्य श्रद्धालुओं ने भी सत्संग का आनंद लिया।

### सहोड़ा के लिए एचआरटीसी बस सेवा शुरू



**अनंत ज्ञान, गगल।** वर्षों पुरानी मांग पूरी करते हुए एचआरटीसी के उपाध्यक्ष अजय वर्मा ने सहोड़ा के लिए नई बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि बस सुबह 11 बजे धर्मशाला से गगगल होते हुए करीब 11:30 बजे सहोड़ा पहुंचेगी और वहां से कांगड़ा होते हुए टांडा जाएगी। उन्होंने कहा कि इस सेवा से ग्रामीणों को बड़ी सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में कृषि उपज मंडी अध्यक्ष निशु मोंगरा, महाप्रबंधक पंकज चड्ढा, पंचायत प्रतिनिधि और कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।
महर्षि विद्या मंदिर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण

### महर्षि विद्या मंदिर खटेहड़ में किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान, गगल।** 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य अरुण कुमार शर्मा की अध्यक्षता में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने विद्यालय परिसर में औषधीय, फलदार व छायादार पौधे लगाए। प्रधानाचार्य ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी नियमित देखभाल करनी चाहिए तथा दूसरों को भी इस अभियान से जोड़ने का आह्वान किया।

### जयकारों से गूंजा परागपुर का राधा-कृष्ण मंदिर

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** परागपुर के राधा-कृष्ण मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथावाचक वीरेंद्र गर्ग शास्त्री ने भगवान के नाम स्मरण और अटूट श्रद्धा का महत्व बताया। उन्होंने गज-ग्राह और राजा अमरीश की कथा के माध्यम से भक्ति का संदेश दिया। कृष्ण जन्मोत्सव प्रसंग के दौरान मंदिर परिसर जयकारों से गूंज उठा और भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु कथा में शामिल हुए।

### आईटीआई बालकरूपी में 15 को होंगे इंटरव्यू

**अनंत ज्ञान, नरेंद्र डोगरा, जयसिंहपुर।** आईटीआई बालकरूपी में 15 जुलाई को गुजरात की प्रतिष्ठित कंपनी सुजुकी मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड की ओर से कैंपस इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। आईटीआई ट्रेडों से प्रशिक्षित 18 से 26 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं का चयन किया जाएगा। आईटीआई के प्रधानाचार्य सुनील कुमार ने बताया कि कैंपस इंटरव्यू में मोटर मैकेनिक, डीजल मैकेनिक, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, वैल्डर, टर्नर, मशीनिस्ट, वायरमैन, शीट मैटल तथा टूल एंड डाई मेकर पेंटर प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपरेटर विभिन्न ट्रेडों के अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को 28,300 रुपए मासिक सीटीसी तथा 21,000 रुपए प्रतिमाह अप्रेंटिस स्टाइपैंड दिया जाएगा। इसके अलावा कंपनी की ओर से भोजन, छात्रावास, यूनिफॉर्म और अन्य आवश्यक सुविधाएं भी प्रदान करेंगी।

### मोल खड्ड बचाओ अभियान के तहत क्रमिक अनशन आज

**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत सन्हूं में मोल खड्ड बचाओ अभियान के तहत 12 जुलाई को एक दिवसीय क्रमिक अनशन आयोजित किया जाएगा। स्थानीय निवासी संजय सिंह राणा ने बताया कि अभियान के दौरान पंचायत प्रधान के माध्यम से प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसमें मोल खड्ड संरक्षण, जल स्रोतों की सुरक्षा और पर्यावरण बचाने की मांग उठाई जाएगी। ग्रामीणों से अभियान में अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है।

### चतैड़ पंचायत की पहली ग्राम सभा बैठक कल

**अनंत ज्ञान, मनोज चंदेल, योल।** विकास खंड धर्मशाला के अंतर्गत नवगठित ग्राम पंचायत चतैड़ की पहली ग्राम सभा बैठक 13 जुलाई को आयोजित होगी। पंचायत प्रधान रानी देवी ने सभी मतदाताओं और ग्रामीणों से बैठक में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा में पंचायत विकास से जुड़े मुद्दों और प्रस्तावों पर चर्चा की जाएगी। सभी निर्णय ग्रामीणों की राय और सामूहिक सहमति से लिए जाएंगे, ताकि पंचायत के विकास की मजबूत नींव रखी जा सके।

### सुरेंद बने सहकारी सभा के कार्यकारी के प्रदेशाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, गरली।** देहरा विधानसभा क्षेत्र के सुरेंद्र सिंह ठाकुर को हिमाचल प्रदेश सहकारी सभा का कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वह करियाडा सहकारी सभा समिति और देहरा ब्लॉक सहकारी सभा संघ से जुड़े हैं। यह निर्णय पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विजय शर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। सुरेंद्र सिंह ठाकुर ने इसे देहरा क्षेत्र और सहकारिता से जुड़े कार्यकर्ताओं का सम्मान बताया तथा सहकारी संस्थाओं को मजबूत करने का संकल्प लिया।

### नरेंद्र व करनदीप का थल सेना कैंप के लिए चयन



**अनंत ज्ञान, परागपुर।** राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला प्रागपुर के एनसीसी कैडेट्स नरेंद्र कुमार और करनदीप का चयन रोपड़ में आयोजित होने वाले थल सेना कैंप के लिए हुआ है। दोनों कैडेट्स 22 राइफल फायरिंग प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश की शिमला ग्रुप टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। एनसीसी अधिकारी विवेक शर्मा ने बताया कि कैडेट्स ने 50 दिनों के प्रशिक्षण और कठिन चयन प्रक्रिया के बाद यह उपलब्धि हासिल की। विद्यालय ने दोनों को बधाई दी।

# शिवा प्रोजेक्ट के तहत 13 ब्लॉकों में डेढ़ लाख पौधरोपण का लक्ष्य

## सिट्रस, अमरूद के साथ पहली बार विकसित होंगे आम के क्लस्टर, बागवानी विभाग ने कसी कमर



नर्सरी में तैयार किए गए फलदार पौधे। अनंत ज्ञान



-डॉ. अलक्ष पठानिया।

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** प्रदेश सरकार के शिवा प्रोजेक्ट के तहत जिला कांगड़ा के 13 ब्लॉकों में इस वर्ष करीब डेढ़ लाख पौधों के रोपण का लक्ष्य रखा गया है।

परियोजना के अंतर्गत सिट्रस और अमरूद के साथ पहली बार आम के क्लस्टर भी विकसित किए जाएंगे। बरसात के दौरान बागवानी विभाग ने फलदार पौधे रोपित करने हेतू कमर कस ली है तथा विभागीय गतिविधियां रफ्तार पकड़ने लगी हैं। किसानों और बागवानों को उन्नत किस्म के पौधे उपलब्ध कराने के साथ-साथ शिवा प्रोजेक्ट के तहत विभिन्न क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर क्लस्टर आधारित पौधरोपण किया जाएगा। विभाग का उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ जिले में फल उत्पादन को नई दिशा देना है।

अनंत ज्ञान मुलाकात जो बदले हालात

### 60 हजार फलदार पौधे तैयार

**डॉ. अलक्ष पठानिया**, उप निदेशक उद्यान विभाग जिला कांगड़ा ने बताया कि बरसात का मौसम कांगड़ा में पौधरोपण का मुख्य सीजन होता है और विभाग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस वर्ष किसानों और बागवानों के लिए करीब 60 हजार फलदार पौधे तैयार किए गए हैं। इनमें आम, लीची, अमरूद, अनार, जामुन तथा नींबू, गलगल और माल्टा सहित विभिन्न सिट्रस प्रजातियों के पौधे शामिल हैं। इन पौधों की बिक्री जल्द शुरू होगी और इन्हें विभाग के ब्लॉक स्तर के कार्यालयों के माध्यम से किसानों को उपलब्ध कराया जाएगा। बकौल डॉ. अलक्ष, फतेहपुर, इंदौरा और नूरपुर क्षेत्रों में किसानों की मांग को देखते हुए आम्रपाली, मल्लिका, पूसा अरुणिमा, अरुणिका, अंबिका और पूसा श्रेष्ठा जैसी उन्नत किस्मों के आम के पौधे लगाए जाएंगे। इसके लिए पौधों की खरीद प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और संबंधित नर्सरियों को आपूर्ति आदेश जारी कर दिए गए हैं।

### 40-50 हेक्टेयर क्षेत्र होगा कवर

**डॉ. पठानिया** ने बताया कि सामान्य पौधरोपण कार्यक्रम के तहत इस वर्ष लगभग 40 से 50 हेक्टेयर क्षेत्र को कवर किया जाएगा, जबकि शिवा प्रोजेक्ट के अंतर्गत करीब 140 हेक्टेयर क्षेत्र में पौधरोपण किया जाएगा। उन्होंने किसानों से मानसून सीजन का लाभ उठाकर विभाग से उन्नत किस्म के फलदार पौधे प्राप्त करने और वैज्ञानिक तरीके से बागवानी अपनाने की अपील की।

# 2030 तक प्रदेश के वन आवरण को 30 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश सरकार ने वर्ष 2030 तक वन आवरण को 30 प्रतिशत तक बढ़ाने के उद्देश्य से राजीव गांधी वन संवर्धन योजना शुरू की है। यह योजना पौधरोपण के साथ पर्यावरण संरक्षण, जनभागीदारी और ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा दे रही है। योजना के तहत महिला मंडलों, युवक मंडलों, स्वयं सहायता समूहों और सामुदायिक संगठनों को खाली एवं बंजर वन भूमि पर पौधरोपण और संरक्षण की जिम्मेदारी दी गई है। पौधरोपण व रखरखाव के लिए 1.20 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर सहायता प्रदान की जाती है। पौधों की बेहतर जीवित दर पर अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है।

**दो हेक्टेयर से लैंटाना हटाकर रोपे 1600 पौधे :** धर्मशाला के समीप घुरकड़ी की स्वयं सहायता समूह ओम नमो नारायण की प्रधान आशा देवी तथा समूह की सदस्या अनीता कुमारी, अरुणा कुमारी, पुष्पा देवी,

### 28 हेक्टेयर में रोपे 22 हजार पौधे : डीएफओ

**वन** मंडल अधिकारी धर्मशाला अमित कुमार ने बताया कि राजीव गांधी वन संवर्धन योजना प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी पहल है। इसके तहत वर्ष 2030 तक हिमाचल के वन आवरण को 28 प्रतिशत से बढ़ाकर 30 प्रतिशत करने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष धर्मशाला वन मंडल में 28 हेक्टेयर क्षेत्र में करीब 22,000 पौधे लगाए गए। इस वर्ष भी लगभग 3,000 महिलाओं सहित बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी की उम्मीद है।

अनीता देवी, शांति देवी और प्रियंका ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया किया कि दो हेक्टेयर क्षेत्र में फैली लैंटाना की झाड़ियों को हटाकर भूमि को तैयार किया, बाड़बंदी की तथा स्थानीय प्रजातियों के 1,600 से अधिक पौधे रोपित किए। निरंतर प्रयासों से 1,600 से अधिक पौधे सुरक्षित हैं और स्वस्थ रूप से विकसित हो रहे हैं।

# शिक्षा बोर्ड ने जारी की टेट जून 2026 की 'अस्थायी उत्तर कुंजी'

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला ने जून-2026 में आयोजित विभिन्न अध्यापक पात्रता परीक्षाओं (टेट) की अस्थायी उत्तर कुंजी अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए उत्तर कुंजी को सीरीज ए, बी, सी, डी के प्रारूप में जारी किया गया है। इसके अंतर्गत निम्नलिखित विषयों की परीक्षाएं शामिल हैं। स्पेशल एजुकेटर टीईटी (प्री-प्राइमरी से कक्षा-5 एवं कक्षा 6 से 12), टीजीटी (आर्ट्स, मेडिकल, नॉन-मेडिकल, संस्कृत, हिंदी), जेबीटी, पंजाबी टीईटी और उर्दू टीईटी आपत्ति दर्ज करने की अंतिम तिथि 16 जुलाई है। यदि किसी अभ्यर्थी को बोर्ड द्वारा जारी किए गए किसी उत्तर पर संदेह है, तो वे इसके खिलाफ अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। डॉ. शर्मा ने बताया कि आपत्तियां दर्ज कराने की अंतिम तिथि 16 जुलाई, 2026 तय की गई है। अभ्यर्थी अपनी आपत्तियां प्रामाणिक तथ्यों और संबंधित संदर्भ पुस्तकों के साक्ष्यों के साथ बोर्ड की ई-मेल आईडी पर भेज सकते हैं। इसके अलावा, उम्मीदवार कार्य दिवसों में व्यक्तिगत रूप से आकर या डाक के माध्यम से भी बोर्ड कार्यालय में अपनी आपत्तियां जमा करवा सकते हैं। डाक से भेजे गए पत्र 16 जुलाई को शाम 5:00 बजे तक बोर्ड कार्यालय पहुंच जाने चाहिए। बिना प्रमाणित तथ्यों और प्रामाणिक साक्ष्यों के प्राप्त होने वाली किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। 16 जुलाई के बाद प्राप्त होने वाली किसी भी मौखिक अथवा लिखित आपत्ति को सिरे से खारिज कर दिया जाएगा।

◆ **16 जुलाई शाम 5 बजे तक साक्ष्यों के साथ दर्ज कराएं अपनी आपत्तियां**

# इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सकों ने अपनी मांगों को लेकर केंद्र सरकार को भेजा ज्ञापन



सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज को ज्ञापन सौंपता इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सक संघ। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सक संघ ने प्रदेशाध्यक्ष डॉ. रवि कुमार रबिसन के नेतृत्व में चंबा-कांगड़ा लोकसभा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा और कहा कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा मान्यता प्रदान करने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा गठित समिति की सिफारिशों को जल्द लागू किया जाए, ताकि देश में प्राइवेट प्रैक्टिस करने वाले लाखों चिकित्सकों को राहत मिले।

इस पर डॉ. राजीव भारद्वाज ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी एक हर्बल औषधि विज्ञान है, जो कई दशकों से लोगों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समाधान कर रहा है। उन्होंने आश्वस्त करते हुए कहा कि इस बारे में मैं व्यक्तिगत तौर पर प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से चर्चा करूंगा और जल्द ही इस विषय पर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने बताया कि भारत में आयुर्वेद से संबंधित विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों के विकास और विस्तार के लिए भारत सरकार बचनबद्ध है। इस अवसर पर राज्य संयोजक सुरेंद्र ठाकुर, महामंत्री सत्य प्रकाश, सचिव प्रवीण कौंडल और हेडा सलाहकार समिति के समन्वयक डॉ. उत्तम आदि उपस्थित रहे।

# टीजीटी कला संघ ने शिक्षकों के युक्तिकरण के लिए नए नियम बनाने की मांग उठाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय टीजीटी कला संघ हिमाचल प्रदेश ने शिक्षा विभाग से शिक्षकों के युक्तिकरण के लिए नए मापदंड जल्द तैयार करने की मांग की है। संघ के प्रदेश महासचिव विजय हीर ने कहा कि वर्ष 2003 में बने पुराने नियम वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार प्रासंगिक नहीं रह गए हैं। उन्होंने कहा कि विभाग युक्तिकरण की बात कर रहा है, लेकिन नए नियम अधिसूचित न होने के कारण कई स्कूलों में शिक्षकों की कमी और अधिकता दोनों स्थितियां बनी हुई हैं। संघ ने सुझाव दिया कि यू-डाइज आधारित नामांकन आंकड़ों को आधार बनाकर प्रवक्ता और टीजीटी के युक्तिकरण की नीति तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों में आरटीई एक्ट और नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षक-विद्यार्थी अनुपात के आधार पर व्यवस्था लागू की गई है। विजय हीर ने बताया कि शिक्षा विभाग में करीब 12 हजार पद रिक्त हैं और लगभग दो हजार शिक्षक पदोन्नति की प्रतीक्षा में हैं। उन्होंने कहा कि लंबित भर्तियां और पदोन्नतियां पूरी होने के बाद युक्तिकरण की आवश्यकता काफी कम रह जाएगी। संघ ने सरकारी स्कूलों को बचाने के लिए ठोस योजना बनाने की भी मांग की। उन्होंने नीति आयोग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि देशभर में सरकारी स्कूलों की संख्या में कमी चिंता का विषय है और हिमाचल में भी इस दिशा में प्रभावी कदम उठाने की जरूरत है।

# कांगड़ा प्रशासन की करतूत, 29 साल तक निजी होटल का किया मुफ्त प्रचार

अनंत ज्ञान

**प्रवेश शर्मा, परागपुर।** जिला कांगड़ा प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट पर पिछले 29 वर्षों से जारी प्रशासनिक भ्रष्टाचार और घोर लापरवाही का एक शर्मनाक चेहरा बेनकाब हुआ है।

जिला प्रशासन ने अपनी वेबसाइट पर धरोहर गांव परागपुर के नाम का इस्तेमाल कर गढ़ पटवार वृत्त में स्थित एक निजी तीन-सितारा होटल और बुटेल हवेली की तस्वीरें लगाकर उसका मुफ्त प्रचार किया। यह न केवल पर्यटकों के साथ सरासर धोखाधड़ी थी, बल्कि सरकारी तंत्र के दुरुपयोग और निजी स्वार्थ की मिलीभगत का एक जीवंत प्रमाण भी है। इस घपले का भंडाफोड़ 5 मई को 'समाचार अनंत ज्ञान' समाचार पत्र ने अत्यंत प्रमुखता के साथ किया। अखबार ने 'धरोहर गांव परागपुर पर सरकारी वेबसाइट में गड़बड़ी, भ्रामक जानकारी उजागर' शीर्षक से रिपोर्ट प्रकाशित कर प्रशासन की पोल खोली। खबर के प्रकाशित होते ही प्रशासनिक गलियारों में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में वेबसाइट से न केवल वे तस्वीरें हटाई गईं, बल्कि बिना किसी ठोस प्रमाण के 'भारत का प्रथम धरोहर गांव' होने का झूठा दावा भी चुपचाप डिलीट कर दिया गया।

स्थानीय निवासी ने विजिलेंस को दी गई अपनी शिकायत में उन अधिकारियों को कटघरे में खड़ा किया है, जिन्होंने तीन दशकों तक अपनी आंखे मूंदकर इस निजी व्यवसाय को सरकारी खजाने के नाम पर संरक्षण दिया।सवाल यह है कि जनता के टैक्स के पैसों से बनी आधिकारिक वेबसाइट क्या निजी होटलों की दलाली करने के लिए है? यह मामला अब सीएम हेल्पलाइन से होते हुए एएसपी विजिलेंस ब्रह्मदास भाटिया के पास पहुंच चुका है।आम जनता अब उम्मीद कर रही है कि 29 साल तक सरकारी नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले उन सफेदपोशों पर विजिलेंस का डंडा चलेगा, जिन्होंने अपनी कुर्सी का उपयोग कर निजी व्यापार को फायदा पहुंचाया और विश्वासघात की हदें पार कर दी।



धरोहर परागपुर पर सरकारी वेबसाइट में गड़बड़ी, भ्रामक जानकारी उजागर
पर्यटन विभाग को दरकिनार कर प्रशासन ने परोसी गलत भ्रामक जानकारी

अनंत ज्ञान इंपैक्ट

अनंत ज्ञान में प्रकाशित समाचार।

# दिल्ली दूरदर्शन की महानिदेशक ममता से मिला प्रतिनिधिमंडल

अनंत ज्ञान

**नगरोटा बगवां।** शिमला से संबंध रखने वाली भारतीय सूचना सेवा की वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ममता वर्मा के दिल्ली दूरदर्शन (डीडी न्यूज) के महानिदेशक पद पर नियुक्त होने से हिमाचल प्रदेश में हर्ष एवं गौरव का वातावरण है। यह प्रतिष्ठित दायित्व डीडी न्यूज की संपूर्ण संपादकीय एवं प्रशासनिक व्यवस्था के नेतृत्व से जुड़ा हुआ है।

इससे पहले वह भारत सरकार के पंचायतीराज मंत्रालय में सयुंक्त सचिव के महत्वपूर्ण दायित्व को संभाल रही थीं। इस अवसर पर दिल्ली में रह रहे हिमाचलियों की सामाजिक संस्थायों के प्रतिनिधिमंडल ने ममता वर्मा से शिष्टाचार भेंटकर उन्हें पारंपरिक हिमाचली टोपी, मां ज्वालामुखी जी का चित्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि ममता वर्मा की यह उपलब्धि केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि समूचे हिमाचल प्रदेश के लिए गर्व का विषय है।

उनका उत्कृष्ट प्रशासनिक अनुभव और दूरदर्शी नेतृत्व निश्चित रूप से डीडी न्यूज को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रतिनिधिमंडल में हिमाचल पालमपुर सुधार सभा के अध्यक्ष विजय डोगरा, ज्वालामुखी विकास सभा के महासचिव राकेश चंद्र, हिमाचल कल्याण सभा के सचिव राजेंद्र ठाकुर, एवं समाजसेवी योगेंद्र शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।




ममता वर्मा से मिलता प्रतिनिधिमंडल। अनंत ज्ञान

**परेशानी** मैक्लोडगंज की खूबसूरती पर बदहाल सड़क और जाम का ग्रहण, पर्यटकों में नाराजगी

# मैक्लोडगंज की टूटी सड़कें और ट्रैफिक जाम से पर्यटक परेशान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला-मैक्लोडगंज मार्ग की बदहाल स्थिति और लगातार लगने वाले ट्रैफिक जाम की परेशानी से पर्यटक दो-चार हो रहे हैं। हालांकि पर्यटक, मैक्लोडगंज की प्राकृतिक सुंदरता और सुहावने मौसम की जमकर सराहना कर रहे हैं, लेकिन टूटी सड़कें, गहरे गड्ढे और जाम उनकी यात्रा का अनुभव खराब कर रहे हैं। जिला प्रशासन ने भी माना है कि सड़कों का कुछ हिस्सा खराब है, लेकिन उसमें सुधार किया जा रहा है। वहीं, पर्यटकों का कहना है कि सड़क व्यवस्था अच्छी हो तो जाम नहीं लगेगा और वे भी अच्छा अनुभव लेकर जाएंगे।





मैक्लोडगंज के मुख्य चौक पर घूमते पर्यटक। अनंत ज्ञान

### डीसी बोले- कुछ हिस्से खराब, तेजी से चल रहा सुधार कार्य



**डीसी** कांगड़ा हेमराज बैरवा ने कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों की भौगोलिक परिस्थितियों और भूस्खलन जैसी प्राकृतिक चुनौतियों के कारण कुछ सड़कें क्षतिग्रस्त होती हैं, लेकिन इससे कांगड़ा के टूरिज्म कैपिटल बनने के विजन पर सवाल नहीं उठाया जा सकता। उन्होंने स्वीकार किया कि कुछ सड़कें खराब हैं, लेकिन जिले की अधिकांश सड़कें बेहतर और यातायात योग्य हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग और अन्य संबंधित एजेंसियां क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत में जुटी हैं। धर्मशाला बाईपास, मैक्लोडगंज मार्ग और अन्य प्रभावित हिस्सों में मरम्मत का कार्य तेजी से चल रहा है।

### संकरी सड़कों व ट्रैफिक की परेशानी : नेहा



**जम्मू** से आई पर्यटक नेहा ने कहा कि धर्मशाला और मैक्लोडगंज का मौसम और माहौल बेहद शानदार है, लेकिन संकरी सड़कों और ट्रैफिक के कारण सफर काफी परेशान करने वाला हो जाता है। उन्होंने बताया कि इस बार भीड़ अपेक्षाकृत कम है, जिससे घूमने में आसानी रही।

### सड़क, ट्रैफिक प्रबंधन सुधार की जरूरत : रुचि



**रुची** ने कहा कि धर्मकोट का मौसम बेहद मनमोहक है, लेकिन गल्लू देवी मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग पर भूस्खलन और कीचड़ के कारण काफी परेशानी हुई। उनका कहना था कि पर्यटन स्थलों पर ट्रैफिक प्रबंधन और सड़क व्यवस्था को और बेहतर बनाने की जरूरत है।

# भवारना क्षेत्र में पीलिया के मामलों पर विधायक परमार ने जताई चिंता, जांच के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र के भवारना और आसपास के क्षेत्रों में पीलिया के बढ़ते मामलों को लेकर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक विपिन सिंह परमार ने चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि एक ही क्षेत्र में 25 से अधिक लोगों के प्रभावित होने की सूचना गंभीर विषय है, जिसमें स्कूली बच्चों के भी शामिल होने की बात सामने आ रही है। विधायक ने कहा कि यदि दूषित पेयजल के कारण संक्रमण फैला है तो इसकी वैज्ञानिक और निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने सरकार और संबंधित विभागों से प्रभावित क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, जल स्रोतों की जांच, क्लोरीनेशन और स्वास्थ्य शिविर लगाने की मांग की। उन्होंने बीएमओ भवारना और जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखने, मरीजों को उपचार उपलब्ध करवाने और पेयजल स्रोतों की जांच के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनस्वास्थ्य से किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बीएमओ भवारना डॉ. नवीन राणा ने बताया कि बरसात के दौरान ऐसे मामले सामने आ सकते हैं। प्रारंभिक जांच में दूषित पेयजल संक्रमण का संभावित कारण लग रहा है। स्वास्थ्य टीमें निगरानी कर रही हैं और पानी के नमूनों की जांच करवाई जा रही है। उन्होंने लोगों से स्वच्छ या उबला पानी पीने और लक्षण दिखने पर तुरंत स्वास्थ्य केंद्र जाने की अपील की।

# बाबा कांशी राम महाविद्यालय डाडासीबा में मनाई गई 'पहाड़ी गांधी' बाबा कांशी राम की जयंती



**अनंत ज्ञान, पिंकी, डाडासीबा।** 'पहाड़ी गांधी' के नाम से प्रसिद्ध महान स्वतंत्रता सेनानी एवं राष्ट्रकवि बाबा कांशी राम की जयंती पर बाबा कांशी राम राजकीय महाविद्यालय डाडासीबा में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उनके पौत्र विनोद शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बाबा कांशी राम के जीवन, स्वतंत्रता संग्राम में योगदान और साहित्यिक विरासत पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाबा कांशी राम सादगी, त्याग और नम्रता के प्रतीक थे, जिन्होंने अपना जीवन देश सेवा और समाज कल्याण के लिए समर्पित किया। उन्होंने बताया कि उनकी देशभक्ति से ओतप्रोत कविताओं और राष्ट्रसेवा के लिए सरोजिनी नायडू ने उन्हें 'बुलबुल-ए-पहाड़' की उपाधि दी थी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने बाबा कांशी राम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रो. जतिंदर कुमार, देविंदर सिंह, राम पाल, खेम चंद, शीतल देवी, पलक सिंह, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष अंजना सहित अन्य उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### चारदीवारी निर्माण को लेकर सौंपा ज्ञापन



अनंत ज्ञान, सुजानपुर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जंगल बैरी की नवनिर्वाचित स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) के अध्यक्ष अनिल धीमान और सदस्य अरुण वालिया ने विधायक कैप्टन रणजीत सिंह राणा से मुलाकात कर विद्यालय की चारदीवारी निर्माण की मांग का ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि चारदीवारी न होने से विद्यार्थियों की सुरक्षा प्रभावित होती है। विधायक ने मांग को गंभीरता से लेते हुए निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करवाने का आश्वासन दिया।

### विद्यार्थियों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

अनंत ज्ञान, जाहू। वन महोत्सव सप्ताह-2026 के तहत वन विभाग भरेड़ी ने 'पृथ्वी का उपचार-हरित भविष्य की ओर' थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया। टिक्करी घुरौला में डीएवी पब्लिक स्कूल लझयाणी के विद्यार्थियों ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधे लगाए। वन अधिकारियों ने पौधों की देखभाल और पर्यावरण संरक्षण की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने लगाए गए पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया। प्रधानाचार्य सुनील ठाकुर ने अभियान को प्रेरणादायी बताया।

### सीएचसी धनेटा को दी 20 कुर्सियां, एक ऑक्सीजन सिलेंडर



अनंत ज्ञान, धनेटा। अपराध नियंत्रण एवं समाज सुधार संगठन धनेटा की ओर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनेटा में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार गुलेरिया की अध्यक्षता में स्वास्थ्य केंद्र के लिए 20 कुर्सियां एक ऑक्सीजन सिलेंडर उपलब्ध कराया गया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल कुमार गुलेरिया ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र में इन वस्तुओं को देने का मुख्य उद्देश्य आने वाले मरीजों के लिए उचित सुविधा उपलब्ध करवाना है। इस मौके पर विजय शर्मा, रमेश चंद, संतोष शर्मा, लक्की, देशराज इत्यादि लोग मौजूद रहे।

### फस्टे पंचायत ने बधाई राशि 3100 रुपए तय की

अनंत ज्ञान, बड़ा। उपमंडल नदौन की ग्राम पंचायत फस्टे ने बेटे की शादी और शिशु जन्म पर किन्नर समाज को दी जाने वाली बधाई राशि 3100 रुपये निर्धारित कर दी है। पंचायत प्रधान राजेश कुमार ने बताया कि ग्रामीणों की मांग पर पंचायत में प्रस्ताव पारित किया गया। उन्होंने कहा कि अधिक राशि की मांग से कई परिवार परेशान थे। पंचायत के इस निर्णय की स्थानीय लोगों और बुद्धिजीवी वर्ग ने सराहना की है।

### सुजानपुर कॉलेज में स्नातकोत्तर प्रवेश प्रक्रिया शुरू

अनंत ज्ञान, सुजानपुर। राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए अंग्रेजी और अर्थशास्त्र विषयों की स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्राचार्य डॉ. विमा ठाकुर ने बताया कि विद्यार्थी 11 जुलाई से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होगी और आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने होंगे। विद्यार्थियों को समय पर आवेदन करने तथा किसी भी सहायता के लिए महाविद्यालय के प्रवेश केंद्र से संपर्क करने की सलाह दी गई है।

### लैब टेक्नीशियन, ओटीए व रेडियोग्राफर के पद बढ़ाए

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग ने मेडिकल लैब टेक्नीशियन ग्रेड-2, ऑपरेशन थिएटर असिस्टेंट और रेडियोग्राफर पदों के लिए नए उम्मीदवारों को आवेदन का अवसर दिया है। सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि आयोग पोर्टल 11 जुलाई सुबह 10 बजे से 25 जुलाई रात 11:59 बजे तक खुला रहेगा। तीनों श्रेणियों में अतिरिक्त पद जोड़े गए हैं। पहले आवेदन कर चुके अभ्यर्थियों को दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

### बीबीएन कॉलेज चकमोह के विकास के लिए सौंपा ज्ञापन



अनंत ज्ञान ब्यूरो हमीरपुर/बड़सर। ग्राम पंचायत चकमोह ने बाबा बालक नाथ महाविद्यालय के विकास, नए प्रोफेशनल पाठ्यक्रम शुरू करने और भूमि हस्तांतरण के समय किए गए वादों को पूरा करने की मांग को लेकर प्राचार्य के माध्यम से ट्रस्ट प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। पंचायत ने एमए हिंदी, एमए संस्कृत, बीएड सहित रोजगारपरक कोर्स शुरू करने और नियुक्तियों में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देने की मांग रखी। पंचायत ने एक सप्ताह में कार्यवाही न मिलने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

### हिंद संग्राम परिषद प्रदेश इकाई का चुनाव 19 को

अनंत ज्ञान, नादौन। हिंद संग्राम परिषद हिमाचल प्रदेश इकाई की बैठक राजेंद्रा पैलेस नादौन में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित वासुदेव शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संस्था की गतिविधियों, इकाइयों की कार्यप्रणाली और प्रदेश इकाई के चुनाव को लेकर चर्चा की गई। महासचिव बीडी कौशल ने बताया कि 17 जुलाई को प्रदेश इकाई का चुनाव होगा। चुनाव के बाद बच्चों और बेसहारा लोगों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

### माकपा ने किसान की समस्या पर उठाई आवाज

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) जिला कमेटी की बैठक में जनसमस्याओं को लेकर अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। पार्टी ने यूरिया संकट, मक्की की फसल में फाल वर्म बीमारी से हुए नुकसान पर सरकार से राहत की मांग की। बैठक में आवारा पशुओं और कुत्तों की बढ़ती समस्या पर चिंता जताते हुए प्रशासन से समाधान की मांग की गई। इस अवसर पर डॉ. कश्मीर ठाकुर, जोगिंदर कुमार और प्रताप राणा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# हमीरपुर भी बन रहा 'मछली उत्पादन का जिला'

## नई तकनीक से हो रहा बेहतर उत्पादन; नवंबर तक सात नए पाउंडस होंगे तैयार, 586 परिवार मत्स्य पालन को दे रहे बढ़ोतरी

अनंत ज्ञान

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर। क्षेत्रफल के हिसाब से सूबे के अन्य जिलों के मुकाबले में भले ही हमीरपुर जिला छोटा हो, लेकिन आने वाले कुछ समय में यदि मछली उत्पादन में अपना नाम 'अव्वल' बना ले, तो फिर इसमें कोई 'अतिशयोक्ति' नहीं होनी चाहिए। क्योंकि 'रिवर बेड' क्षेत्र में तो उत्पादन अब बेहतर होने ही लगा है, अन्य क्षेत्रों में भी कच्चे और पक्के पाउंड्स के जरिए लोग इस कारोबार में अब अच्छा पैसा कमाने लगे हैं। कारण यह है कि जलवायु के हिसाब से भी हमीरपुर जिले में मछली का स्वाद दूसरे क्षेत्रों में होने वाले उत्पादन को मात दे रहा है है, गुणवत्ता में भी मुकाबले पर खरा उतर रहा है।

हमीरपुर जिले में कहां-कहां क्या कुछ हो रहा है, कितने परिवार इस कारोबार से जुड़ गए हैं। इन



-अजय कुलदीप शर्मा, मत्स्य अधिकारी हमीरपुर।

अनंत ज्ञान मुलाकात जो बदले हालात

सभी सवालों का जवाब लेने के लिए 'अनंत ज्ञान' ने हमीरपुर के हथली खड्ड के पास स्थित जिला मत्स्य वरिष्ठ अधिकारी अजय कुलदीप शर्मा से कई मुद्दों पर बात की, पेश हैं उसके कुछ अंश-

हमीरपुर जिले में एक बात तो जाहिर है कि अब मत्स्य पालन में जो यहां का उत्पादन है वह 710 मीट्रिक टन को पार कर गया था, यह आंकड़ा पिछले साल का है। इस साल इसमें और बढ़ोतरी होने वाली है। प्रोटीन के हिसाब से मछली हमेशा व्यक्ति की सेहत को बेहतर बनाती है और डाइजेशन के लिए भी अन्य वेजीटेरियन चीजों से आसान रहती है। इसे पचाने की प्रक्रिया भी आसान है। इसीलिए मछली, व्यक्ति को जो उसे रोजाना चाहिए है, उसे भरपूर देने में कामयाब है।

जिला मत्स्य अधिकारी अजय कुलदीप का कहना है कि मछली के उत्पादन में साइंस की डेवलपमेंट भी शामिल कर ली गई है। इसी वजह से पहले जो दिक्कतें होती थीं उनका अब निवारण आसानी से होता है। 'कम पानी-कम स्पेस' में भी बेहतर उत्पादन और अच्छी आधुनिक तकनीक से हो रहा है।

### केंद्र व राज्य सरकार की योजनाएं बनीं सहारा

जिले में मत्स्य पालन को प्रोत्साहन देने के लिए केंद्र और राज्य सरकार की दो प्रमुख योजनाएं प्रभावी रूप से संचालित की जा रही हैं। इनमें प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत लगभग 83 लाख रुपये का बजट प्राप्त हुआ है। इस योजना में 90 प्रतिशत वित्तीय सहायता केंद्र सरकार तथा 10 प्रतिशत योगदान हिमाचल प्रदेश सरकार का होता है। अधिकारियों के अनुसार योजना का बजट आवश्यकता और स्वीकृति के आधार पर समय-समय पर बढ़ या घट सकता है। इसके अलावा राज्य सरकार की मुख्यमंत्री मत्स्य योजना के तहत भी हर वर्ष बजट उपलब्ध कराया जाता है। इस वर्ष इस योजना में लगभग 5 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। योजनाओं के अंतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग और महिला लाभार्थियों को 60 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाता है, जबकि सामान्य वर्ग के पात्र लाभार्थियों को 40 प्रतिशत सरकारी सहायता प्रदान की जाती है। इन योजनाओं के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं और जिले में मत्स्य उत्पादन का नेटवर्क लगातार मजबूत हो रहा है। विभाग का अनुमान है कि नवंबर तक आधा दर्जन से अधिक नए फिश पॉंड तैयार हो जाएंगे, जिससे उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। रैल क्षेत्र के पास दुनी चंद द्वारा तैयार किया जा रहा फिश पॉंड इस दिशा में एक महत्वपूर्ण परियोजना माना जा रहा है।

अभी जो जिला में विस्तार किया गया है, उसके रिजल्ट्स अगले दो-तीन सालों में बहुत अच्छे से आने वाले हैं।

### जिले में 586 लोग इस कारोबार से जुड़े

जिले में लगभग 586 लोग इस कारोबार से जुड़े हुए हैं। नादौन से लेकर सुजानपुर इलाके के पलाही क्षेत्र में भी रिवर बेड का किनारा काफी महत्वपूर्ण बन चुका है। कच्चे और पक्के पाउंड्स तैयार हो रहे हैं। अभी जिले में तीन हेक्टेयर में 52 पाउंड्स हैं। जहां पानी की दिक्कत है, वहां अब 50 लोगों ने बोरवेल के पानी से मछली उत्पादन का जिम्मा भी संभाला है। वरिष्ठ मत्स्य अधिकारी का कहना था कि वे पिछले दो-तीन सालों में यहां जिस दिलचस्पी के साथ लोगों को मत्स्य पालन के लिए प्रेरित कर रहे हैं और सरकार की योजनाओं को अमलीजामा पहनाने में लगे हुए हैं। उसके रिजल्ट जब अच्छे आ रहे हैं, तो यह अनुमान लगाना कि आने वाले दो-तीन सालों में हमीरपुर जिला मछली उत्पादन में बहुत बेहतर हो जाएगा, इसमें कोई शंका नहीं है।

## वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर सम्मानित करेगी भाजपा



जिला हमीरपुर की मासिक बैठक में लिया फैसला। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

बड़सर। भारतीय जनता पार्टी जिला हमीरपुर की मासिक बैठक बड़सर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने की। यह बैठक दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग के सफल समापन के बाद आयोजित हुई। इसमें जिला प्रभारी एवं प्रदेश सचिव अमित ठाकुर, सह-प्रभारी प्रियव्रत शर्मा, जिला पदाधिकारी, मोर्चों व प्रकोष्ठों के अध्यक्ष-संयोजक तथा जिले के 10 मंडलों के अध्यक्ष उपस्थित रहे।

बैठक में निर्णय लिया कि भाजपा के विस्तार में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले 80 के दशक के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को उनके घर जाकर सम्मानित किया जाएगा। पार्टी ने कहा कि शुरुआती दौर में इन कार्यकर्ताओं ने कठिन परिस्थितियों में संगठन को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई थी। उनके त्याग, संघर्ष और निष्ठा को सम्मान देना संगठन का दायित्व है। बैठक में संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करते हुए हाल में हुए कार्यक्रमों की समीक्षा की गई और आगामी गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की गई। बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं से निरंतर संवाद बनाए रखने और कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर दिया गया। जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान नई पीढ़ी को संगठन की विचारधारा और संघर्षपूर्ण यात्रा से जोड़ने का माध्यम है।

### एचपीवी वैक्सीनेशन में जिला हमीरपुर ने पार किया 50 फीसदी का आंकड़ा

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। जिला हमीरपुर में 14-15 वर्ष आयु वर्ग की लड़कियों को सर्विकल कैंसर से बचाने के लिए चल रहे एचपीवी टीकाकरण अभियान को शत-प्रतिशत लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए अब स्कूल स्तर पर भी टीकाकरण सत्र आयोजित किए जाएंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय अत्री ने बताया कि जिले में एचपीवी वैक्सीनेशन का आंकड़ा 50 प्रतिशत से अधिक हो चुका है। स्वास्थ्य विभाग ने कुल 2967 पात्र लड़कियों को टीका लगाने का लक्ष्य रखा है, जिसमें से अब तक 1490 लड़कियां वैक्सीन लगवा चुकी हैं। डॉ. अजय अत्री ने बताया कि लंबे समय तक संक्रमण रहने से सर्विकल कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के बाद यह प्रमुख कैंसर में शामिल है। उन्होंने कहा कि एचपीवी वैक्सीन भविष्य में इस गंभीर बीमारी से बचाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

# दो बार दस्तावेजों का हुआ सत्यापन फिर भी जारी नहीं किए जा रहे नियुक्ति पत्र

## तीन माह से नियुक्ति पत्र का इंतजार कर रहे ग्रुप इंस्टक्टर के पदों पर चयनित उम्मीदवार

- ग्रुप इंस्टक्टर के पदों का 25 मार्च को निकाला था परिणाम, अभी जारी नहीं किया नियुक्त पत्र

अनंत ज्ञान

एसके ठाकुर, बड़सर। हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग की भर्ती प्रक्रिया पर एक बार फिर सवाल उठ रहे हैं। ग्रुप इंस्टक्टर पोस्टकोड-24001 के 12 पदों के लिए 05 फरवरी 2026 को दस्तावेज सत्यापन हुआ, 25 मार्च 2026 को अंतिम परिणाम घोषित किया गया और 18 मई 2026 को तकनीकी शिक्षा निदेशालय में पुनः दस्तावेज सत्यापन भी कराया गया। इसके बावजूद 25 मार्च को परिणाम घोषित हुए लगभग साढ़े तीन महीने बीत जाने के बाद भी नियुक्ति आदेश जारी नहीं किए गए हैं।

### तीन माह से घर पर बैठकर कर रहे नियुक्ति आदेश का इंतजार

बता दें कि एचपीआरसीए के कई ऐसे पोस्टकोड, जिनके परिणाम पोस्टकोड-24001 के बाद घोषित हुए, उनके चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति भी मिल चुकी है। हाल ही में 166 टीजीटी मेडिकल और 333 टीजीटी नॉन मेडिकल के नियुक्ति आदेश भी जारी हो गए, लेकिन मात्र 12 ग्रुप इंस्टक्टर पोस्ट कोड-24001 के चयनित अभ्यर्थी अब भी नियुक्ति की प्रतीक्षा कर रहे हैं। चयनित अधिकांश अभ्यर्थी सरकारी सेवा में चयन होने के बाद अपनी निजी नौकरियां छोड़ चुके हैं और पिछले तीन महीनों से घर पर बैठकर नियुक्ति आदेश का इंतजार कर रहे हैं। इस देरी के कारण वे आर्थिक एवं मानसिक संकट का सामना कर रहे हैं। अब सवाल यह है कि जब बाद में घोषित परिणाम वाले पोस्टकोड के अभ्यर्थियों को नियुक्ति मिल सकती है, तो एचपीआरसीए के शुरुआती पोस्टकोड-24001 के केवल 12 चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति आखिर क्यों लंबित है। इन चयनित उम्मीदवारों का कहना है कि आखिर नियुक्ति पत्र कब मिलेगा पिछले तीन-चार महीने से नियुक्ति पत्र के इंतजार में बैठे हैं और उधार का खा रहे हैं। दुकानदारों ने भी अब उधार देना बंद कर दिया है सरकार अपनी मनसा स्पष्ट करें कब तक इन्हें नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे।

### क्या कहते हैं डिप्टी डायरेक्टर?

तकनीकी शिक्षा विभाग के डिप्टी डायरेक्टर ललित शर्मा ने बताया कि चयनित ग्रुप इंस्टक्टर की दस्तावेज वेरीफिकेशन चली हुई है बहुत जल्द संबंधित विभागों में एक दर्जन लोगों को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा।

### चिट्टे की आफत पर बनाई वेब सीरीज 'द व्हाइट टुथ', छुट्टियों में परिवार संग देखने की अपील

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति द्वारा नशे की समस्या, विशेष कर चिट्टे की आफत, पर बनाई गई वेब सीरीज द व्हाइट टुथ को पिछले तीन दिनों में हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति की हमीरपुर जिला इकाई द्वारा जिला के अलग-अलग स्कूलों में दिखाया गया तथा विद्यार्थियों व अध्यापकों का आह्वान किया कि वे बरसात की छुट्टियों में इस वेब सीरीज को खुद भी देखें तथा अपने परिवार व सगे-संबंधियों को भी इसे देखने के लिए कहें। यह वेब सीरीज हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति से जुड़े युवा स्वयंसेवियों ने जनता से पैसा इकट्ठा करके स्वयंसेवी भाव से बनाई है, ताकि समाज को नशे की समस्या और विशेष कर चिट्टे के दैत्य से बचने के लिए, जागरूक किया जा सके। द व्हाइट टुथ वेब सीरीज के कुल 7 एपिसोड हैं, जिनमें से चार लॉन्च किया जा चुके हैं। यह वेब सीरीज सोशल मीडिया मंचों जैसे यूट्यूब, फेसबुक, इंस्टाग्राम पर उपलब्ध है। यूट्यूब पर इसे ज्ञान विज्ञान स्ट्रीम नाम के चैनल पर देखा जा सकता है गौरतलब है की इस वेब सीरीज के पहले एपिसोड का लॉन्च प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा पूर्ण राज्यत्व दिवस के अवसर पर 25 जनवरी, 2026 को प्रागपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में किया था। तदोपरांत शिक्षा निदेशक ने हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति को अनुमति प्रदान की है की वह द व्हाइट टुथ को प्रदेश के शिक्षण संस्थानों में दिखाकर समाज को चिट्टे के गर्त में जाने से बचाने में सरकार द्वारा किए जा रहे सराहनीय प्रयासों में योगदान करें।

### हिम अकादमी में पीटीएम, विद्यार्थियों की प्रगति और संस्कारों पर हुई चर्चा



हिम अकादमी में पीटीएम का किया आयोजन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, विकास नगर में शनिवार को कक्षा पहली से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) का सफल आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान अध्यापकों एवं अभिभावकों ने विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन, अध्ययन की आदतों, व्यवहार तथा समग्र विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर विशेष रूप से कक्षा तीसरी से आठवीं तक आयोजित पीरियॉडिक टेस्ट-1 के परीक्षा परिणामों एवं विद्यार्थियों के प्रदर्शन की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान विद्यालय में संचालित कार्यों में मूल्यों के माध्यम से सामाजिक सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों में विकसित किए जा रहे सेवा भाव, मानवीय मूल्यों एवं नैतिक संस्कारों की जानकारी भी अभिभावकों के साथ साझा की गई। अभिभावकों ने विद्यालय द्वारा दिए जा रहे मूल्यपरक एवं संस्कारयुक्त शिक्षण की सराहना करते हुए अपने सुझाव भी साझा किए। विद्यालय प्रधानाचार्य इंजीनियर नैना लखनपाल ने विश्वास व्यक्त किया कि विद्यालय और अभिभावकों के संयुक्त प्रयासों से विद्यार्थियों का शैक्षणिक, नैतिक एवं सामाजिक विकास और अधिक सुदृढ़ होगा।

### विधायक रणजीत ने 5000 लीटर क्षमता के भंडारण टैंक का किया लोकार्पण



चूहक गांव की पेयजल समस्या का समाधान हुआ। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

सुजानपुर। सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत चबूतरा के अंतर्गत चूहक गांव में विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने 5000 लीटर क्षमता के नव-निर्मित पेयजल भंडारण टैंक का विधिवत पूजा-अर्चना के साथ लोकार्पण किया।

लोकार्पण के उपरांत अपने संबोधन में विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने कहा कि चूहक गांव के लोगों को लंबे समय से पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा था। जब यह समस्या उनके समक्ष लाई गई थी, तब उन्होंने इसके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया था। आज उसी वादे को पूरा करते हुए इस 5000 लीटर क्षमता के भंडारण टैंक को जनता को समर्पित किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र के लोगों को पेयजल की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में पेयजल, सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा सहित हर क्षेत्र में विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जा रहे हैं और आगे भी जनहित के कार्य इसी प्रकार जारी रहेंगे इस अवसर पर जल शक्ति विभाग के अधिकारी, स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सर्वजनकल्याण सभा ने किया 150 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित



अनंत ज्ञान

ब्यूरो हमीरपुर। सर्वजनकल्याण सभा द्वारा हमीरपुर के बसंत पैलेस में भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में 10वीं और 12वीं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले तथा प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान बनाने वाले 150 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पद्मश्री सम्मान से सम्मानित डॉ. प्रेम लाल गौतम ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि समाजसेवी नंद किशोर शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता सर्वजनकल्याण सभा के अध्यक्ष एवं मुख्य आयोजक नवीन शर्मा ने की। अजमेर ठाकुर गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में मौजूद रहे। मुख्य अतिथि डॉ. प्रेम लाल गौतम ने सम्मानित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा समाज के विकास की मजबूत नींव है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ाने और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने में सहायक होते हैं। नंद किशोर शर्मा ने भी विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत करने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने का संदेश दिया। सभा अध्यक्ष नवीन शर्मा ने कहा कि सर्वजनकल्याण सभा शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्य करती रहेगी। समारोह के अंत में विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### सूरत-ए-हाल नाला गंदगी से लबालब, सीवरेज और औद्योगिक क्षेत्र की लापरवाही बनी वजह

# जामलीधाम नाले का पानी हो रहा प्रदूषित

अनंत ज्ञान

विक्रम ढटवालिया, बड़ू (हमीरपुर)। जामलीधाम नाले का पानी नीचे बड़ू तक पहुंचते-पहुंचते खतरनाक अंदाज में प्रदूषित हो चुका है। इंडस्ट्रियल एरिया के पास जल शक्ति विभाग की एक उठाऊ पेयजल योजना भी है। वहां तक पानी शायद थोड़ा बहुत ठीक ही होगा, लेकिन उसके आगे की स्थिति संबंधित सारे विभागों की अनदेखी का शिकार मालूम होती है।



- बड़ू क्षेत्र में डेढ़ माह पहले फैला था पीलिया,

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

गौर रहे कि डेढ़ महीना पहले इस इलाके में पानी के प्रदूषित होने से ही पीलिया ने भी काफी लोगों को चपेट में लिया था। इस नाले में बड़ी तादाद में परंपरागत स्रोत का पानी निकलता है, लेकिन पिछले कुछ दिनों से इस नाले में गंदगी की वजह से जिस बड़े स्तर पर दुर्गंध फैली हुई है, उस पर यही लग रहा है कि सारे विभाग और सरकार किसी बड़ी बीमारी के फैलने की इंतजार में हैं। बड़ी विडंबना यह है कि इस नाले को प्रदूषित करने वाले अपनी मनमर्जी कर रहे हैं और संबंधित एजेंसियां नाक तले हो रही इस खतरनाक लापरवाही पर जरा भर भी पसीज नहीं रहीं। यहां के लोग चिल्ला-चिल्ला कर कह रहे हैं, अधिकारियो जाग जाओ। कार्रवाई के नाम पर जब बीमारी फैलती है, तो सैंपल भरे जाते हैं, कुछ लोगों को नोटिस जारी किए जाते हैं। उसके बाद इति श्री हो जाती है। प्रदूषण विभाग के हमीरपुर स्थित अधिकारी राहुल कुमार का कहना था कि नोटिस दिए गए हैं। फिर से कार्रवाई होगी, लेकिन उनका यह भी कहना था कि अब यह क्षेत्र नगर निगम के तहत पड़ता है। निगम के

### नाले में गंदगी छोड़ने वालों पर कार्रवाई की मांग



स्थानीय निवासी पूर्ण चंद कटोच और राजेश कुमार ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में दूषित पानी की समस्या पर विभाग गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। उनका कहना है कि बीमारी फैलने के बाद ही टीमें सक्रिय होती हैं, जबकि पहले से रोकथाम के प्रयास नहीं किए जाते। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ पीजी संचालक रात के समय सीवरेज नाले में छोड़ देते हैं। वहीं औद्योगिक क्षेत्र में भी बिना उपचारित गंदा पानी छोड़े जाने की शिकायत है। लोगों ने दोषियों पर सख्त कार्रवाई और भारी जुर्माना लगाने की मांग की है।

अधिकारियों को भी इस पर कार्रवाई करनी चाहिए।

## पपलाह में 'एक से श्रेष्ठ' कार्यक्रम में बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा



एक्ट टू ट्रांसफॉर्म संस्था ने किया विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

भोरंज। उपमंडल भोरंज की ग्राम पंचायत पपलाह में एक्ट टू ट्रांसफॉर्म संस्था द्वारा संचालित 'एक से श्रेष्ठ' कार्यक्रम के तहत ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के सर्वांगीण विकास को लेकर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को आधुनिक शिक्षा, खेल और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़कर उनकी प्रतिभा को निखारना रहा। कार्यक्रम में विद्यासागर शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर पंचायत प्रधान सुनील कुमार (पपलाह), अर्णव जम्बाल (गरसाहड़), वार्ड पंच हेम चंद, बीडीसी सदस्य दिनेश भाटिया सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की समन्वयक निशा राजपूत ने बताया कि क्षेत्र के 11 केंद्रों से आए बच्चों ने गणित, योग, ड्राइंग सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने अपनी प्रतिभा और रचनात्मक क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बैडमिंटन, बॉल और अन्य खेल सामग्री के साथ पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# फोरलेन निर्माण की खामियां बढ़ा रहीं लोगों की परेशानियां

## भौर फुटब्रिज के नीचे भर जाता है बारिश का पानी; सर्विस सड़क-नाले का निर्माण अधूरा

अनंत ज्ञान

**महेंद्र सिंह राणा, भौर।** किरतपुर-मनाली फोरलेन के एक बड़े हिस्से में निर्माण कार्य के दौरान छोड़ी गई खामियों का खामियाजा अब स्थानीय लोगों और राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा कई स्थानों पर तकनीकी मानकों की अनदेखी की गई, जिसके कारण समस्याएं लगातार सामने आ रही हैं। भौर स्थित फुटब्रिज के नीचे हल्की बारिश होते ही जलभराव की स्थिति बन जाती है। सड़क पर जमा पानी से वाहनों की आवाजाही प्रभावित होती है और तेज गति से गुजरने वाले वाहनों के कारण पानी व कीचड़ की बौछारें दूर तक पहुंचती हैं, जिससे पैदल चलने वाले लोगों के कपड़े गंदे हो जाते हैं और उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जहां लंबे समय तक पानी जमा रहता है, वहां सड़क के जल्द क्षतिग्रस्त होने की आशंका भी बढ़ जाती है। इसके अलावा फोरलेन पर कई स्थानों पर बनाए गए लंबे और संकरे मोड़ों को भी दुर्घटनाओं का कारण बताया जा रहा है। लोगों का कहना है कि भौर के समीप बनाए गए मोड़ क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप नहीं हैं, जिससे हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। नौलखा विद्यालय के पास निर्माणाधीन फुटब्रिज का कार्य भी लंबे समय से अधूरा पड़ा है। वहीं फुटब्रिज के समीप बनी नाली भी बीच में कटी हुई है, जो गहरी खाई का रूप ले चुकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह स्थिति कभी भी किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। उधर सर्विस सड़क का निर्माण भी कई स्थानों पर अधूरा पड़ा है।

◆ जलभराव और अधूरे कार्यों से बढ़ा हादसों का खतरा



भौर क्षेत्र में क्षतिग्रस्त फोरलेन।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि अधूरे कार्यों के कारण उनकी सुरक्षा से समझौता किया जा रहा है। शिरडा नामक स्थान पर महाविद्यालय के समीप सर्विस सड़क का एक बड़ा हिस्सा धंस चुका है, लेकिन अब तक न तो उसकी मरम्मत की गई है और न ही सुरक्षा के लिए डंगा लगाया गया है। लोगों ने प्रशासन और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से मांग की है कि सभी खामियों को प्राथमिकता के आधार पर दूर कर अधूरे कार्य शीघ्र पूरे किए जाएं, ताकि भविष्य में किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

## कीचड़ में तब्दील हुआ जरल जुगाहन मार्ग, राहगीर परेशान

**अनंत ज्ञान, भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव।** नाचन विधानसभा क्षेत्र के एक बड़े भाग में मानसूनी बरसात के चलते पहले से गड्ढों की गिरफ्त में पड़ी सड़कों का बहुत बुरा हाल हो गया है, गढ्ढों में मटमैला पानी एवं कीचड़ बुरी तरह भरा फैला हुआ है,ऐसी स्थिति में यह पता नहीं चलता कि सड़क मार्ग कहां उथला है और कहां गहरा इस भ्रम में अक्सर पड़े राहगीर तथा वाहन चालक आदि मुश्किल में पड़ रहे हैं।लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आता इसी तरह का खस्ताहाल मार्ग है जरल -जुगाहन मार्ग जो जगह-जगह मटमैले पानी और कीचड़ से भरा पड़ा है आए दिन लोगों की कठिनाइयां बढ़ाता जा रहा है।पहले से समुचित तरीके की मरम्मत की राह देख रहे इस मार्ग सत्यानाश की कगार पर देखा जा सकता है प्रयोग करने योग्य नहीं रह गया है क्योंकि पानी निकासी ढंग की नहीं व इस मार्ग का एक बड़ा भाग अवैध रूप से रखे गए विभिन्न तरह के सामान से संकरा कर दिया गया है वहीं इस हल्की ऊंचाई वाले मार्ग के किनारे पैरापीट आदि न लगाए जाने से यहां के सफर को खतरे में डाल दिया गया है।घनी आबादी से जुड़े इस मार्ग पर यातायात बढ़ गया है क्योंकि यह मार्ग फोरलेन से संपर्क करता है और यहां दूर-दूर तक किए जा रहे टमाटर आदि नकदी फसलों के कारोबार के चलते बाहरी राज्यों की गाड़ियों की भरमार है, जिससे यातायात का अतिरिक्त दबाव बढ़ गया है जबकि यातायात सुरक्षित करने के उपायों को जरुरी ही नहीं बल्कि समय की भी मांग समझा जा रहा है।इस मार्ग की शीघ्र सुध लेने की मांग इसलिए भी बढ़ गई है क्योंकि दिन रात का यह व्यस्त मार्ग नाचन क्षेत्र के अलावा,बल्ह और सुंदरनगर को भी खासतौर पर सीधे-सीधे जोड़ता है, स्वाभाविक सी बात है कि यहां वहां के राहगीरों का आना जाना लगा रहता है। लोगों ने डीसी से अनुरोध किया है कि उक्त मार्ग की बदहाली को सही तकनीक अपनाते हुए सुधारा जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### डे केयर स्कूल डोडवां का वार्षिकोत्सव आज

**अनंत ज्ञान, महादेव।** गांव डोडवां में डे केयर स्कूल (मानसिक मंद बच्चों का स्कूल) का वार्षिकोत्सव 12 जुलाई को मनाया जाएगा, जिसमें बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी साकार सोसायटी के प्रधान शीतल शर्मा, उपप्रधान मनोज गुप्ता व सचिव सुनील कुमार ने एक संयुक्त बयान में दी।

### सुकेत वृद्धाश्रम में लगा विशेष योग थैरेपी कैंप

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** मैग्नेटिक योग प्रत्याहार थैरेपी सेंटर एवं ऑनलाइन थेरेपी योगा वाराणसी द्वारा सुकेत वृद्धाश्रम में वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष योग थेरेपी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन डॉ. अमित दादा एवं वनिता श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ नागरिकों को योगासन, प्राणायाम, ध्यान, मुद्राएं, विश्राम तकनीक तथा प्राकृतिक स्वास्थ्य से जुड़े सरल एवं प्रभावी अभ्यास कराए गए। योग चिकित्सा के माध्यम से शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक शांति, संतुलन, लचीलापन एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। सभी वरिष्ठ नागरिकों ने पूरे उत्साह के साथ सहभागिता की और योग सत्र के पश्चात स्वयं को अधिक ऊर्जावान एवं प्रसन्न अनुभव किया। इस अवसर पर संस्था ने डॉ. पदम गुलेरिया, अध्यक्ष, सुकेत वृद्धाश्रम का विशेष आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इस सेवा कार्य का हृदय से स्वागत करते हुए योग चिकित्सा शिविर आयोजित करने का अवसर प्रदान किया। उनके सक्रिय सहयोग एवं सेवा भावना के कारण वरिष्ठ नागरिकों को इस विशेष स्वास्थ्य एवं योग चिकित्सा कार्यक्रम का लाभ प्राप्त हुआ। डॉ. अमित दादा एवं वनिता श्रीवास्तव ने बताया कि मैग्नेटिक योग प्रत्याहार थैरेपी सेंटर एवं ऑनलाइन थैरेपी योगा, वाराणसी का संकल्प भारत के प्रत्येक वृद्धाश्रम तक योग चिकित्सा पहुंचाना है।

### सेवा संकल्प समिति ने 18 रोगियों को दी 1.77 लाख रुपए की आर्थिक मदद



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सेवा संकल्प समिति सरकाघाट की कार्यकारिणी की मासिक बैठक शनिवार को समिति के अध्यक्ष चंद्रमणि की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समिति के 20 से अधिक सदस्यों ने भाग लेकर विभिन्न सामाजिक एवं सेवा कार्यों पर चर्चा की। इस दौरान आर्थिक सहायता के लिए प्राप्त 20 रोगियों के आवेदनों पर विचार किया गया। जांच के बाद 18 आवेदन समिति के नियमों के अनुरूप पात्र पाए गए, जबकि दो आवेदन अपात्र रहे क्योंकि समिति के नियम के अनुसार किसी भी व्यक्ति को दो वर्षों में केवल एक बार ही आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। समिति ने पात्र 18 रोगियों को उपचार हेतु कुल 1,77,500 रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत कर वितरित की। बैठक में समिति ने जरूरतमंदों की सहायता के अपने संकल्प को दोहराते हुए कहा कि वर्ष 2011 से समिति अपने सदस्यों के सहयोग से शिक्षा, स्वास्थ्य तथा प्राकृतिक आपदाओं के दौरान प्रभावित एवं जरूरतमंद लोगों को लगातार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराती आ रही है। समिति ने समाज के लोगों से भी इस सेवा अभियान में सहयोग देने की अपील की। इस बैठक में बृजलाल भारद्वाज टेकचंद पटियाल ध्यान सिंह रजनीश कैप्टन रघुवीर एनसी शर्मा ओम प्रकाश बालवीर वनयाल और रवि दत्त शर्मा भी उपस्थित रहे।

### संधोल में 14वें दिन भी जारी रहा आंदोलन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** नागरिक अस्पताल संधोल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग को लेकर चल रहा जनआंदोलन शनिवार को 14वें दिन भी लगातार जारी रहा। आंदोलन के 14वें दिन विजय वालिया और साजन कौंडल क्रमिक अनशन पर बैठे। दिनभर क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से लोग धरना स्थल पर पहुंचकर आंदोलन के प्रति अपना समर्थन जताते रहे। धरना स्थल से आंदोलनकारियों ने एक बार फिर 13 जुलाई को प्रस्तावित महाआंदोलन की घोषणा दोहराते हुए क्षेत्र के लोगों से बड़ी संख्या में शामिल होने का आह्वान किया। युवाशक्ति के प्रतिनिधियों ने कहा कि सरकार को उनकी मांगों के समाधान के लिए पर्याप्त समय दिया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस और संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई है। आंदोलनकारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने जल्द विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति और अस्पताल में आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्था नहीं की, तो आंदोलन को और अधिक उग्र किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार उनके धैर्य और सब्र की परीक्षा न ले, क्योंकि अब क्षेत्र की जनता अपने स्वास्थ्य अधिकारों के लिए निर्णायक लड़ाई लड़ने को तैयार है।

### एक्स सर्विसमैन लीग टिहरा ने की बैठक

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** एक्स सर्विसमैन लीग टिहरा को विशेष बैठक लीग के चेयरमैन कैप्टन रमेश तपवाल की अध्यक्षता में लीग कार्यालय खौदा में आयोजित की गई। बैठक में सेवानिवृत्त सैनिकों व वीरानारियों की समस्याओं को सुनकर, उनका निवारण किया गया। बैठक में विशेष रूप से सैनिक कल्याण मंत्री धनी राम शांडिल द्वारा खौदा (टिहरा) में शहीद स्मारक का उद्घाटन समारोह को मनाने को लेकर विशेष चर्चा की गई तथा जिम्मेवारियां भी सौंपी गईं। इस मौके पर लीग के सीनियर उपाध्यक्ष चेयरमैन कैप्टन सुरेंद्र जमवाल, उपाध्यक्ष चेयरमैन सूबेदार रविंदर सिंह, कोषाध्यक्ष कैप्टन अशोक चंदेल, कैप्टन टेक चन्द, नेवल लेफ्टिनेंट लाल सिंह, सूबेदार मेजर राम स्वरूप, सूबेदार मेजर कश्मीर सिंह, वेटरन सुरेश शर्मा, मीडिया प्रभारी रमेश चन्द भारद्वाज, कमल कांत व वीरनारियों में निशा देवी इत्यादि मौजूद रहे।

### दिव्यांगों के बच्चों को भी मुफ्त शिक्षा दे सरकार

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धाड़ता क्षेत्र से संबंध रखने वाले सामाजिक कार्यकर्ता व हिमाचल दिव्यांग कल्याण समिति के अतिरिक्त प्रदेश सचिव, रमेश चंद भारद्वाज ने सरकार के उस फैसले का स्वागत किया है, जिसमें मुख्यमंत्री ने पिता के आकस्मिक निधन पर, उनके बच्चों की उच्च शिक्षा की फ़ीस माफ़ करने की घोषणा की है। साथ ही उन्होंने उपमंडल अधिकारी धर्मपुर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज कर मांग की है कि वो इसी तर्ज़ पर, दिव्यांग पिता के बच्चों की शिक्षा की फ़ीस भी माफ़ करे। उन्होंने बताया कि जब की पिता दिव्यांग हो जाता है तो वो काम करने में सक्षम नहीं होता और अपने बच्चों को उच्च शिक्षा प्रदान नहीं कर पाता। हिमाचल दिव्यांग कल्याण समिति सरकाघाट के प्रदेशाध्यक्ष हरिदास कौशल ने मुख्यमंत्री से इस योजना को भी हरी झंडी दिखाने का आग्रह किया है, जिससे किसी भी दिव्यांग पिता के बच्चे उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित न रह जाएं।

# बच्चों के सर्वांगीण विकास के बताए तरीके

## डीएवी सीपीएस मंडी में अभिभावक अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, मंडी।** डीएवी सेंटेनरी सेंटेनरी स्कूल, मंडी के मुख्य भवन में छात्रों के समग्र विकास और शैक्षणिक सफलता में अभिभावकों तथा स्कूल की साझेदारी को मजबूत करने के उद्देश्य से एक पेरेंट ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम के अवसर पर प्रधानाचार्य केएस गुलेरिया, मुख्य वक्ता के रूप में प्रख्यात प्रेरक वक्ता और करियर काउंसलर डॉ. प्रमोद पाठक, विद्यालय के स्पेशल काउंसलर गौरव ओबेरॉय सहित आदरणीय अभिभावक वर्ग और शिक्षक वर्ग मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. प्रमोद पाठक ने 'शैक्षणिक उत्कृष्टता की ओर दिव्य आत्माओं का मार्ग प्रशस्त करना' विषय पर बोलते हुए बच्चों के भविष्य को संवारने में माता-पिता की अपरिहार्य भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि शैक्षणिक उत्कृष्टता तभी हासिल की जा सकती है जब इसे मजबूत मूल्यों, अनुशासन, भावनात्मक कल्याण और घर के सकारात्मक माहौल का सहयोग मिले। डॉ. पाठक ने माता-पिता को प्रभावी पेरेंटिंग, बच्चों की अनूठी क्षमता को समझने, और उनमें आत्मविश्वास व लचीलापन विकसित करने के व्यावहारिक गुण सिखाए। इसी क्रम में, विद्यालय के स्पेशल काउंसलर गौरव ओबेरॉय ने भी एक महत्वपूर्ण सत्र लिया और विद्यार्थियों के ब्रेन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बच्चों के अंदर एकाग्रता की कमी, स्थिरता की कमी आदि के बारे में विस्तार से बताया। ओबेरॉय ने विशेष रूप से आगाह किया कि मोबाइल पर रील देखने से बच्चों के ब्रेन में स्थिरता की कमी आती है, इसलिए उन्होंने शॉर्ट रील्स के बजाय लॉन्ग वीडियो, कहानी आदि को प्रेफर करने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने बहुत सी ऐसी तकनीकें भी बताईं ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। सत्र के उपरांत अभिभावकों ने डॉ प्रमोद पाठक और गौरव ओबेरॉय से अपने बच्चों से संबंधित अनेक प्रश्न पूछे, जिसके उत्तर उन्हें बताकर संतुष्ट किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य के. एस. गुलेरिया ने मुख्य वक्ता डॉ. प्रमोद पाठक और स्पेशल काउंसलर गौरव ओबेरॉय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्कूल एक ऐसा माहौल तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है जहाँ छात्र शैक्षणिक रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के साथ-साथ जिम्मेदार और संवेदनशील नागरिक बन सकें।

## धनोटू में वृद्धा पर सांड ने दूसरी बार किया हमला

**अनंत ज्ञान,महादेव।** गांव धनोटू से संबंधित वृद्धा टिभली देवी जिसकी उम्र 95 वर्ष बताई जाती है पर एक बेसहारा सांड ने दूसरी बार बुरी तरह घायल कर यानि टांग में चोट-गहरा घाव पहुंचाकर लंगड़ा कर दिया।घायल ने व उसके परिजनों ने बताया कि पहले भी यह सांड हमला कर टांग में चोट पहुंचा चुका है ऐसी स्थिति में टांग में दस बारह टांके लग चुके हैं और राड भी डली है।बार बार जान पर बनी इस आफत से छुटकारा दिलाने के लिए ग्राम पंचायत महादेव के प्रधान विरेन्द्र कुमार ने सुंदरनगर के एस डी एम से अनुमति लेकर बेटरनरी डॉक्टरों की टीम की मदद ली और सांड को काबू करने के लिए गांव के नवयुवकों के साथ घंटों स्वयं संघर्ष किया अंततः सांड को लगाए गए बेहोशी के इंजेक्शन का असर हुआ और रस्सियों से मुश्किल बांध एवं जेसीबी मशीन से उठाकर गुडस कैरियर में लादकर उचित स्थान की ओर ले जाया गया। क्षेत्र भर में कई और बेसहारा इधर उधर घूम रहे सांडों आदि को लेकर प्रधान विरेन्द्र कुमार ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि इन तमाम बेसहारा पशुओं से भी मुक्ति दिलाई जाए।

# वन महोत्सव में मंडी को चिनार की सौगात देने की उठी मांग

अनंत ज्ञान



◆ केके शर्मा बोले-मंडी की जलवायु चिनार के लिए बिलकुल अनुकूल

**ब्यूरो, मंडी।** वन महोत्सव के अवसर पर मंडी शहर में चिनार के पौधों का रोपण कर इसे हरियाली और प्राकृतिक सौंदर्य की नई पहचान देने की मांग उठी है। भारतीय संस्कृति निधि के सदस्य केके शर्मा ने वन विभाग से इस दिशा में ठोस पहल करने का आग्रह किया है।उन्होंने जारी बयान में कहा कि चिनार अपनी भव्यता, विशाल आकार, घनी छाया और पर्यावरणीय महत्व के कारण विश्वभर में विशेष पहचान रखता है। कश्मीर की पहचान माने जाने वाले इस वृक्ष का मंडी से भी ऐतिहासिक जुड़ाव है। वर्तमान में टारना माता मंदिर परिसर में चिनार का एक पुराना वृक्ष मौजूद है, जो शहर की प्राकृतिक धरोहर का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मंडी की ठंडी जलवायु और भौगोलिक परिस्थितियां चिनार के विकास के लिए पूरी तरह अनुकूल हैं। शिमला के अनेक क्षेत्रों में भी चिनार के वृक्ष सफलतापूर्वक विकसित हो चुके हैं, जिससे इसकी संभावनाएं और अधिक मजबूत होती हैं। केके शर्मा ने सुझाव दिया कि वन विभाग वन महोत्सव के तहत शहर के पार्कों, शिक्षण संस्थानों, मंदिर परिसरों, सार्वजनिक उद्यानों तथा अन्य उपयुक्त स्थानों पर चिनार के पौधे लगाए। उनका कहना है कि इससे मंडी की प्राकृतिक सुंदरता और हरियाली में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, पर्यावरण संरक्षण को मजबूती मिलेगी, लोगों को भविष्य में घनी छाया प्राप्त होगी तथा शहर का आकर्षण भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में चिनार के विकसित वृक्ष मंडी की नई पहचान बन सकते हैं और पर्यटकों के लिए भी विशेष आकर्षण का केंद्र सिद्ध होंगे।

# प्रेस क्लब महादेव ने फेरीवालों का सत्यापन करने की उठाई मांग

अनंत ज्ञान

**विजय कुमार, हटगढ़।** क्षेत्र की सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से आज प्रेस क्लब महादेव के प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस थाना धनोटू में थाना प्रभारी के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ग्राम पंचायत महादेव एवं आसपास के गांवों में नियमित रूप से आने वाले बाहरी फेरी वालों, कबाड़ी वालों, बाल एवं पुराने मोबाइल खरीदने वालों, खाद्य सामग्री बेचने वालों तथा अन्य अज्ञात व्यक्तियों के सत्यापन एवं उनकी गतिविधियों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने की मांग की गई।

प्रेस क्लब महादेव ने ज्ञापन में कहा कि वर्तमान समय में अधिकांश घरों में दिन के समय महिलाएं, बच्चे एवं वृद्धजन ही रहते हैं। ऐसे में बिना सत्यापन के घर-घर पहुंचने वाले बाहरी व्यक्तियों के कारण लोगों में सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ रही हैं। कई बार परिचय पूछने पर कुछ व्यक्ति अपना स्पष्ट विवरण देने से बचते हैं अथवा असहज व्यवहार करते हैं, जिससे ग्रामीणों में संदेह की स्थिति उत्पन्न होती है। ज्ञापन में यह भी अनुरोध किया गया कि पुलों, बस स्टैंडों, बस स्टॉपों एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर रेहड़ी-फड़ी लगाकर व्यवसाय करने वाले बाहरी व्यक्तियों के आवश्यक दस्तावेजों एवं पहचान का समय-समय पर सत्यापन किया जाए। साथ ही गांवों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस गश्त बढ़ाई जाए तथा संदिग्ध गतिविधियों पर नियमित निगरानी रखी जाए, ताकि किसी भी संभावित अपराध अथवा अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके। इस अवसर पर प्रेस क्लब महादेव के अध्यक्ष भीम सिंह, सलाहकार कृष्ण चंद्र महादेविया, उपाध्यक्ष पीतांबर शर्मा, कोषाध्यक्ष महेंद्र सिंह राणा, सचिव विजय कुमार, परमानंद, गोपाल शर्मा तथा प्रेस क्लब महादेव के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## दी कृषि सहकारी सभा समिति चोलथरा की वार्षिक सभा में हंगामा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** दी कृषि सहकारी सभा समिति चोलथरा की वार्षिक सभा शनिवार को हंगामेदार वातावरण में संपन्न हुई। सभा की अध्यक्षता समिति के प्रधान सतीश कुमार बनयाल ने की। उन्होंने उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए उनके सहयोग के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। समिति के सचिव पवन कुमार ने वर्ष 2024-25 का आय-व्यय विवरण सदन के समक्ष प्रस्तुत किया। इस दौरान आय-व्यय और समिति के विभिन्न कार्यों को लेकर सदस्यों ने कई सवाल उठाए, जिन पर तीखी बहस हुई। विभिन्न विषयों पर सदस्यों ने खुलकर अपने विचार रखे तथा विस्तृत चर्चा के बाद सदन ने सर्वसम्मति एवं बहुमत से आवश्यक निर्णय लिए। ग्राम सभा में ग्राम पंचायत सरौन की प्रधान रुमला देवी तथा ग्राम पंचायत बसंतपुर की प्रधान रीना ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहीं। इस अवसर पर समिति के उपप्रधान गांधी राम, सदस्य बलबीर सिंह, बलवंत सिंह टोरा, कश्मीर सिंह, ओंकार सिंह, सतीश कुमार सहित आर.डी. कमल, जगदेव बंधु, पूर्व प्रधान पवन ठाकुर व अन्य उपस्थित रहे।

# तेंदुए के हमले से खौली पंचायत में दहशत; मृत पाईं 4 भेड़ें, 3 लापता

## घटनास्थल के समीप प्राथमिक विद्यालय होने से बढ़ी चिंता

अनंत ज्ञान



**नूतन ठाकुर, बालीचौकी।** सराज क्षेत्र की ग्राम पंचायत खौली के गांव चढ़ी में तेंदुए के हमले से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार गोबिंद ठाकुर पुत्र देवी सिंह की 4 भेड़ें तेंदुए के हमले में मौके पर मृत पाई गईं, जबकि 3 अन्य भेड़ें लापता हैं। ग्रामीणों के अनुसार क्षेत्र में इससे पहले भी तेंदुए के हमले हो चुके हैं, जिससे लोगों में लगातार भय बना हुआ है। इस ताजा घटना के बाद स्थानीय लोगों ने वन विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। चिंता की बात यह है कि घटनास्थल के समीप प्राथमिक विद्यालय चढ़ी स्थित है। विद्यालय आने-जाने वाले छोटे बच्चों तथा उनके अभिभावकों में तेंदुए की मौजूदगी को लेकर भय व्याप्त है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय वीट गार्ड पंकज तथा पशुपालन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का निरीक्षण किया। संबंधित विभागों द्वारा आवश्यक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ग्राम पंचायत खौली के प्रधान जीवानंद ठाकुर ने वन विभाग से मांग की है कि क्षेत्र में लगातार सक्रिय तेंदुए को जल्द से जल्द पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की जान-माल की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और विद्यालय के आसपास निगरानी भी बढ़ाई जानी चाहिए। ग्रामीणों ने वन विभाग से पशुपालक को उचित मुआवजा देने भी मांग की है।

# प्राथमिक विद्यालय चौक में खतरे के साये में पढ़ रहे बच्चे

अनंत ज्ञान

**भौर।** लोअर नाचन विधानसभा क्षेत्र के विकास खंड धनोटू की चौक पंचायत स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला चौक में सुरक्षा व्यवस्थाओं के अभाव के कारण विद्यार्थियों की जान पर खतरा मंडरा रहा है। विद्यालय भवन की छत के एक बड़े हिस्से में रेलिंग नहीं होने से दूसरी मंजिल पर पढ़ने वाले बच्चों के गिरने की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों और अभिभावकों का कहना है कि बच्चे प्रतिदिन ऊपर-नीचे आते-जाते रहते हैं, लेकिन छत पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था न होने के कारण हर समय किसी अप्रिय घटना का भय बना रहता है। इसके अलावा विद्यालय परिसर के चारों ओर चारदीवारी नहीं होने से भी विद्यार्थियों की सुरक्षा प्रभावित हो रही है। विद्यालय के साथ ही व्यस्त सड़क मार्ग गुजरता है, जहां दिनभर वाहनों की आवाजाही लगी रहती है। ऐसे में बच्चों के सामने दोहरा खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि विद्यालय में मजबूत चारदीवारी का निर्माण कर दिया जाए तो बच्चे परिसर के भीतर सुरक्षित रहेंगे और सरकारी संपत्ति की भी बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी। क्षेत्र के समाजसेवी तथा इसी विद्यालय के पूर्व विद्यार्थी स्वामी ने बताया कि इस गंभीर समस्या से संबंधित विभाग को पहले भी कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और इस मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही उचित नहीं है। समाजसेवी ने उपायुक्त मंडी और संबंधित विभाग से मांग की है कि विद्यालय की छत पर शीघ्र मजबूत रेलिंग लगाई जाए तथा विद्यालय परिसर के चारों ओर चारदीवारी का निर्माण कर विद्यार्थियों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध करवाया जाए।

◆ छत के एक बड़े हिस्से में रेलिंग नहीं, न ही बनाई गई चारदीवारी

**संबोधन** सांबल में चेतना महिला मंडल के कार्यक्रम में दीपक शर्मा बोले-

# महिलाओं की भागीदारी से ही होगा समग्र विकास

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** सदर मंडी विधानसभा क्षेत्र के पंडोह क्षेत्र के सांबल गांव में चेतना महिला मंडल के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव दीपक शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। महिला मंडल की प्रधान सीमा पठानिया और सदस्यों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान दीपक शर्मा ने महिला मंडल की सदस्यों के साथ संवाद कर क्षेत्र की जनसमस्याओं और विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। महिलाओं ने पेयजल, सड़क, स्वास्थ्य सुविधाओं, आजीविका तथा अन्य स्थानीय आवश्यकताओं से जुड़े विषय उनके समक्ष रखे। उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी जनहित के मुद्दों को संबंधित विभागों और प्रदेश सरकार के समक्ष प्राथमिकता से उठाया जाएगा। अपने संबोधन में दीपक शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण, युवाओं, किसानों और समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है। उन्होंने महिलाओं को सरकार की विभिन्न योजनाओं और सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि महिलाओं की भागीदारी के बिना समग्र विकास संभव नहीं है। दीपक शर्मा ने चेतना महिला मंडल की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि महिला मंडल ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक जागरूकता और विकास को मजबूत करने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने महिला मंडल की प्रधान सीमा पठानिया सहित सभी सदस्यों को समाजहित में किए जा रहे कार्यों के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में महिला मंडल की सदस्याओं, स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों और क्षेत्रवासियों ने भाग लिया।



सांबल में आयोजित कार्यक्रम में महिला मंडल की सदस्यों से बात करते प्रदेश कांग्रेस महासचिव दीपक शर्मा।

## बोर्डों-निगमों और जिला परिषद के कर्मचारियों को मिले समान लाभ

**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमाचल प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष नरेश कुमार ने प्रदेश सरकार द्वारा 15 मई 2003 से पहले विज्ञापित व अधिसूचित पदों पर नियुक्त सरकारी कर्मचारियों के संबंध में जारी नई अधिसूचना का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू एवं प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय वर्षों से लंबित एक महत्वपूर्ण मांग को पूरा करने की दिशा में सकारात्मक एवं स्वागत योग्य कदम है। केंद्र सरकार ने वर्ष 2004 में ही इस प्रकार की व्यवस्था लागू कर दी थी, जबकि हिमाचल प्रदेश में इस वर्ग के कर्मचारियों को लंबे समय तक इस लाभ की प्रतीक्षा करनी पड़ी। नरेश कुमार ने कहा कि अब प्रदेश सरकार को इसी प्रकार का लाभ हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड, जिला परिषदों, विभिन्न बोर्डों, निगमों, स्वायत्त संस्थाओं तथा अन्य सरकारी उपक्रमों के उन कर्मचारियों को भी प्रदान करना चाहिए, जिनकी नियुक्ति 15 मई 2003 से पहले विज्ञापित पदों के आधार पर हुई थी। इन कर्मचारियों के साथ भी समानता का व्यवहार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार एक और महत्वपूर्ण विषय पर भी शीघ्र स्थिति स्पष्ट करे। जो कर्मचारी 15 मई 2003 से पहले विज्ञापित पदों पर नियुक्त हुए तथा 1 अप्रैल 2023 से पहले सेवानिवृत्त हो चुके हैं, क्या उन्हें 1 अप्रैल 2023 से पूर्व की अवधि का एरियर एवं अन्य देय वित्तीय लाभ भी प्रदान किए जाएंगे? इस संबंध में स्पष्ट आदेश जारी किए जाने चाहिए।

**निराशा** के समान दूसरा पाप नहीं। आशा सर्वोत्कृष्ट प्रकाश है तो निराशा घोर अंधकार है।

–रश्मिमाला

## संपादकीय

# दवाओं के बहाने नशे पर प्रहार

नशे की समस्या आज देश के सामने सबसे गंभीर सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों में से एक बन चुकी है। नशा युवाओं का भविष्य ही नहीं, अपितु परिवारों और समाज की बुनियाद को भी कमजोर कर रहा है। स्थिति इतनी चिंताजनक हो गई है कि नशे के आदी लोग अब मादक पदार्थों तक ही सीमित नहीं रहे, बल्कि दवाओं में भी नशा तलाशने लगे हैं। खांसी की दवाओं और अल्कोहल मिश्रित सिरप का नशे के रूप में बढ़ता दुरुपयोग लंबे समय से चिंता का विषय रहा है। ऐसे में केंद्र सरकार की ओर से 12 प्रतिशत से अधिक एथिल अल्कोहल युक्त दवाओं की खुली बिक्री पर रोक लगाने का निर्णय समयोचित और स्वागतयोग्य है।

सरकार ने ड्रग्स रूल्स, 1945 में संशोधन करते हुए 12 प्रतिशत से अधिक एथिल अल्कोहल वाली और 30 मिलीलीटर से बड़ी बोतलों में बिकने वाली पीने योग्य दवाओं को शेड्यूल एच-1 के दायरे में शामिल कर दिया है। इसका अर्थ यह है कि अब ऐसी दवाएं बिना पंजीकृत चिकित्सक के प्रिस्क्रिप्शन के न तो खरीदी जा सकेंगी और न ही बेची जा सकेंगी। इसके अलावा मेडिकल स्टोर संचालकों को इन दवाओं की बिक्री का पूरा रिकॉर्ड अलग रजिस्टर में रखना होगा, जिससे हर खरीद-बिक्री पर निगरानी रखी जा सकेगी। यह व्यवस्था दवाओं के दुरुपयोग पर अंकुश लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है। वर्षों से देखा जा रहा था कि कुछ लोग खांसी या अन्य मामूली बीमारी का बहाना बनाकर बड़ी मात्रा में कफ सिरप और अल्कोहल युक्त दवाएं खरीद लेते थे। इनका इस्तेमाल उपचार के लिए नहीं, वरन नशे के लिए किया जाता था। कई राज्यों में ऐसे मामले सामने आए, जिनमें युवाओं ने दवाओं को नशे का आसान और सस्ता साधन बना लिया। यह प्रवृत्ति कानून व्यवस्था के लिए चुनौती थी और स्वास्थ्य व्यवस्था की कमजोरियों को भी उजागर करती थी। इसलिए सरकार का यह फैसला दवा बिक्री व्यवस्था में बदलाव के साथ-साथ नशे के खिलाफ एक सशक्त अभियान का हिस्सा माना जाना चाहिए।

हालांकि यह भी सच है कि सरकार को यह कदम पहले उठाना चाहिए था। दवाओं के दुरुपयोग की शिकायतें कोई नई नहीं थीं। लंबे समय से विशेषज्ञ, चिकित्सक और सामाजिक संगठन इस विषय पर चिंता जताते रहे हैं। यदि समय रहते सख्ती की जाती तो शायद अनेक युवाओं को इस लत से बचाया जा सकता था। फिर भी, देर से ही सही, सरकार ने समस्या की गंभीरता को समझते हुए ठोस कदम उठाया है। अब आवश्यकता इस बात की है कि इस नियम का कड़ाई से पालन भी सुनिश्चित किया जाए।

केवल नियम बना देना पर्याप्त नहीं होगा। यदि मेडिकल स्टोरों पर प्रभावी निगरानी नहीं रखी गई या बिना प्रिस्क्रिप्शन दवाएं बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो इस व्यवस्था का उद्देश्य अधूरा रह जाएगा। संबंधित विभागों को नियमित निरीक्षण करना होगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई करनी होगी। इसके साथ ही ऑनलाइन माध्यमों से दवाओं की बिक्री पर भी समान रूप से निगरानी जरूरी है, ताकि कोई भी व्यक्ति नियमों का लाभ उठाकर दवाओं का दुरुपयोग न कर सके।

नशे की समस्या केवल कानून से समाप्त नहीं हो सकती। इसके लिए समाज की भी समान भागीदारी आवश्यक है। माता-पिता को अपने बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखनी होगी। विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में नशे के दुष्प्रभावों पर नियमित जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए। युवाओं को यह समझाना होगा कि क्षणिक आनंद के लिए अपनाई गई नशे की आदत जीवनभर का अभिशाप बन सकती है। एक बार इस दलदल में फंसने के बाद बाहर निकलना बेहद कठिन होता है। स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। केवल उपचार उपलब्ध कराना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि लोगों को नशे के दुष्प्रभावों और दवाओं के सुरक्षित उपयोग के बारे में लगातार जागरूक करना भी जरूरी है। गांवों से लेकर शहरों तक जनजागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए। सामाजिक संस्थाओं, शिक्षण संस्थानों और मीडिया को भी इस मुहिम में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत उसकी स्वस्थ युवा पीढ़ी होती है। यदि युवा नशे की गिरफ्त में चले जाएंगे तो देश के विकास की गति भी प्रभावित होगी।

## आज की प्रमुख हस्ती

### गूगल और अल्फाबेट के सीईओ



सुंदर पिचाई
**जन्म :** 12 जुलाई, 1972

**सुंदर पिचाई** (पूरा नाम: पिचाई सुंदरराजन) का जन्म 12 जुलाई 1972 को तमिलनाडु के मदुरै में एक साधारण तमिल परिवार में हुआ। उनके पिता रघुनाथ पिचाई एक इलेक्ट्रिकल इंजीनियर थे और माता लक्ष्मी गृहिणी थीं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा चेन्नई के जवाहर विद्यालय तथा वना वाणी विद्यालय में हुई। इसके बाद उन्होंने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), खड़गपुर से बीटेक की डिग्री प्राप्त की। उच्च शिक्षा के लिए वे अमेरिका गए, जहां उन्होंने स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय से मैटेरियल साइंस एंड इंजीनियरिंग में एमएस तथा पेनसिलवेनिया विश्वविद्यालय के व्हार्टन स्कूल से एमबीए किया। अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद सुंदर पिचाई ने एप्लाइड मैटेरियल्स और मैकिंसे एंड कंपनी में कार्य किया। वर्ष 2004 में उन्होंने गूगल में प्रवेश किया, जहां उन्होंने गूगल टूलबार, गूगल क्रोम, क्रोम ओएस, गूगल ड्राइव, जीमेल और गूगल मैप्स जैसे महत्वपूर्ण उत्पादों के विकास में अहम भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व में गूगल क्रोम विश्व का सबसे लोकप्रिय वेब ब्राउजर बना। वर्ष 2013 में उन्हें एंड्रॉयड परियोजना की जिम्मेदारी भी सौंपी गई, जिससे उनकी नेतृत्व क्षमता और अधिक स्पष्ट हुई।

10 अगस्त 2015 को सुंदर पिचाई को गूगल का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) नियुक्त किया गया और 2 अक्तूबर 2015 को उन्होंने आधिकारिक रूप से पदभार संभाला। बाद में जब गूगल की मूल कंपनी अल्फाबेट का पुनर्गठन हुआ, तब वे अल्फाबेट इंक. के भी मुख्य कार्यकारी अधिकारी बने। उनके नेतृत्व में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI), क्लाउड कंप्यूटिंग और अन्य आधुनिक तकनीकों के क्षेत्र में कंपनी ने उल्लेखनीय प्रगति की है।

सुंदर पिचाई का विवाह उनकी आईआईटी खड़गपुर की सहपाठी अंजलि पिचाई से हुआ है और उनके दो बच्चे हैं। वर्ष 2022 में भारत सरकार ने उन्हें देश के तीसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म भूषण से सम्मानित किया। अपनी मेहनत, सरल स्वभाव, नेतृत्व क्षमता और नवाचार के प्रति समर्पण के कारण सुंदर पिचाई आज विश्व के सबसे प्रभावशाली तकनीकी नेताओं में गिने जाते हैं। उनकी सफलता युवाओं के लिए प्रेरणा का महत्वपूर्ण स्रोत है।



कविता

## कोई करे तो क्या करे

उदयवीर भारद्वाज
भारद्वाज भवन, मंदिर मार्ग, कांगड़ा (हि.प्र.)

**कोई** करे तो क्या करे, साया ही जब साथ ना दे
आता नहीं कोई जख्म सीने, अपने ही जब गहरे घाव दें
मुर्दा हुआ जब, रो-रो कर चैन से सोने न देंगे
रह गया जिंदा जीने न देंगे, उत्तर सके न दिल में
पत्थर मुझे समझने वाले, क्या बुरा किया तुम्हारा
पाल लिए क्यों वहम दिल में, हैं सब अपने
प्यार मोहब्बत से जी लो यारो,लुट गया या लुटा दिया सब मैंने
इस घड़ी पास नहीं कुछ मेरे, क्यों हुआ कैसे हुआ
समझ कुछ आता नहीं, इन्तेहा से गुजर गया अंध प्यार में
परख न सका स्वार्थ तेरे, थोड़ी-थोड़ी समझ आ रही
गवा कर रिश्ते नाते सारे, क्या कहूँ
जुबां बंद है देख, बर्बादी के नजारे
कोई करे तो क्या करे, साया ही जब साथ न दे
आता नहीं कोई जख्म सीने, अपने ही जब गहरे घाव दें

# क्या 'खेती बचाओ अभियान' से बदलेगी भारतीय कृषि?

भारत तो अभी भी खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर है, परंतु यदि भारत में 50% कृषि क्षेत्र जैविक खेती में बदल जाए तो उत्पादन पर प्रभाव तो पड़ेगा। फसल उत्पादन मिट्टी और प्रबंधन पर भी निर्भर करता है। वैज्ञानिक अध्ययनों के आधार पर औसतन जैविक खेती की उपज पारंपरिक खेती से 10 से 25% कम पाई गई है। यदि इस वर्ष से भारत में जैविक खेती 50% में शुरू हो जाए तो खाद्यान्न उत्पादन 7 से 10 प्रतिशत तक कम हो सकता है। यह एक अनुमान है। 5 से 10 वर्ष तक गेहूं, धान जैसी फसलों का उत्पादन कम हो सकता है, जिसके कारण खाद्यान्नों की कीमत बढ़ सकती है और यदि जनसंख्या 1.5% की दर से बढ़ेगी तो खाद्यान्नों का आयात करना पड़ेगा।



डॉ. अशोक कुमार चौबे
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कृषि प्रसार शिक्षा

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

भारत की अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ेगा और भारत के विदेशी मुद्रा कोष से डॉलर काम होगा। हां, यदि 10 से 20 वर्ष तक जैविक खेती सही तरीके से होती रही तो मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होगा तब किसान अपनी मिट्टी और अपनी खेती को बचा लेंगे। विदेशों से जो रासायनिक खादों का आयात हो रहा है उसकी निर्भरता बहुत कम हो जाएगी। जैविक खेती से विशेष रूप से जल संरक्षण और पर्यावरण की स्थिति देश में सुधर जाएगी। यदि अच्छे किस्म के बीजों का चयन किसान सही तरीके से कर ले। सही फसल चक्र प्रणाली का चयन हो, उर्वरकों का सही मात्रा में प्रयोग हो तो फसल के उपज के अंतर को काफी काम किया जा सकता है। अब कृषि की नवीनतम तकनीकी को हर किसान के पास समय और सुगमता से पहुंचाना बहुत जरूरी है तभी भारत में जैविक खेती लाभदायक हो सकती है और खाद्यान्न सुरक्षा भी बना रहेगी। भारत में अब एक मिश्रित खेती के मॉडल की जरूरत है, जहां जैविक खेती उन्नत पारंपरिक खेती और प्राकृतिक खेती तीनों हो सकता है। यह पूर्ण रूप से किसानों की ऊपर छोड़ देना चाहिए कि कौन सा किसान जैविक खेती करना चाहता है कौन सा किसान उन्नत पारंपरिक खेती करना चाहता है। और कौन सा किसान प्राकृतिक खेती करना चाहता है, परंतु हर उत्पाद को सरकार न्यूनतम सरकारी मूल्य पर खरीदने की व्यवस्था अवश्य करे ।

यदि जैविक, खेती प्राकृतिक खेती के उत्पाद को सरकार न्यूनतम सरकारी मूल्य पर खरीदना शुरू कर देगी तो निश्चित है कि देश में जैविक खेती की ओर किसानों का रुझान बढ़ने लगेगा। भारत में 2024-25 में 357.73 मिलियन मीट्रिक टन



खाद्यान्न का उत्पादन हुआ जो आशा के अनुकूल था और 2025-26 का अनुमान है कि उत्पादन बढ़ेगा, परंतु खरीफ फसलों में कितना उत्पादन बढ़ेगा यह दो कारणों पर निर्भर है।

**पहला**-क्या मानसून सही रहेगा जैसा की मानसून वैज्ञानिकों का कहना है कि इस साल का मानसून कमजोर रहेगा। **दूसरा**-खरीफ फसलों की बिजाई के लिए रासायनिक खादों की जो मांग देश में है उसके अनुरूप रासायनिक खादों का भंडारण देश में बहुत कम है। और बहुत से किसानों को धान और अन्य फसलों की बिजाई के लिए रासायनिक खाद नहीं मिल सकता है जिसके कारण उत्पादन प्रभावित हो सकता है। भारत सरकार ने 1 जून 2026 से 'खेती बचाओ अभियान' शुरू किया, जो 30 जून तक चला। इसकी शुरुआत मध्यप्रदेश के रायसेन जिले से केंद्रीय कृषि मंत्री ने की।

अभियान का उद्देश्य कृषि भूमि की मिट्टी की गुणवत्ता को बनाए रखना, मृदा स्वास्थ्य सुधारना तथा किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग के प्रति जागरूक करना है। सफलता का वास्तविक आकलन खरीफ फसलों के उत्पादन और किसानों द्वारा रासायनिक खादों के संतुलित उपयोग से होगा। इससे पहले 'अपनी माटी पहचानो' अभियान के माध्यम से किसानों को मृदा परीक्षण कराने और उसी के आधार पर उर्वरकों का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया था। इसके बावजूद आज भी अधिकांश किसान बिना मृदा परीक्षण के असंतुलित मात्रा में रासायनिक खादों का उपयोग कर रहे हैं। इससे मिट्टी की उर्वरता घट रही है, भूमिगत जल और पर्यावरण प्रदूषित हो रहे हैं तथा खेती की लागत बढ़ रही है। यदि यही स्थिति बनी रही तो भविष्य में कृषि भूमि की उत्पादकता गंभीर रूप से प्रभावित हो सकती है।

देशभर के कृषि विज्ञान केंद्र, कृषि विवि और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संस्थानों ने किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराए हैं, लेकिन उनका प्रभावी उपयोग अभी भी सीमित है। अभियान के तहत किसानों को नियमित मृदा परीक्षण, वैज्ञानिक अनुशंसा के अनुसार उर्वरकों का प्रयोग, जैविक एवं हरी खाद अपनाने तथा कम रासायनिक खाद की आवश्यकता वाली फसलों की खेती के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

यदि किसान इस अभियान के संदेश को अपनाते हैं और रासायनिक उर्वरकों के स्थान पर जैविक विकल्पों का अधिक उपयोग करते हैं, तो मिट्टी की गुणवत्ता, जल, पर्यावरण और कृषि उत्पादन में सकारात्मक सुधार होगा। साथ ही रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता और उनके आयात में भी कमी आएगी। इस प्रकार 'खेती बचाओ अभियान' टिकाऊ, लाभकारी और पर्यावरण-अनुकूल कृषि की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हो सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# अमरनाथ हिम शिवलिंग : आस्था, विज्ञान और जलवायु परिवर्तन

हिमालय की ऊंचाइयों पर स्थित पवित्र अमरनाथ गुफा करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। यहां प्राकृतिक रूप से बनने वाला हिम शिवलिंग भगवान शिव का दिव्य स्वरूप माना जाता है। हर वर्ष लाखों श्रद्धालु कठिन यात्रा कर इसके दर्शन के लिए पहुंचते हैं। हाल के वर्षों में हिम शिवलिंग के अपेक्षाकृत जल्दी पिघलने की घटनाओं ने एक महत्वपूर्ण प्रश्न खड़ा किया है- क्या इसके पीछे जलवायु परिवर्तन, बढ़ता वैश्विक तापमान, मौसम में बदलाव या श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या जिम्मेदार है?



राजन कुमार शर्मा
गांव डुगली, उप तहसील लंबलू
जिला हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

इसका उत्तर किसी एक कारण में नहीं, बल्कि कई कारकों के संयुक्त प्रभाव में निहित है।वैज्ञानिकों के अनुसार, हिम शिवलिंग का निर्माण पूरी तरह प्राकृतिक प्रक्रिया है। गुफा के भीतर का तापमान, आर्द्रता, हवा का प्रवाह, बाहर की बर्फबारी तथा चट्टानों से टपकने वाली जल बूंदों का जमना-ये सभी मिलकर इसके आकार और स्थायित्व को प्रभावित करते हैं। इसलिए इसके जल्दी पिघलने का कारण केवल एक कारक को नहीं माना जा सकता।

जलवायु परिवर्तन का प्रभाव आज पूरी दुनिया के साथ हिमालयी क्षेत्र में भी स्पष्ट दिखाई दे रहा है। औसत तापमान में वृद्धि, बर्फबारी के पैटर्न में बदलाव और लंबे समय तक गर्म रहने वाली परिस्थितियां प्राकृतिक हिम संरचनाओं को प्रभावित करती हैं। यदि गुफा और उसके आसपास का तापमान सामान्य से अधिक रहता है, तो हिम शिवलिंग का जल्दी पिघलना स्वाभाविक है। अनेक वैज्ञानिक इसे हिमालय पर जलवायु परिवर्तन के व्यापक प्रभावों से जोड़कर देखते हैं।

दूसरी ओर, अमरनाथ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति भी गुफा की सूक्ष्म जलवायु पर कुछ प्रभाव डाल सकती है। मानव शरीर से निकलने वाली



ऊष्मा, सांसों से बढ़ने वाली नमी, कृत्रिम प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य व्यवस्थाएं स्थानीय तापमान और आर्द्रता में परिवर्तन ला सकती हैं। हालांकि अब तक उपलब्ध वैज्ञानिक प्रमाण यह सिद्ध नहीं करते कि यही अकेला या सबसे बड़ा कारण है। इस विषय पर अभी और विस्तृत शोध की आवश्यकता है। समाधान का पहला कदम अमरनाथ गुफा और उसके आसपास के पारिस्थितिकी तंत्र को अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र मानते हुए उसका वैज्ञानिक संरक्षण करना है। गुफा के भीतर तापमान, आर्द्रता, कार्बन डाइऑक्साइड तथा अन्य पर्यावरणीय मानकों की नियमित निगरानी की जानी चाहिए। इससे हिम शिवलिंग के निर्माण और संरक्षण को प्रभावित करने वाले प्राकृतिक कारकों को बेहतर ढंग से समझा जा सकेगा।

यात्रा प्रबंधन भी संरक्षण का महत्वपूर्ण हिस्सा है। श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए भीड़ का वैज्ञानिक प्रबंधन, समयबद्ध दर्शन, पर्यावरण-अनुकूल प्रकाश व्यवस्था, प्लास्टिक पर नियंत्रण तथा कचरे का वैज्ञानिक निस्तारण जैसी व्यवस्थाएँ विकसित की जानी चाहिए, ताकि गुफा के प्राकृतिक वातावरण पर न्यूनतम प्रभाव पड़े।

हिमालय को सुरक्षित रखने के लिए व्यापक स्तर पर भी प्रयास आवश्यक हैं। स्वच्छ ऊर्जा का उपयोग बढ़ाना, कार्बन उत्सर्जन कम करना, वनों का संरक्षण, वृक्षारोपण तथा प्राकृतिक संसाधनों का सतत उपयोग जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में सहायक होंगे। साथ ही प्रत्येक श्रद्धालु की भी जिम्मेदारी है कि वह यात्रा के दौरान स्वच्छता बनाए रखे, प्लास्टिक का उपयोग न करे और प्रशासन द्वारा जारी पर्यावरणीय दिशा-निर्देशों का पालन करे।

अमरनाथ का हिम शिवलिंग आस्था के साथ हिमालय के संवेदनशील पर्यावरण का भी प्रतीक है। इसके संरक्षण के लिए वैज्ञानिक अनुसंधान, पर्यावरण संरक्षण, जिम्मेदार यात्रा प्रबंधन और जन-जागरूकता आवश्यक हैं। आस्था और विज्ञान के संतुलित प्रयास ही इस अमूल्य प्राकृतिक एवं आध्यात्मिक धरोहर को आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रख सकते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# जिज्ञासु बनें विद्यार्थी, 'कब, क्यों, कैसे' की सोच विकसित करें

विद्यार्थियों में कब क्यों और कैसे जिज्ञासा भरे प्रसन्न पूछना उनके अंदर विज्ञान के प्रति भावना को दर्शाता है। अध्यापक और अभिभावकों को बच्चों के 'क्यों' और 'कैसे' वाले सवालों का जवाब हमेशा प्यार, धैर्य, सच्चाई और उम्र के अनुसार सरलता से देना चाहिए ताकि बच्चों में सीखने की ललक बनी रहे। जब बच्चे क्यों, कब, और कैसे, जैसे सवाल पूछते हैं तो वे अपनी दुनिया को समझने की कोशिश कर रहे होते हैं।



लकेश चंदेल
अध्यापक, घुमारवीं (हिमाचल गौरव राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्तकर्ता )

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

बच्चों की इस जिज्ञासा को कभी भी डांटकर दबाना नहीं चाहिए। डांटने से बच्चे का आत्मविश्वास टूट सकता है और वह भविष्य में सवाल पूछने से डरने लगता है। प्रश्न पूछने की आदत शिक्षा की नींव है इसलिए इसे हमेशा सकारात्मक रूप से लें। यह बातें रटने की प्रवृत्ति को खत्म करके मौलिक सोच, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और वास्तविक ज्ञान का विकास करती है। इससे छात्र किसी भी विषय की गहराई तक पहुंच सकते हैं और उनकी विश्लेषणात्मक क्षमता मजबूत होती है। जब छात्र 'क्यों' पूछते हैं तो वे केवल सतही जानकारी नहीं बल्कि विषय के मूल कारण और सिद्धांत को समझते हैं। समस्या समाधान 'कैसे' का सवाल छात्रों को किसी भी परिस्थिति में समाधान खोजने और तार्किक तरीके से सोचने के लिए प्रेरित करता है। सृजनात्मकता से विद्यार्थियों में नई खोज और विचारों को जन्म देने की क्षमता बढ़ती है।

यह भावना विकसित करने के लिए खुला वातावरण बनाएं, कक्षाओं और घरों में छात्रों को बिना किसी डर के सवाल पूछने की पूरी स्वतंत्रता मिलनी चाहिए तथा प्रैक्टिकल लर्निंग को बढ़ावा दें। केवल किताबों तक सीमित रहने के बजाय केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड और राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद जैसे संस्थान की प्रयोगात्मक शिक्षा पर भी जोर देना चाहिए। बच्चों में



तर्क वितर्क करने की आदत डालें। छात्रों को किसी भी जानकारी को सीधे स्वीकार करने के बजाय उसके पीछे के तथ्यों की जांच करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। किसी भी शिक्षक या मार्गदर्शक को छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए सबसे पहले एक आधुनिक मानसिकता की आवश्यकता होती है।

यह गुण उन्हें बच्चों में खुले विचारों को बढ़ावा देने में सक्षम बनाता है। शिक्षकों को कक्षा में जिज्ञासा को प्रोत्साहित करना चाहिए। जब शिक्षक किसी विद्यार्थी से किसी विशेष अवधारणा के बारे में क्यों या कैसे से संबंधित प्रश्न पूछते हैं तो विद्यार्थी कक्षा के सामने उत्तर देने में आत्मविश्वास प्राप्त करते हैं। शिक्षकों को विद्यार्थियों को ऐसे कार्य सौंपने चाहिए जिनमें उन्हें डेटा का विश्लेषण करना, समस्याओं को हल करना और अपनी आलोचनात्मक सोच का उपयोग करना पड़े।

ऐसा अभ्यास विद्यार्थियों को भविष्य के लिए तैयार करता है और उन्हें अपने करियर को आगे बढ़ाने के लिए किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में बैठने का आत्मविश्वास प्रदान करता है। जो छात्र बचपन से ही वैज्ञानिक सोच विकसित कर लेते हैं, वे अक्सर आगे चलकर वैज्ञानिक खोजों में योगदान देते हैं । ऐसा करने से राष्ट्र की समग्र प्रगति और नवाचार में योगदान मिलता है। छात्रों को वैज्ञानिक सोच के साथ भविष्य के लिए तैयार करना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। हर एक व्यक्ति वैज्ञानिक नहीं बन सकता, परंतु वैज्ञानिक सोच तो बना सकता है। वैज्ञानिक सोच से हर व्यक्ति के जीवन में बदलाव आता है। विज्ञान की पढ़ाई को रुचिकर बनाना जरूरी है तथा इस हेतु कक्षा में प्रोजेक्ट्स कार्य करवाना, वैज्ञानिक प्रदर्शनी आदि को बढ़ावा देना चाहिए। समाज में नई सोच लाने में विज्ञान व वैज्ञानिक चिंतन बहुत बड़ी भूमिका निभा सकता है।

बाल मनोविज्ञान के अनुसार, बच्चे 2 से 5 साल की उम्र के बीच सबसे अधिक क्यों, कब और कैसे के प्रश्न पूछते हैं। हार्वर्ड विश्वविद्यालय के शोध के मुताबिक, इस उम्र में बच्चे औसतन 40,000 सवाल पूछते हैं। कुल मिलाकर, बच्चों के हर प्रश्न का उत्तर विनम्रता, प्रेम व तथ्यों पर आधारित सच्चाई से देना चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# मंडी की लोक संस्कृति : नाटी और पारंपरिक वेशभूषा की अनमोल विरासत

लोकगीत, लोकनृत्य और लोक वेशभूषा किसी भी क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान होते हैं। इनके माध्यम से उस क्षेत्र के इतिहास, सामाजिक जीवन, रीति-रिवाज, भावनाओं और भौगोलिक परिस्थितियों का सहज परिचय मिलता है। हिमाचल प्रदेश के मंडी क्षेत्र की लोक संस्कृति भी अपनी समृद्ध परंपराओं, मधुर लोकगीतों, प्रसिद्ध नाटी और विशिष्ट पारंपरिक परिधानों के कारण विशेष स्थान रखती है।



डॉ. कमल के 'प्यासा'
लोअर समखेतर, मंडी

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

मंडी के लोकगीत केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि लोकजीवन का जीवंत दस्तावेज हैं। इनमें प्रेम, विरह, भक्ति, तीज-त्योहार, ऋतु परिवर्तन और पारिवारिक संबंधों का सुंदर चित्रण मिलता है। प्रेम गीतों में पति-पत्नी के स्नेह और अपनत्व का भाव दिखाई देता है, जबकि विरह गीतों में दूर रह रहे प्रियजन की याद और उससे बिछड़ने की पीड़ा मार्मिक रूप से व्यक्त होती है। इसी प्रकार धार्मिक लोकगीतों में देवी-देवताओं की स्तुति, माता की भेंटें और भजन प्रमुख हैं। इन गीतों में धार्मिक आस्था के साथ-साथ ऐतिहासिक संदर्भ भी मिलते हैं, जैसे माता के प्रति मुगल सम्राट अकबर की श्रद्धा का उल्लेख। मंडी क्षेत्र के तीज-त्योहारों से जुड़े लोकगीत सामाजिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। विशेष रूप से चैत्र मास में गाई जाने वाली छिंज और छिंजोटियां तत्कालीन समाज में महिलाओं की स्थिति का सजीव चित्र प्रस्तुत करती हैं। इन गीतों में विवाह के बाद मायके से दूर रहने वाली बेटियों का दर्द, ससुराल में मिलने वाले कष्ट, माता-पिता से मिलने की लालसा और पारिवारिक संवेदनाएं अत्यंत मार्मिक रूप में व्यक्त होती हैं।

इन लोकगीतों से उस समय की सामाजिक व्यवस्था, महिलाओं की भावनाओं और पारिवारिक संबंधों की वास्तविक झलक मिलती है। जन्म से लेकर विवाह तक प्रत्येक संस्कार के अपने लोकगीत हैं। जन्म के अवसर पर बधाई गीत तथा विवाह में लगन, मेहंदी, तेल, सेहरा, घोड़ी, फेरे, विदाई और धाम जैसे अनेक अवसरों पर अलग-अलग



गीत गाए जाते हैं। इन गीतों के माध्यम से लोक परंपराओं का संरक्षण होता है। मंडी की नाटी हिमाचल की सबसे लोकप्रिय लोकनृत्य परंपराओं में से एक है। यह सामूहिक नृत्य मेलों, त्योहारों, विवाह समारोहों और अन्य सामाजिक अवसरों पर किया जाता है। नाटी में महिलाएं और पुरुष बिना किसी भेदभाव के एक साथ भाग लेते हैं। ढोल, नगाड़ा, शहनाई, करनाल और नरसिंघा जैसे पारंपरिक वाद्ययंत्र इसकी विशेष पहचान हैं। कृषि से जुड़े अवसरों पर बिरसू नाटी और सैरी नाटी जैसी विशेष नाटियों का आयोजन भी स्थानीय जीवन और प्रकृति से गहरे संबंध को दर्शाता है। मंडी की पारंपरिक वेशभूषा भी इसकी सांस्कृतिक पहचान का अभिन्न अंग है। पुरुष विशेष अवसरों पर चोलू, चूड़ीदार पायजामा, पटका, पहाड़ी टोपी और पारंपरिक जूते पहनते हैं, जबकि महिलाएं ढाठू, झगी, सुथन और काला पट्टू धारण करती हैं।

इनके साथ सोने-चांदी के आभूषण, जैसे नथ, तिल्ली, टीक, चूड़ियां, हार और पाजेब, पारंपरिक श्रृंगार को पूर्णता प्रदान करते हैं। यद्यपि आधुनिक जीवनशैली के कारण इन परिधानों का दैनिक उपयोग कम हो गया है, फिर भी विवाह, नाटी और धार्मिक आयोजनों में इनकी परंपरा आज भी जीवित है। मंडी की लोक संस्कृति केवल गीत, नृत्य और वेशभूषा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक मूल्यों, पारिवारिक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत का सशक्त माध्यम है।

इन लोक परंपराओं का संरक्षण हमारी सांस्कृतिक पहचान को सुरक्षित रखने के लिए अत्यंत आवश्यक है। नई पीढ़ी यदि इन्हें अपनाए और आगे बढ़ाए, तो यह अमूल्य धरोहर आने वाले समय में भी अपनी समृद्ध पहचान बनाए रखेगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## स्पोर्ट्स विंडो

### अदिति ने एवियन चैंपियनशिप में कट में बनाई जगह

**एवियन-लेस-बैंस (फ्रांस):** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने दूसरे दौर में एक अंडर 70 का स्कोर बनाकर अमुंडी एवियन चैंपियनशिप के कट में जगह बनाई। लेडीज यूरोपियन टूर में पांच बार की विजेता अदिति का 36 होल के बाद कुल स्कोर दो अंडर है और वह संयुक्त 38वें स्थान पर हैं। अदिति अपना 38वां मेजर टूर्नामेंट खेल रही हैं, जो किसी भी भारतीय पुरुष या महिला गोल्फर के लिए एक बड़ा रिकॉर्ड है। वह इस प्रतियोगिता में नौ बार में से पांचवीं बार कट में जगह बनाने में सफल रही। उन्होंने दूसरे दौर में चार बर्डी लगाई और इस बीच तीन बोगी भी की। इंग्लैंड की लॉटी वोड सात अंडर 64 का शानदार राउंड खेलकर आधे चरण के बाद 11 अंडर-पार के साथ शीर्ष पर पहुंच गई हैं। (अनंत ज्ञान)

### अनिमेष ने 100 मीटर की दौड़ में दूसरा स्थान किया हासिल

**एजेंसी, वेटज़लर (जर्मनी)।** राष्ट्रमंडल खेलों के लिए क्वालीफाई कर चुके फर्राटा धावक अनिमेष कुजूर ने विदेशी धरती पर किसी भारतीय का 100 मीटर दौड़ में अब तक का सबसे तेज समय निकालकर 'वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर चैलेंजर प्रतियोगिता फास्ट आर्म्स फास्ट लेग्स मीट' में दूसरा स्थान हासिल किया। इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने फाइनल में 10.14 सेकंड के अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ फिनिश लाइन पार की। उन्होंने इससे पहले क्वालीफाइंग में 10.19 सेकंड का समय निकाला था। फाइनल में निकाला गया उनका समय किसी भारतीय का दूसरा सबसे तेज समय है। गुरिंदरवीर सिंह ने मई में रांची में फेडरेशन कप में 10.09 सेकंड का समय निकालकर राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था। अनिमेष मुख्य रूप से 200 मीटर दौड़ में भाग लेते हैं और वह इस स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक भी हैं। वह ग्लास्गो में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों में पहली बार भाग लेंगे। (अनंत ज्ञान)

### भारतीय जीएम इनियन ने छठा ला प्लाग्ने ओपन जीता

**एजेंसी, ला प्लाग्ने (फ्रांस)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर पी इनियन ने यहां आयोजित छठे ला प्लाग्ने ओपन अंतरराष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट के मास्टर्स वर्ग में अपराजित रहते हुए खिताब अपने नाम कर लिया। 23 साल के इनियन ने नौ दौर में 7.5 अंक हासिल कर खिताब जीता। भारतीय खिलाड़ी ने टूर्नामेंट में भी एक भी बाजी नहीं गंवाई। उन्होंने छह मुकाबले जीते और तीन ड्रॉ खेले जिससे वह स्पष्ट बढ़त के साथ चैंपियन बने। इस टूर्नामेंट में 20 देशों के 142 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिनमें 13 ग्रैंडमास्टर और 22 अंतरराष्ट्रीय मास्टर शामिल थे। पहले दौर में वॉकओवर मिलने और दूसरे दौर का मुकाबला ड्रॉ रहने के बाद इनियन ने लगातार दो जीत दर्ज कर लय हासिल की। पांचवें दौर में एक और ड्रॉ के बाद उन्होंने लगातार तीन मुकाबले जीतकर खिताब लगभग सुनिश्चित कर लिया। इस दौरान उन्होंने तीसरे स्थान पर रहे इटली के ग्रैंडमास्टर लुका मोरोनी और उप विजेता रहे यूक्रेन के इंटरनेशनल मास्टर दानियिल मोसेसोव को महत्वपूर्ण मुकाबलों में हराया। (अनंत ज्ञान)

### डायमंड लीग में सर्वेश कुशारे का शानदार डेब्यू, हाई जंप में जीता कांस्य पदक

**एजेंसी, मोनाको।** भारत के राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी हाई जंप खिलाड़ी सर्वेश कुशारे ने डायमंड लीग में अपने पदार्पण मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। मोनाको में आयोजित प्रतियोगिता में कुशारे ने 2.26 मीटर की छलांग लगाकर पोडियम पर जगह बनाई। स्पर्धा का स्वर्ण पदक यूक्रेन के ओलेह डोरोश्चुक ने 2.32 मीटर की छलांग के साथ जीता, जबकि ग्रेट ब्रिटेन के हैमिश केर ने 2.30 मीटर के प्रयास से रजत पदक हासिल किया। हालांकि, कुशारे अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड 2.31 मीटर की बराबरी नहीं कर सके। उन्होंने यह रिकॉर्ड हाल ही में भुवनेश्वर में आयोजित 65वीं राष्ट्रीय अंतरराज्यीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बनाया था, जहां उन्होंने तेजस्विन शंकर का पुराना रिकॉर्ड तोड़ा था। डायमंड लीग में कई बड़े नामों के बीच कुशारे का प्रदर्शन भारतीय एथलेटिक्स के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। इस प्रदर्शन से आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए उनका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। (अनंत ज्ञान)

### शॉटगन विश्व कप: नीरू ढांडा का शानदार प्रदर्शन

**एजेंसी, लोनाटो (इटली):** भारत की नीरू ढांडा ने आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप की महिला ट्रैप स्पर्धा में शानदार शुरुआत करते हुए क्वालीफाइंग के पहले तीन राउंड में लगातार 25-25 का परफेक्ट स्कोर बनाकर 75 अंक के साथ बढ़त हासिल कर ली। 26 वर्षीय मौजूदा एशियाई और राष्ट्रीय चैंपियन नीरू 106 निशानेबाजों में पहले स्थान पर हैं। उन्होंने अमेरिका की राहेल टोज़ियर और स्लोवाकिया की ज़ुज़ाना रेहाक स्टेफेसेकोवा पर दो अंक की बढ़त बना रखी है। मई में अल्माटी विश्व कप में मिश्रित ट्रैप टीम स्पर्धा का कांस्य जीत चुकी नीरू फाइनल की प्रबल दावेदार हैं। भारत की मनीषा कीर (69) 17वें और आशिमा अहलावत (61) 84वें स्थान पर हैं। क्वालीफाइंग के दो राउंड बाकी हैं, जिसके बाद शीर्ष आठ निशानेबाज फाइनल में जगह बनाएंगे। पुरुष ट्रैप में भारत का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। (अनंत ज्ञान)

## फीफा विश्व कप | मिकेल मेरिनो ने दागा आखिरी मिनट में गोल

# बेल्जियम को हराकर स्पेन सेमीफाइनल में

**एजेंसी, लॉस एंजिलिस**



सुपर सब मिकेल मेरिनो ने लगातार दूसरे नॉकआउट मुकाबले में अंतिम क्षणों में गोल दागकर स्पेन को फीफा विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल में पहुंचा दिया। स्पेन ने रोमांचक क्वार्टर फाइनल में बेल्जियम को 2-1 से हराया और अब उसका सामना सेमीफाइनल में फ्रांस से होगा।

आर्सेनल के मिडफील्डर मेरिनो 86वें मिनट में मैदान पर उतरे और केवल दो मिनट बाद ही निर्णायक गोल कर स्पेन को जीत दिला दी। बेल्जियम के स्थानापन्न गोलकीपर सेन्ने लैमेंस ने पाउ क्यूबार्सी के शॉट को रोकने की कोशिश की, लेकिन गेंद सीधे मेरिनो के पास पहुंची और उन्होंने कोई गलती नहीं की। इससे पहले राउंड ऑफ-16 में भी मेरिनो ने पुर्तगाल के खिलाफ 91वें मिनट में विजयी गोल कर स्पेन को क्वार्टर फाइनल में पहुंचाया था।

मैच के बाद मेरिनो ने कहा, 'मेरे पास शब्द नहीं हैं। एक बार ऐसा होना ही अविश्वसनीय था, लेकिन लगातार दूसरी बार ऐसा होना और भी खास है। यह किस्मत नहीं, बल्कि तैयारी का नतीजा है। जब मैं मैदान पर उतरता हूं तो हमेशा टीम की मदद करने के लिए तैयार रहता हूं। मेरे साथी लगातार कह रहे थे कि मैं फिर गोल करूंगा। मैं हमेशा टीम के लिए योगदान देना चाहता हूं।' उन्होंने आगे कहा, 'किसी बड़े टूर्नामेंट में स्पेन के लिए यह मेरा तीसरा मैच विजयी गोल है। पिछले यूरो कप के क्वार्टर फाइनल में भी मैंने जर्मनी के खिलाफ 119वें मिनट में गोल किया था। अभी विश्व कप जीतने के लिए हमारे पास दो और मैच हैं और उम्मीद है कि हम यह सपना पूरा करेंगे। अपने परिवार के साथ इन पलों को जीना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।'

स्पेन के मुख्य कोच लुइस डी ला फुएंते ने मेरिनो की जमकर तारीफ करते हुए कहा, 'मिकेल अविश्वसनीय खिलाड़ी हैं। उनके पास कई शानदार गुण हैं और वह किसी भी पोजीशन पर खेल सकते हैं। जब भी हमें उनकी जरूरत होती है, वह हमेशा टीम के लिए खड़े रहते हैं।' स्पेन ने पहला गोल फाबियान रुइज के जरिए किया था, लेकिन बेल्जियम के चार्ल्स डी केटेलारे ने हाफ टाइम से पहले बराबरी दिला दी। दूसरे हाफ में बेल्जियम ने स्पेन के लगातार हमलों का मजबूती से सामना किया, लेकिन अंत में मेरिनो ने जीत दिला दी। अब स्पेन का सामना सेमीफाइनल में फ्रांस से होगा। दोनों टीमों की पिछली दो बड़ी भिड़ंतों में स्पेन ने जीत दर्ज की थी। इस मुकाबले पर कोच डी ला फुएंते ने कहा, 'दो शानदार टीमें आमने-सामने होंगी। दोनों एक-दूसरे से सावधान रहेंगी। हमने उन्हें लगातार दो बार हराया है और इस बार भी उन्हें बाहर करने के लिए पूरी ताकत लगाएंगे।' (अनंत ज्ञान)

# विंबलडन-2026 : जोकोविच को हराकर जैनिक सिनर फाइनल में

**एजेंसी, लंदन**



विश्व नंबर-1 और मौजूदा चैंपियन इटली के जैनिक सिनर ने विंबलडन 2026 के सेमीफाइनल में सात बार के चैंपियन सर्बिया के नोवाक जोकोविच को लगातार दूसरे साल मात देते हुए शानदार अंदाज में फाइनल में प्रवेश कर लिया।

सिनर ने जोकोविच को 6-4, 6-4, 6-4 से हराकर खिताबी मुकाबले में अपनी जगह पक्की की, जहां उनका सामना रविवार को जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा। 39 वर्षीय जोकोविच पूरे मुकाबले में लय हासिल नहीं कर सके। मैच के बाद उन्होंने अपनी हार को 'पुरानी शैली की एकतरफा हार' बताया और स्वीकार किया कि वह हर शॉट पर 'आधा कदम पीछे' रह गए।

सिनर ने पूरे मैच में शानदार सर्विस की। उन्होंने 16 ऐस लगाए, पहली सर्विस पर 88 प्रतिशत अंक जीते और दूसरी सर्विस पर भी 61 प्रतिशत अंक अपने नाम किए। उनकी सटीक सर्विस और आक्रामक खेल के सामने जोकोविच को कोई जवाब नहीं मिला। पूरे मुकाबले में जोकोविच को केवल एक ब्रेक प्वाइंट मिला और वह भी तीसरे सेट में, लेकिन सिनर ने उसे भी ऐस के साथ बचा लिया। इसके बाद एक दमदार स्मैश और फिर एक और ऐस लगाकर उन्होंने मैच पर पूरी तरह नियंत्रण बनाए रखा।

हार के बावजूद जोकोविच ने कहा, 'मैं शारीरिक रूप से ठीक महसूस कर रहा था। टूर्नामेंट की शुरुआत जितना तरोताजा नहीं था, लेकिन फिट था। सिनर आज मुझसे कहीं बेहतर थे और पूरे मैच में हावी रहे। उन्हें जीत की बधाई देनी होगी। उन्होंने शानदार खेल दिखाया।' वहीं, हार के बाद सर्बियाई खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने संन्यास की अटकलों को खारिज कर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह अभी भी टेनिस खेलना चाहते हैं और अगले साल विंबलडन में वापसी की उम्मीद रखते हैं। (अनंत ज्ञान)

# सेमीफाइनल में स्पेन से डरकर रहे फ्रांस : यामल

**एजेंसी, इंगलवुड (अमेरिका)**



स्पेन के युवा स्ट्राइकर लामिन यामल ने फ्रांस के खिलाफ मंगलवार को होने वाले बहुप्रतीक्षित सेमीफाइनल से पहले शाब्दिक जंग शुरू करते हुए अपने कट्टर प्रतिद्वंदी से कहा है कि वह उनकी टीम से डरकर रहे। स्पेन ने बेल्जियम को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया अब उसका मुकाबला फ्रांस से होगा।

यामल ने मैच के बाद कहा, ''मेरा मानना है कि अगर फ्रांस को किसी से डरना चाहिए, तो वह हमारी टीम होनी चाहिए। हमने पहले भी उन्हें बड़ी प्रतियोगिताओं में बाहर का रास्ता दिखाया है।'' स्पेन ने 2024 यूरोपीय चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में फ्रांस को हराया था। उसने पिछले साल नेशंस लीग में भी उसे पराजित किया था। यामल तब इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में गोल करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे।

बेल्जियम के खिलाफ मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए यामल ने कहा, ''हम किसी से नहीं डरते। यह स्पष्ट है कि यह मुकाबला दो दिग्गज टीमों के बीच होगा। मेरे लिए उनकी सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक है। देखते हैं आगे क्या होता है।'' स्पेन और फ्रांस ने मौजूदा टूर्नामेंट में अभी तक एक भी मैच नहीं गंवाया है।

स्पेन ने अभी तक केवल एक गोल खाया है जबकि फ्रांस ने अपने छह विश्व कप मैचों में 16 गोल दागे हैं। फ्रांस पिछले दो विश्व कप फाइनल में पहुंचा है और 2018 में उसने खिताब जीता था। स्पेन केवल एक बार 2010 में विश्व कप फाइनल में पहुंचा है जब वह चैंपियन बना था। (अनंत ज्ञान)

# होर्मुज पर अमेरिका ने ईरान से मांगी खुली आवाजाही की गारंटी

**एजेंसी, वॉशिंगटन/तेहरान**

अमेरिका ने ईरान से रणनीतिक रूप से अहम होर्मुज जलडमरूमध्य को सभी वाणिज्यिक जहाजों के लिए पूरी तरह खुला रखने और जहाजों पर किसी भी तरह के हमले या टोल नहीं लगाने की सार्वजनिक घोषणा करने की मांग की है। अमेरिकी अधिकारियों को उम्मीद है कि शनिवार को ओमान में होने वाली वार्ता के बाद तेहरान इस पर सकारात्मक रुख अपनाएगा।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, अमेरिका चाहता है कि ईरान स्पष्ट आश्वासन दे कि होर्मुज से गुजरने वाले सभी नौवहन मार्ग खुले रहेंगे और किसी जहाज से शुल्क नहीं लिया जाएगा। वैश्विक समुद्री तेल और एलएनजी व्यापार का बड़ा हिस्सा इसी जलमार्ग से गुजरता है, इसलिए इसकी सुरक्षा अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा आपूर्ति के लिए बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है।

अमेरिकी अधिकारियों ने संकेत दिया है कि यदि ओमान वार्ता के बाद ईरान अपेक्षित रुख नहीं अपनाता, तो उसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। एक अधिकारी ने कहा कि तेहरान के अगले कदम पर अमेरिका की प्रतिक्रिया निर्भर करेगी। इस बीच, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वार्ता जारी रहेगी, लेकिन साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि 'युद्धविराम खत्म हो गया है।'

उधर, ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने ट्रंप के उस दावे को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि तेहरान ने नए दौर की वार्ता का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि यदि अमेरिका युद्धविराम का उल्लंघन करता है तो ईरान जवाबी कार्रवाई करेगा। ईरानी मीडिया के मुताबिक, विदेश मंत्री अब्बास अरागची शनिवार को ओमान में क्षेत्रीय मध्यस्थों से मुलाकात करेंगे, जहां तनाव कम करने और होर्मुज जलडमरूमध्य की स्थिति पर चर्चा होने की संभावना है। (अनंत ज्ञान)

# पुस्तकालयों में युवाओं की भीड़ ही देश का भविष्य : अमित शाह

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि किसी भी राष्ट्र का भविष्य उसकी आर्थिक समृद्धि से नहीं, बल्कि उसके पुस्तकालयों में आने वाले युवाओं की संख्या से तय होता है। उन्होंने युवाओं से पुस्तकालयों से जुड़ने और अध्ययन की आदत विकसित करने का आह्वान किया। नई दिल्ली में जयप्रकाश नारायण सार्वजनिक पुस्तकालय के उद्घाटन के अवसर पर शाह ने कहा कि ज्ञान और विवेक ही राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी ताकत हैं और पुस्तकालय इसका प्रमुख माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी विषय पर राय बनाने से पहले उसका गहन अध्ययन जरूरी है और पुस्तकालय इसके लिए सर्वोत्तम स्थान हैं।

शाह ने गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र में पुस्तकालयों के विकास का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां गांव-गांव में पुस्तकालय, केंद्रीय लाइब्रेरी और मोबाइल लाइब्रेरी वैन की व्यवस्था की गई है, जिससे छात्रों तक किताबें पहुंच रही हैं। उन्होंने कहा कि दो मंजिला जयप्रकाश नारायण सार्वजनिक पुस्तकालय में 32 हजार से अधिक पुस्तकें, आधुनिक रीडिंग एरिया, शोध कक्ष, निशुल्क वाई-फाई और एक करोड़ से अधिक ई-पुस्तकों वाली ई-लाइब्रेरी उपलब्ध है। लोकनायक जयप्रकाश नारायण को श्रद्धांजलि देते हुए शाह ने उन्हें लोकतंत्र का प्रबल प्रहरी बताते हुए कहा कि उनका जीवन और विचार आज भी राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरणास्रोत हैं। (अनंत ज्ञान)


**व अदालत नायव तहसीलदार एवं सहायक समाहर्ता, श्रेणी-॥ भवारना जिला कांगड़ा (हि. प्र.)**

मुक्दमा न0 812567/2026
किस्म मुक्दमा नाम दरुस्ती
तारीख पेशी 11/8/2026
तृप्ता कुमारी पुत्री श्री रोशन लाल निवासी महाल डरोह खास उप-तहसील भवारना जिला कांगड़ा हि.प्र. ।

**बनाम आम जनता**

**विषयः- नाम की दरुस्ती करने बारे ।**

प्रार्थी तृप्ता कुमारी पुत्री श्री रोशन लाल निवासी महाल डरोह खास उप-तहसील भवारना जिला कांगड़ा हि. प्र. ने इस अदालत में प्रार्थना पत्र मय स्वघोषणा पत्र द्वारा सूचित किया है कि उसका असल नाम तृप्ता कुमारी है। उनके अन्य अभिलेख में भी इसी नाम से प्रविष्टी दर्ज है। जवकि महाल डरोह खास पटवार वृत डरोह के राजस्व अभिलेख में प्रार्थी का नाम तृप्ता देवी दर्ज है। जोकि गलत है। अतः प्रार्थी महाल डरोह खास पटवार वृत डरोह के राजस्व रिकॉर्ड में अपने नाम की दरुस्ती करवाना चाहती है। अतः इस मुस्त्रीमुन्यादी चस्पानगी के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त व्यक्ति के नाम की दरुस्ती वारे किसी को कोई उज्र/एतराज हो तो वह दिनांक 11/8/2026 को असालतन व वकालतन इस कार्यालय मे हाजिर होकर उज्र पेश कर सकता है। हाजिर न आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।
आज दिनांक 09-07-2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।

**सहायक समाहर्ता, श्रेणी-॥ भवारना जिला कांगड़ा (हि. प्र.)**

---

**कार्यालय ग्राम पंचायत ढलवान विकास खंड गोपालपुर, तहसील सरकाघाट, जिला मंडी (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत ढलवान के अंतर्गत वित्त वर्ष 2026-27 के लिए निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु कोटेशन/निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि 24/07/2026 शाम 5 बजे तक है। इच्छुक फर्म/व्यक्ति अपनी निविदा डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। प्राप्त निविदाएं 28/07/2026 को समिति के समक्ष खोली जाएंगी।

सामग्री विवरण

| क0 | सामान वस्तु नाम | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | रेत क्रशर | प्रति घन मीटर |
| 2 | रेत प्लांट | प्रति घन मीटर |
| 3 | पक्की ईंट (ABC ग्रेड) – 1000 Nos. | |
| 4 | बजरी क्रशर | प्रति घन मीटर |
| 5 | पत्थर (Cut Stone) | प्रति घन मीटर |
| 6 | सोलिंग/बोल्डर पत्थर | प्रति घन मीटर |
| 7 | J.C.B. मशीन द्वारा कटान | प्रति घंटा/ प्रति घन मीटर |
| 8 | शटरिंग (भवन निर्माण/अन्य) | प्रति वर्ग मीटर एवं रनिंग मीटर |
| 9 | सामग्री ढुलाई | |
| 10 | सीमेंट | प्रति कि.मी. |
| 11 | Sign Board (Standard Size per Board) | |
| 12 | Water Cooler (20, 40, 60, 80 Ltr.) | with & without fitting |
| 13 | Segregation Shed | |
| 14 | Cement/Concrete Bench | |
| 15 | Steel Benches | |
| 16 | Painting & Writing of Sign Board | |
| 17 | Mixture Machine | |
| 18 | Dustbins | (विभिन्न क्षमता) |

1निविदादाता के पास Active GST पंजीकरण होना अनिवार्य है। 2. निविदा लेटर पैड पर संबंधित पंचायत को भेजनी होगी। 3. बिल के साथ Valid Rate List तथा Form X एवं W का Valid Transit Pass जमा करवाना होगा। 4. सभी करों का लेन-देन सरकार के प्रावधानों के अनुसार होगा। 5. सामग्री लोक निर्माण विभाग (PWD) की स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होनी चाहिए। 6. दरें अंकों एवं शब्दों दोनों में स्पष्ट रूप से लिखी हों। 7. निर्माण सामग्री कार्यस्थल/सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। 8. सफल निविदादाता को 20,000/- सुरक्षा राशि तथा 1,000/- (नॉन-रिफंडेबल) आवेदन शुल्क संबंधित पंचायत में जमा करवाना होगा। 9. यदि समयानुसार सामग्री उपलब्ध नहीं करवाई गई तो सुरक्षा राशि जब्त कर ली जाएगी तथा आवश्यक सामग्री बाजार भाव पर खरीदकर निविदा निरस्त की जा सकती है। 10. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकार/अस्वीकार करने तथा समान दर होने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं को कार्य आवंटित करने एवं निविदा किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा। 11. सामग्री राशि का भुगतान TA/JE की पैमाइश के उपरांत किया जाएगा तथा बिलों के साथ मात्रा सहित Valid Transit Pass Form X एवं W संलग्न करना अनिवार्य होगा, अन्यथा भुगतान नहीं किया जाएगा। 12. सामग्री का अंतिम मूल्य निर्माण विभाग की Justification तथा सफल निविदादाता के साथ Negotiation के उपरांत निर्धारित किया जाएगा तथा सफल निविदादाता को Undertaking देनी होगी।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत ढलवान**
**विकास खंड गोपालपुर, तहसील सरकाघाट, जिला मंडी (हि.प्र.)**

---

**कार्यालय ग्राम पंचायत गाहर विकास खंड गोपालपुर, तहसील सरकाघाट, जिला मंडी (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत गाहर के अंतर्गत वित्त वर्ष 2026-27 के लिए निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु कोटेशन/निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि 22/07/2026 शाम 5 बजे तक है। इच्छुक फर्म/व्यक्ति अपनी निविदा डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। प्राप्त निविदाएं 24/07/2026 को समिति के समक्ष खोली जाएंगी।

सामग्री विवरण

| क0 | सामान वस्तु नाम | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | रेत क्रशर | प्रति घन मीटर |
| 2 | रेत प्लांट | प्रति घन मीटर |
| 3 | पक्की ईंट (ABC ग्रेड) – 1000 Nos. | |
| 4 | बजरी क्रशर | प्रति घन मीटर |
| 5 | पत्थर (Cut Stone) | प्रति घन मीटर |
| 6 | सोलिंग/बोल्डर पत्थर | प्रति घन मीटर |
| 7 | J.C.B. मशीन द्वारा कटान | प्रति घंटा/ प्रति घन मीटर |
| 8 | शटरिंग (भवन निर्माण/अन्य) | प्रति वर्ग मीटर एवं रनिंग मीटर |
| 9 | सामग्री ढुलाई | |
| 10 | सीमेंट | प्रति कि.मी. |
| 11 | Sign Board (Standard Size per Board) | |
| 12 | Water Cooler (20, 40, 60, 80 Ltr.) | with & without fitting |
| 13 | Segregation Shed | |
| 14 | Cement/Concrete Bench | |
| 15 | Steel Benches | |
| 16 | Painting & Writing of Sign Board | |
| 17 | Mixture Machine | |
| 18 | Dustbins | (विभिन्न क्षमता) |

1निविदादाता के पास Active GST पंजीकरण होना अनिवार्य है। 2. निविदा लेटर पैड पर संबंधित पंचायत को भेजनी होगी। 3. बिल के साथ Valid Rate List तथा Form X एवं W का Valid Transit Pass जमा करवाना होगा। 4. सभी करों का लेन-देन सरकार के प्रावधानों के अनुसार होगा। 5. सामग्री लोक निर्माण विभाग (PWD) की स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होनी चाहिए। 6. दरें अंकों एवं शब्दों दोनों में स्पष्ट रूप से लिखी हों। 7. निर्माण सामग्री कार्यस्थल/सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। 8. सफल निविदादाता को 20,000/- सुरक्षा राशि तथा 1,000/- (नॉन-रिफंडेबल) आवेदन शुल्क संबंधित पंचायत में जमा करवाना होगा। 9. यदि समयानुसार सामग्री उपलब्ध नहीं करवाई गई तो सुरक्षा राशि जब्त कर ली जाएगी तथा आवश्यक सामग्री बाजार भाव पर खरीदकर निविदा निरस्त की जा सकती है। 10. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकार/अस्वीकार करने तथा समान दर होने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं को कार्य आवंटित करने एवं निविदा किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा। 11. सामग्री राशि का भुगतान TA/JE की पैमाइश के उपरांत किया जाएगा तथा बिलों के साथ मात्रा सहित Valid Transit Pass Form X एवं W संलग्न करना अनिवार्य होगा, अन्यथा भुगतान नहीं किया जाएगा। 12. सामग्री का अंतिम मूल्य निर्माण विभाग की Justification तथा सफल निविदादाता के साथ Negotiation के उपरांत निर्धारित किया जाएगा तथा सफल निविदादाता को Undertaking देनी होगी।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत गाहर**
**विकास खंड गोपालपुर, तहसील सरकाघाट, जिला मंडी (हि.प्र.)**

---

**कार्यालय ग्राम पंचायत घाड़**
**विकास खंड भवारना, तह. पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

यह कि बैठक में प्रस्तात रखा गया कि ग्राम पंचायत घाड़ वित्त वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न मदों से किए जाने वाले विकास कार्यों हेतु सामग्री क्रय करने हेतु निविदाएं आमंत्रित की जानी हैं। सामग्री का विवरण निम्न प्रकार से है। 1. क्रैशर रेत-प्रति घन फुट, 2. क्रैशर बजरी-प्रति घन फुट, 3. क्रैशर गटका-प्रति घन फुट, 4. बोल्डर-प्रति घन फुट, 5. फाडा पत्थर-प्रति घन फुट, 6. ईंट अब्बल- प्रति ईंट, 7. ईंट दोम- प्रति ईंट, 8. कट स्टोन-प्रति पथ्थर, 9. जेसीबी खुदाई कार्य-प्रति घंटा, 10. शटरिंग लकड़ी-प्रति वर्ग फुट, 11. शटरिंग लोहा-प्रति वर्ग फुट, 12. साईन बोर्ड सीमेंट लिखाई-प्रति वर्ग फुट, 13. दीवार पेंटिंग साईन बोर्ड-प्रति दीवार, 14. सीमेंट ढुलाई सरकारी सिद्धपुर से घाड़ सीमेंट स्टोर तक-प्रति बैग, 15. टाईल आईएसआई/पेवर टाईल व सीमेंट बैग लेवर लोडिंग व अनलोडिंग -प्रति बैग। स्टोर से कार्यस्थल तक। इच्छुक सप्लायर /फर्म दिनांक 21.07.26 तक शाम 5.00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत घाड़ में पंचायत प्रधान/सचिव के पास कुटेशन सीलबंद लिफाफे में पंजीकृत पत्र या स्वयं जमा करवाएं। सप्लायार/फर्म के पास अपना जीएसटी नं. होना चाहिए। रेट जीएसटी व FOR सहित होने चाहिए। सामग्री की मात्रा व गुणवत्ता सही होनी चाहिए। सप्लायर को सामग्री के साथ एम फार्म देने होंगे साथ में शपथ पत्र देना होगा। फर्म सप्लायर की दायगी एमबी (तकनीकी मूल्यांकन) होने पर ही की जाएगी। किसी भी वाद-विवाद की स्थिति में ग्राम पंचायत घाड़ का निर्णय अंतिम होगा। सप्लायर के द्वारा समय पर ही सामग्री सप्लाई की आपूर्ती ना करने पर बिना नोटिस के कुटेशन को रद्द करके फर्म/सप्लायर को ब्लैक लिस्ट कर दिया जाएगा। कुटेशन के साथ रू.25000/- अग्रिम राशि /एफडी पंचायत में जमा करवानी होगी। कुटेशन दिनांक 25.07.2026 को पंचायत बैठक में प्रातः 11.00 बजे कमेटी के समक्ष खोली जाएंगी। प्रस्ताव सर्वसहमती से पास हुआ।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत घाड़**
**विकास खंड भवारना, तह. पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

---

**कार्यालय ग्राम पंचायत लुहाखर**
**विकास खंड बल्ह, जिला मण्डी (हि. प्र.)**

**निविदा सूचना**

सर्व साधरण को सूचित किया जाता है की ग्राम पंचायत लुहाखर द्वारा वितीय वर्ष 2026-27 के लिए मनरेगा ,15वां वितायोग ,वाटर सेड ,SBM, 16FC व अन्य समस्त मदों के विकास कार्यो में प्रयोग होने वाली सामग्री के क्रय/सप्लाई हेतू इच्छुक फर्म/एजेंसी अपनी निविदाएं/कुटेशन निर्धारित दिनांक /समय /स्थान पर सील बंद लिफाफे में सम्बन्धित प्रधान ग्राम पंचायत /सचिव के पास पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है । निर्धारित दिनांक/समय/के बाद व स्थान के अलावा कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी । सील बंद प्राप्त निविदाओं को पंचायत कार्यकारिणी /गठित कमेटी के समक्ष निर्धारित समय पर खोला जाएगा । **आवश्यक नियम व शर्ते** :- 1 .निविदा दाता के पास अपना पंजीकरण नम्बर निविदा पर भरना सुनिशिचित करे। इसके साथ R.C.NO.,GST, CST. NO. व बैंक खाता की छाया प्रति लगाना अति आवश्यक है । 2. साम्रगी दर क्यूविक.मी.के हिसाब से होनी चाहिए ,दरसभी प्रकार के टैक्स आदि सहित होनी चाहिए। 3.ठेकेदार आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित रू FROM उपलब्ध न करवाने की स्थिति में सामग्री सम्बन्धी रॉयल्टी वर्तमान में मु0 ........./- रूपये प्रति घन मीटर के हिसाब से काटी जाएगी । (वर्तमान में रू्स्न्हक्रूका उपलब्ध करवाना अनिवार्य है ) 4.सभी निविदाएं सील बन्द लिफाफे में देनी अनिवार्य होगी । अधूरी व खुली निविदाएं मान्य नहीं होगी। 5. GST/CST दरें निविदा प्रपत्र में भरी गई दरों में ही शामिल होगी । 6.पंचायत पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के परिवार से सम्बन्धित सदस्यों की निविदाएं मान्य नहीं होगी। 7.सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी । 8.दर अंको व शब्दों दोनों में लिखी होनी चाहिए । 9.निर्माण सामग्री कार्य स्थल /सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी । 10. पारित निविदादाता को मु0-250000/-रूपये धरोहर /सुरक्षित राशि के रूप में ग्राम पंचायत के पास जमा करने होगे । 11.ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्रधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी । 12.निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में दी गई सामग्री की देय राशी का भुगतान नहीं किया जायेगा और न ही अग्रिम /सुरक्षित राशी वापिस होगी । 13.किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत /अस्वीकृत करने ,सशर्त निविदा ,समान दर रहने की स्थिति में ,एक या एक से अधिक निविदादताओं के लिए कार्य आदेश निगर्त करने ,सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत /विभाग के पास सुरक्षित रहेगा । 13.सामग्री लेने का अंतिम मूल्य /निर्णय विभाग की Justification व पारित निवितादाता के साथ Negotiation अनुसार/उपरान्त किया जायेगा । **समय सारिणी :-** पंचायत का नाम लुहाखर ,कुटेशन प्राप्त करने की अंतिम तिथि , 27 जुलाई 2026,समय व स्थान 3:00 बजे तक ,पंचायत कार्यालय ,कुटेशन खोलने की तिथि ,समय व् स्थान 28 जुलाई 2026 ,12:00 बजे दोपहर ,पंचायत कार्यालय, धरोहर राशी जमा करने का समय 10 अगस्त 2026 अंतिम ,नई दरों के लागू होने का समय व् अवधि 1 अगस्त 2026 से 2027 में जारी निविदाओं तक । सामग्री विवरण :-1.रेत(खड्ड /नदी) 2.रेत (क्रशर) 3.बजरी(20एमएम,40एमएम खड्ड /नदी ) 4.बजरी (20एमएम,40एमएम क्रशर ) 5.सोल्लिंग /बोल्डर पत्थर 6.पत्थर (Cut Stone) 7.पक्की ईंटे (wnd Class) 8.मशीन द्वारा कटान (Cutting Through JCB) 9.सामग्री दुलान टैक्टर /जीप/अन्य वाहन 10.शटरिंग 11.टोर सरिया (ISI Marked) 12.दिवार लेखनी (Wall Writting)13.दरवाज़ा/खिड़की के पल्ले 2nd क्लास देवदार लकड़ी 35mm,40mm 14.दरवाज़ा/खडकी चौखट 2nd क्लास देवदार लकड़ी 15.सीमेंट ढुलाई HPSCSC डिपो से विकास कार्यस्थल तक 16.PVCपाईप100mm,150mmDia.{kg/सकम.CM 17.RCC/Hume NP2,150mm,200mm,300mm,3000mm,6000mm,750mm, 900mm or 1200mm(रनिंग मीटर) 18.लोहे की ग्रिल व् अन्य लोहे का सामान (प्रति किलो )19.पेंट सामग्री (सभी प्रकार की ) 20.साईन बोर्ड (3*2,4*5 ) with all Merarial (प्रति साईन बोर्ड ) 21. Steel TMT ISI Marka सभी साईज 22. पानी का टैंकर 23. पेवर ब्लाक /फ्लोर टाईल/वाल टाईल 40/60/80mm (ISI) Marka 24. टेंट हाउस 25. मियुल ढुलान 26.फर्नीचर व अन्य सभी वस्तुए जो प्रयोग में आएँगी ।

**प्रधान /सचिव ग्राम पंचायत लुहाखर विकास खण्ड बल्ह जिला मण्डी (हि0प्र0)**

---

**कार्यालय ग्राम पंचायत भरनाल विकास खंड गोपालपुर स्थित सरकाघाट जिला मंडी (हि0प्र0)**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत भरनाल के अंतर्गत वर्ष 2026-27 हेतु निम्न सामग्री के लिए कुटेशन/निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदाएं दिनांक 21/07/2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में डाक के माध्यम से या व्यक्तिगत रूप से जमा करवाएं। निर्धारित आवेदन फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से अवकाश के अतिरिक्त किसी भी दिन प्रातः 10 बजे से 5 बजे के बीच प्राप्त किये जा सकते है। कुटेशन /निविदा ग्राम पंचायत में दिनांक 23/07/2026 को 12:30 PM पंचायत कमेटी के समक्ष खोली जाएगी।

सामग्री विवरण :

रेत क्रशर प्रति घन मीटर, रेत प्लांट (FINE SAND) प्रति घन मीटर, पक्की ईंटे (A,B,C GRADE)-1000 NO., बजरी क्रशर 10,20,40 MM प्रति घन मीटर, पत्थर (CUT STONE) SIZE प्रति घन मीटर, सोलिंग/बोल्डर पत्थर प्रति घन मीटर, JCB मशीन द्वारा कटान प्रति घंटा, सैटरिंग (भवन, निर्माण अन्य प्रति SQR मीटर व रनिंग मीटर, सामग्री ढुलान सीमेंट प्रति किलोमीटर, SIGN BOARD STANDRED SIZE PER BOARD, WATER COOLER 20 ITR 40 LTR 80 ITR WITH FITTING AND WITHOUT FITTING PER, SEGREGATION SHED, CONCRETE/ CEMENT BENCH IN NO., VERMI COMPOST PIT SHED PER NO., SIZE 6X10,8X12, प्लाई बोर्ड 18 MM 4X8, 4X6, बोर्ड 19MM 4X8 4X6, PAINTING AND WRITTING OF SIGN BOARD, MIXTURE MACHINE WITH LABOUR/ WITH OUT LABOUR PER DAY ETC. CHILDREN PARK ITEMS, PLAYSTATION, SEE SAW, PLAY GROUND SWINGS, SWINGS AND SLIDES, SLIDES, MARRY GO ROUND, CLIMBERS, GARDEN BENCHES, OUTDOOR GYM ETC.

नियम व शर्त

1. निविदादाता के पास अपना पंजीकरण GST न0 होना आवश्यक है। 2. निविदादाता को निविदा अपने लैटर पैड पर सम्बंधित ग्राम पंचायत के नाम पर भेजनी होगी। 3. निविदादाता को बिल के साथ VALID TRANSIT PASS FORM W और X जमा करवाने होंगे। 4. सभी करों का लेन देन सरकार के प्रावधानों अनुसार होगा। 5. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेसन के अनुरूप होगी। 6. दरें अंको व शब्दों में लिखी होनी चाहिए। 7. निर्माण सामग्री कार्य स्थल / सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। 8. पारित निविदादाता को मु0 20000/- रु0 अग्रिम/सुरक्षित राशि के रूप में ग्राम पंचायत के पास जमा करवाने होंगे व साथ में मु0 1000/- रु (नॉन-रिफंडेबल) आवेदन शुल्क सम्बंधित पंचायत में जमा करवाने होंगे। 9. निविदादाता यदि सामग्री आपुर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी दी गयी सुरक्षित राशि वापिस नहीं होगी व सुरक्षित राशि में से ही बाजार भाव पर सामग्री क्रय की जायेगी तथा उसकी निविदा रद्द कर दी जाएगी। 10. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने, सामान दर रहने की स्थिति में, एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत/विभाग के पास सुरक्षित रहेगा 11. सामग्री राशि की अदायगी TA/JE की पैमाइश के उपरान्त की जायेगी तथा बिलों के साथ मात्रा सहित VALID TRANSIT PASS FORM W और X होना जरूरी है अन्यथा बिलों की अदायगी नहीं की जाएगी। 12. आपूर्ति आदेश देने के बाद तीन दिन के भीतर सप्लाई देनी होगी 13. सामग्री लेने का अन्तिम मूल्य/निर्णय विभाग की JUSTIFICATION व पारित निविदादाता के साथ NEGOTIATION उपरान्त किया जाएगा तथा पारित निविदादाता को UNDERTAKING देनी होगी।
नोट -: अन्य नियम व शर्ते विभाग / सरकार व पंचायत के अनुरूप रहेगी।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत भरनाल,**
**विकास खंड गोपालपुर स्थित सरकाघाट जिला मंडी (हि0प्र0)**

---

**कार्यालय ग्राम पंचायत पौंटा विकास खंड गोपालपुर स्थित सरकाघाट जिला मंडी (हि0प्र0)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत पौंटा के अंतर्गत वर्ष 2026-27 हेतु निम्न सामग्री के लिए कुटेशन/निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदाएं दिनांक 18/07/2026 को अपराहन 5.00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में डाक के माध्यम से या व्यक्तिगत रूप से जमा कराएं। निर्धारित आवेदन फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से अवकाश के अतिरिक्त किसी भी दिन प्रातः 10 बजे से 5 बजे के बीच प्राप्त किए जा सकते हैं। कुटेशन/निविदा ग्राम पंचायत में दिनांक 21/07/2026 को 12:30 PM पंचायत कमेटी के समक्ष खोली जाएगी।

सामग्री का विवरण

रेत क्रशर प्रति घन मीटर, रेत प्लांट (FINE SAND) प्रति घन मीटर, पक्की ईंटे (A,B,C GRADE)-1000 NO., बजरी कशर 10,20,40 MM प्रति घन मीटर, पत्थर (CUT STONE) SIZE प्रति घन मीटर, सोलिंग बोल्डर पत्थर प्रति घन मीटर, JCB मशीन द्वारा कटान प्रति घंटा, सैटरिंग (भवन निर्माण / अन्य प्रति SQR मीटर व रनिंग मीटर, सामग्री ढुलान सीमेंट प्रति किलोमीटर, SIGN BOARD STANDRED SIZE PER BOARD, WATER COOLER 20 LTR 40 ITR 80 ITR WITH FITTING AND WITHOUT FITTING PER, SEGREGATION SHED, CONCRETE/CEMENT BENCH IN NO.. VERMI COMPOST PIT RCHED PER NO., SIZE 6X10,8X12, प्लाई बोर्ड 18 MM 4X8, 4X6, बोर्ड 19MM 4X8 4X6, PAINTING AND WRITTING OF SIGN BOARD, MIXTURE MACHINE WITH LABOUR/ WITH OUT LABOUR PER DAY ETC, CHILDREN PARK ITEMS, PLAYSTATION, SEE SAW. PLAY GROUND SWINGS, SWINGS AND SLIDES, SLIDES, MARRY GO ROUND, CLIMBERS, GARDEN BENCHES, OUTDOOR GYM ETC.

नियम व शर्तः

1. निविदादाता के पास अपना पंजीकरण GST न होना आवश्यक है। 2. निविदादाता को निविदा अपने लेटर पैड पर सम्बंधित ग्राम पंचायत के नाम पर भेजनी होगी। 3. निविदादाता को बिल के साथ VALID TRANSIT PASS FORM W और X जमा करवाने होंगे। 4. सभी करों का लेन देन सरकार के प्रावधानों अनुसार होगा. 5. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेसन के अनुरूप होगी 6. दरें अंको व शब्दों में लिखी होनी चाहिए 7. निर्माण सामग्री कार्य स्थल सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी 8. पारित निविदादाता को मु0 20000/- रु0 अग्रिम/सुरक्षित राशि के रूप में ग्राम पंचायत के पास जमा करवाने होंगे व साथ में मु0 1000/- रु (नॉन-रिफंडेबल) आवेदन शुल्क सम्बंधित पंचायत में जमा करवाने होंगे। 9. निविदादाता यदि सामग्री आपुर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी दी गई सुरक्षित राशि वापिस नहीं होगी व सुरक्षित राशि में से ही बाजार भाव पर सामग्री क्रय की जायेगी तथा उसकी निविदा रद्द कर दी जाएगी। 10 किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत सामान दर रहने की स्थिति में, एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदाएं किसी भी समय रदद करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत/विभाग के पास सुरक्षित रहेगा 11. सामग्री राशि की अदायगी TA/JE की पैमाइश के उपरान्त की जाएगी तथा बिलों के साथ मात्रा सहित VALID TRANSIT PASS FORM W और X होना जरूरी है अन्यथा बिलों की अदायगी नहीं की जाएगी। 12. आपूर्ति आदेश देने के बाद तीन दिन के भीतर सप्लाई देनी होगी 13. सामग्री लेने का अंतिम मूल्य/निर्णय विभाग की JUSTIFICATION व पारित निविदादाता के साथ NEGOTIATION उपरान्त किया जायेगा तथा पारित होगा।
नोटः निविदादाता को UNDERTAKING देनी होगी। अन्य नियम व शर्त विभाग/अनुरूप रहेगी।

**प्रधान/सचिव, ग्राम पंचायत पौंटा**
**विकास खंड गोपालपुर जिला मंडी हि.प्र.।**

---

**कार्यालय ग्राम पंचायत सिध्याणी**
**विकास खंड बल्ह जिला मंडी (हि0प्र0)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत सिध्याणी जिला मंडी द्वारा वित वर्ष 2026-2027 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकता अनुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदाएं दिनांक 22/07/2026 तक को शाम 5 बजे तक ग्राम पंचायत सिध्याणी के कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं ग्राम पंचायत की 'निर्माण कमेटी' व निविदाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा निविदाएं दिनांक 23/07/2026 को खोली जाएगी। इसलिए निविदादाताओं से अनुरोध है कि अपने निविदा के लिफाफे के बाहर अपना दूरभाष नंबर जरुर अंकित करें।

सामग्री का विवरण

1) रेत (खड्ड/नदी की) प्रति घन मीटर, 2) रेत (क्रशर) प्रति घन मीटर, 3) बजरी 20MM (खड्ड/नदी की प्रति घन मीटर, 4) बजरी 40MM (खड्ड/नदी की प्रति घन मीटर, 5) बजरी 20MM (क्रशर) प्रति घन मीटर, 6) बजरी 40MM (क्रशर) प्रति घन मीटर, 7) सोलिंग/बोल्डिंग पत्थर प्रति घन मीटर, 8) पत्थर (CUT STONE) प्रति घन मीटर, 9) पक्की ईंटे (मिट्टी के भटे की) (2ND CLASS) प्रति 1000 न0, 10) मशीन द्वारा कटान (CUTTING THROUGH JCB MACHINE) प्रति घन मीटर, 11) सामग्री दुलान ट्रेक्टर/जीप/अन्य वाहन द्वारा प्रति घन मीटर, 12) शटरिंग प्रति घन मीटर, 13) टोर सरिया (ISI MARKED) प्रति घन मीटर, 14) दीवार लेखनी (WALL WRITING) प्रति घन मीटर, 15) दरवाजा खिड़की के पल्ले 2ND क्लास देवदार लकड़ी 35MM प्रति घन मीटर, 16) दरवाजा/खिड़की के पल्ले 2ND क्लास देवदार लकड़ी 40MM प्रति घन मीटर, 17) दरवाजा/खिड़की चौखट 2ND क्लास देवदार लकड़ी प्रति घन मीटर, 18) सीमेंट ढुलाई HPCSE डिपो से ग्राम पंचायत के स्टोर तक प्रति घन मीटर, 19) PVC पाईप 100MM DIA. 6KG/SQM.CM रनिंग मीटर, 20) PVC पाईप 150MM DIA.6KG / SQM.CM रनिंग मीटर,
21) RCC/HUME PIPE NP2, 150MM DIA रनिंग मीटर, 22) RCC/HUME PIPE NP2,200MM DIA. रनिंग मीटर, 23) RCC/HUME PIPE NP2,250MM DIA. रनिंग मीटर, 24) RCC/HUME PIPE NP2,3000MM DIA. रनिंग मीटर, 25) RCC/HUME PIPE NP2, 6000MM DIA. रनिंग मीटर, 26) RCC/ HUME PIPE NP2,750MM DIA. रनिंग मीटर, 27) RCC/HUME PIPE NP2,900MM DIA. रनिंग मीटर, 28) RCC/HUME PIPE NP2, 1200MM DIA. रनिंग मीटर, 29) लोहे की ग्रिल व अन्य लोहे का सामान प्रति किलो ग्राम, 30) पेंट सामग्री (सभी प्रकार की) प्रति लिटर, 31) साईन बोर्ड (3 X 2) WITH ALL METARIAL प्रति साईन बोर्ड, 32) साईन बोर्ड (4 X 5) WITH ALL METARIAL प्रति साईन बोर्ड, 33) INTERLOCK PAVER BLOCK प्रति ब्लाक, 34) SOLAR LIGHTS प्रति लाईट।

नियम व शर्ते :-

1) निविदादाता के पास अपना पंजीकरण नंबर निविदा पर भरना सुनिश्चित करें। इसके साथ R.C.NO.GST.CST.NO. की छाया प्रति लगाना अति आवश्यक है। 2) टेकेदार आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित M-FORM जमा करवाने होंगे, M-FORM उपलब्ध न करवाने की स्थिति में सामग्री सबंधी रायल्टी वर्तमान में मूल्य /- रूपये प्रति घन मीटर के हिसाब से काटी जाएगी। 3) सभी निविदाएं सील बन्द लिफाफे में देनी अनिवार्य होगी। अधूरी व खुली निविदाएं मान्य नहीं होगी। 4) GST/CST दरें निविदा प्रपत्र में भरी गई दरों में ही शामिल होगी 5) पंचायत पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के परिवार से सम्बन्धित सदस्यों की निविदाएं मान्य नहीं होगी। 6) सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। 7) दरें अंको और शब्दों दोनों में लिखी होनी चाहिए। 8) निर्माण सामग्री कार्य स्थल सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी 9) पारित निविदादाता को मु0 -25,000/-रूपये धरोहर सुरक्षित राशी के रूप में ग्राम पंचायत के पास ग्राम पंचायत के बैंक खाता संख्या 31910107071 में जमा करने करने होंगे। ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत सिध्याणी**
**विकास खंड बल्ह, जिला मंडी (हि.प्र.)**

# जाहलमा पुल का निर्माण कार्य अंतिम चरण में

## डेढ़-दो सप्ताह में मिलेगी पांगी और उदयपुर घाटी को राहत, बीआरओ दिन-रात पुल निर्माण में जुटा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो केलांग।** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के उदयपुर उपमंडल और चंबा की पांगी घाटी को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण जाहलमा नाले पर नए पुल का निर्माण कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है।

सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की 70 आरसीसी विंग इस पुल को तैयार करने में दिन-रात एक किए हुए है। अधिकारियों के मुताबिक, यदि मौसम ने साथ दिया तो आगामी डेढ़ से दो सप्ताह के भीतर इस पुल को यातायात के लिए पूरी तरह से बहाल कर दिया जाएगा। इस पुल के बन जाने से उदयपुर उपमंडल की दर्जनों पंचायतों समेत पांगी घाटी के हजारों लोगों और यहां आने वाले पर्यटकों को भारी राहत मिलेगी। सनद रहे कि पिछले दिनों जाहलमा नाले के ऊपरी हिस्से में पहाड़ी से आए भारी मलबे, पत्थरों और बोल्डरों के तीव्र प्रहार को पुराना पुल झेल नहीं सका और देखते ही देखते इसका एक बड़ा हिस्सा ढह गया। पुल टूटने से लाहौल घाटी का उदयपुर और पांगी से संपर्क पूरी तरह कट गया। पुल टूटने के बाद प्रशासन और बीआरओ द्वारा यातायात को सुचारु रखने के लिए नाले के बीच से एक वैकल्पिक मार्ग (डाइवर्जन) तैयार किया गया था। लेकिन जाहलमा नाले का मिजाज लोगों के लिए बड़ी मुसीबत बना हुआ है। दोपहर के बाद जैसे ही ग्लेशियर पिघलते हैं या ऊपरी इलाकों में हल्की बारिश होती है, जाहलमा नाले में बाढ़ आ जाती है। इस बाढ़ के कारण बीआरओ द्वारा बनाया गया कच्चा वैकल्पिक मार्ग बार-बार बह रहा है। मार्ग के बार-बार क्षतिग्रस्त होने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। देश-विदेश से आए पर्यटक, स्थानीय राहगीर और आवश्यक वस्तुओं से भरे ट्रक घंटों बीच रास्ते में फंसे रहते हैं।


पुल निर्माण में जुटे बीआरओ के जवान। अनंत ज्ञान

◆ पहाड़ी से भारी मलबा, पत्थर गिरने से ढह गया था पुल का बड़ा हिस्सा

### मंडियों में नहीं पहुंच रही फसलें

**लाहौल** घाटी में इन दिनों नकदी फसलों (मटर, गोभी और आलू) का सीजन चल रहा है। पुल न होने से किसानों की फसलें समय पर मंडियों तक नहीं पहुंच पा रही हैं, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी मरीजों को हो रही है। एंबुलेंस और अन्य आपातकालीन वाहनों को पार करवाने के लिए भारी जोखिम उठाना पड़ रहा है। उधर,सड़क की संवेदनशीलता को देखते हुए बीआरओ ने इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखा है। मौके पर भारी मशीनरी और अतिरिक्त लेबर तैनात की गई है। अधिकारियों का कहना है कि नए पुल के पिलर और बुनियादी ढांचे को इस बार पहले से अधिक मजबूत और ऊंचा बनाया जा रहा है ताकि भविष्य में नाले के उफान से इसे खतरा न हो। स्थानीय निवासियों का कहना है कि वे बीआरओ के काम की गति से संतुष्ट हैं और उम्मीद कर रहे हैं कि अगले 10-15 दिनों में उनकी यह दैनिक मुसीबत हमेशा के लिए खत्म हो जाएगी।

## पंचायत चौकीदार यूनियन की बैठक 19 को, मांगों पर होगी चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश पंचायत चौकीदार यूनियन की प्रस्तावित बैठक अब 19 जुलाई को आयोजित की जाएगी। यूनियन के जिला सचिव प्रेम वर्धन ने बताया कि बारिश के कारण 11 जुलाई को होने वाली बैठक को स्थगित करना पड़ा था। अब यह बैठक बड़ा भुईन पंचायत भवन परिसर में होगी, जिसमें कुल्लू जिले के सभी विकास खंडों के पंचायत चौकीदारों की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। उन्होंने बताया कि बैठक में पंचायत चौकीदारों के भविष्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी और आगामी रणनीति तैयार की जाएगी। बैठक का मुख्य एजेंडा उन अंशकालीन पंचायत चौकीदारों को दैनिक वेतनभोगी बनाने की मांग है, जिन्होंने 12 वर्ष का सेवाकाल पूरा कर लिया है। यूनियन लंबे समय से चौकीदारों की समस्याओं के समाधान और सेवा शर्तों में सुधार की मांग उठाती रही है। बैठक में अन्य लंबित मांगों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

# कुल्लू-मनाली में रिवर राफ्टिंग पर अस्थायी रोक

◆ ब्यास नदी का जलस्तर बढ़ने पर प्रशासन का फैसला

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू में लगातार बारिश के चलते नदी-नालों का जलस्तर बढ़ने लगा है। ब्यास नदी में पानी का बहाव तेज होने के कारण जिला प्रशासन ने पर्यटकों की सुरक्षा को देखते हुए रिवर राफ्टिंग पर अस्थायी रोक लगा दी है। पर्यटन विभाग के अनुसार, मौसम के सामान्य होने और मौसम विभाग की ओर से स्थिति स्थिर घोषित किए जाने तक ब्यास नदी में रिवर राफ्टिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी।

जिला कुल्लू पर्यटन विकास अधिकारी रोहित शर्मा ने बताया कि यह निर्णय रिवर राफ्टिंग एक्ट-2005 के प्रावधानों के तहत लिया गया है। उन्होंने कहा कि मौसम विभाग द्वारा जिले में येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किए गए हैं, जिसके चलते नदी-नालों में अचानक जलस्तर बढ़ने की संभावना बनी हुई है। ऐसे में पर्यटकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह कदम उठाया गया है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन और रेगुलेटरी कमेटी के निर्देशों के बाद राफ्टिंग गतिविधियों को अगले आदेशों तक पूरी तरह बंद रखने का निर्णय लिया गया है।

प्रशासन ने पर्यटकों और स्थानीय लोगों से नदी किनारे जाने से बचने की अपील की है। गौरतलब है कि कुल्लू में मानसून के दौरान सामान्य रूप से 15 जुलाई से 15 सितंबर तक रिवर राफ्टिंग पर रोक लगाई जाती है। हालांकि इस बार मानसून की शुरुआत में ही ब्यास नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण यह प्रतिबंध पहले ही लागू कर दिया गया है। प्रशासन का उद्देश्य किसी भी अप्रिय घटना को रोकना और पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

# खूबसूरती पर गंदगी का दाग, जगह जगह कूड़े के ढेर से बदहाल हुआ मनाली

अनंत ज्ञान

**मनाली।** अंतरराष्ट्रीय पर्यटन नगरी मनाली इन दिनों अपनी खूबसूरती के लिए कम और जगह-जगह बिखरे कचरे के ढेरों के कारण ज्यादा चर्चा में है। ताजा मामला शहर के बीचों-बीच फैल रहे कूड़े से लोग परेशान है, जहां पिछले कई दिनों से गंदगी और कूड़े का अंबार लगा हुआ है।

विडंबना यह है कि स्वच्छता का दम भरने वाली नगर परिषद मनाली इस पूरी स्थिति से आंखें मूंदे बैठी है।

स्थानीय लोगों के साथ-साथ मनाली आने वाले हजारों पर्यटकों का मुख्य आकर्षण केंद्र मनाली है। शहर में कई जगह कचरे के इस ढेर से उठने वाली तीव्र दुर्गंध के कारण लोगों को नाक बंद करने पर गुजरना पड़ रहा है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि एक तरफ प्रशासन मनाली को देश का सबसे स्वच्छ पर्यटन स्थल बनाने के बड़े-बड़े दावे करता है, वहीं दूसरी ओर जगह जगह कई स्थलों पर इस तरह की लापरवाही बरती जा रही है, बल्कि यहां आने वाले बाहरी पर्यटकों के बीच भी मनाली की बेहद खराब छवि पेश कर रहा है। बढ़ती गर्मी और बरसात के कारण इस डंपिंग साइट बन चुके कूड़े के ढेर पर लावारिस पशुओं, मक्खियों और मच्छरों का जमावड़ा लगा रहता है। स्थानीय दुकानदारों और रेहड़ी-फड़ी वालों का कहना है कि इस गंदगी के कारण आसपास महामारी फैलने का खतरा पैदा हो गया है। कई बार नगर परिषद के ध्यान में यह मामला लाया गया, लेकिन सफाई कर्मचारियों द्वारा यहां से नियमित रूप से कूड़ा नहीं उठाया जा रहा है। जिस कारण नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।



नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल। अनंत ज्ञान

## पदमा छोड़ोन नेगी होंगी उदयपुर उपमंडल की नई एसडीएम

◆ किन्नौर की बेटी को लाहौल-स्पीति में मिली नई जिम्मेदारी



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा जारी प्रशासनिक फेरबदल के तहत 2023 बैच की एचपीएएस अधिकारी पदमा छोड़ोन नेगी को लाहौल-स्पीति के उदयपुर उपमंडल का नया उपमंडलाधिकारी (एसडीएम) नियुक्त किया गया है। वर्तमान में वह जिला पर्यटन विकास अधिकारी, सोलन के पद पर कार्यरत थीं। किन्नौर जिले के चांगो गांव से संबंध रखने वाली पदमा छोड़ोन नेगी अब जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के महत्वपूर्ण उपमंडल उदयपुर में प्रशासनिक जिम्मेदारियां संभालेंगी। उनकी नियुक्ति को क्षेत्र के प्रशासनिक ढांचे को और मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। प्रदेश सरकार की ओर से जारी आदेशों के अनुसार, पदमा छोड़ोन नेगी जल्द ही उदयपुर में अपना कार्यभार ग्रहण करेंगी। उनसे स्थानीय प्रशासन को और अधिक प्रभावी बनाने, जनकल्याणकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन तथा आम लोगों को समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने की उम्मीद जताई जा रही है। लाहौल-स्पीति जैसे जनजातीय और भौगोलिक दृष्टि से चुनौतीपूर्ण जिले में उनकी नियुक्ति को विशेष महत्व दिया जा रहा है।

# क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में गायनेकोलॉजिस्ट की कमी को दूर करे प्रदेश सरकार : ममता नेगी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति, जिला कमेटी कुल्लू ने जिला क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ (गायनेकोलॉजिस्ट) की भारी कमी पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए प्रदेश सरकार से तत्काल स्थायी व्यवस्था करने की मांग की है। समिति की जिला अध्यक्ष ममता नेगी ने जारी बयान में कहा कि जिला क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में कार्यरत दो गायनेकोलॉजिस्ट में से एक चिकित्सक वर्तमान में निलंबित हैं।

ऐसी स्थिति में पूरे अस्पताल की स्त्री एवं प्रसूति रोग संबंधी स्वास्थ्य सेवाओं का दायित्व केवल एक ही विशेषज्ञ चिकित्सक के कंधों पर है। उन्होंने कहा कि जिला क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू पूरे जिले का सबसे बड़ा सरकारी स्वास्थ्य संस्थान है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाएं, प्रसूताएं तथा दूरदराज के ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों से महिला मरीज उपचार के लिए पहुंचती हैं। ऐसे में केवल एक-गायनेकोलॉजिस्ट के भरोसे सभी सेवाओं का संचालन करना अत्यंत कठिन है। इससे एक ओर चिकित्सक पर कार्य का अत्यधिक दबाव बढ़ रहा है। वहीं, दूसरी ओर महिलाओं को समय पर जांच, उपचार और आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं मिलने में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। ममता नेगी ने प्रदेश सरकार से मांग की कि जिला क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में तत्काल एक अतिरिक्त स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति की जाए, ताकि महिलाओं को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़ा यह अत्यंत संवेदनशील विषय है और सरकार को इसे प्राथमिकता के आधार पर हल करना चाहिए।


अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति, जिला कुल्लू की अध्यक्ष व अन्य। अनंत ज्ञान

# जीवानंद को आढ़ती एसोसिएशन सब्जी मंडी बंदरोल की कमान


आढ़ती एसोसिएशन सब्जी मंडी बंदरोल की नई कार्यकारिणी गठित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** आढ़ती एसोसिएशन सब्जी मंडी बंदरोल की नई कार्यकारिणी का गठन चुनाव प्रक्रिया के माध्यम से किया गया। चुनाव के दौरान आपसी सौहार्द और सर्वसम्मति का परिचय देते हुए महासचिव पद पर शरभ चंद्र नेगी तथा कोषाध्यक्ष पद पर बुद्धि सिंह ठाकुर को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। प्रधान और उपप्रधान पद के लिए मतदान के बाद पारदर्शी तरीके से मतगणना संपन्न हुई, जिसमें जीवानंद प्रधान और देवेंद्र भंडारी उपप्रधान निर्वाचित हुए।

चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और व्यवस्थित ढंग से पूरा करवाने में चुनाव समिति की अहम भूमिका रही। मुख्य चुनाव आयुक्त एवं मुख्य संरक्षक दिनेश सेन ने पूरी प्रक्रिया का संचालन किया। संरक्षक मंडल सदस्य सागर सिंह, ग्राम पंचायत बंदरोल प्रधान हरीश शर्मा ने निगरानी की, जबकि कुल्लू फलोत्पादक मंडल के प्रधान प्रेम शर्मा ने पर्यवेक्षक की भूमिका निभाई। तेज राम ठाकुर, हुक्म ठाकुर और बंसी लाल ठाकुर ने भी सहयोग दिया। परिणाम घोषित होने के बाद दिनेश सेन ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। सदस्यों ने नई कार्यकारिणी से आढ़तियों के हितों की रक्षा, मंडी विकास, व्यापारिक व्यवस्थाओं को मजबूत करने और समस्याओं के समाधान की उम्मीद जताई। एसोसिएशन ने चुनाव समिति, प्रत्याशियों और मतदाताओं का आभार व्यक्त किया।

# कटराईं पंचायत में स्वच्छता अभियान तेज ग्रामीणों और युवाओं ने संभाली जिम्मेदारी

## पतलीकूहल मेला ग्राउंड सहित वार्ड-3 में की नालियों की साफ-सफाई

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल (कुल्लू)।** कटराईं पंचायत में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान को ग्रामीणों और युवाओं का लगातार भरपूर सहयोग मिल रहा है। पंचायत प्रधान हुक्म चंद ठाकुर और वार्ड सदस्य पार्वती देवी के नेतृत्व में पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पतलीकूहल मेला ग्राउंड सहित वार्ड नंबर-3 में राहुल बोद्ध के घर से बिहाली तक नालियों की व्यापक सफाई की गई।

सफाई कार्य के दौरान जमा गंदगी और कचरे को हटाकर क्षेत्र को स्वच्छ बनाने का प्रयास किया गया। पंचायत प्रधान हुक्म चंद ठाकुर ने बताया कि स्वच्छ एवं स्वस्थ पंचायत का निर्माण तभी संभव है जब प्रत्येक नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझते हुए इस अभियान से जुड़े। उन्होंने कहा कि युवाओं ने अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेकर एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। साथ ही उन्होंने पंचायत की महिलाओं एवं अन्य ग्रामीणों से भी आगे आकर इस जनहित अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की, ताकि पूरे पंचायत क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल प्रशासन या पंचायत की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। यदि सभी लोग मिलकर नियमित रूप से अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखें तो गांव को स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बनाया जा सकता है। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी नग्गर मुकेश कुमार ने भी अभियान की सराहना करते हुए कहा कि पंचायत के युवा साथियों का योगदान अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा, 'आप सभी युवा साथियों का यह योगदान अत्यंत सराहनीय है। आप सभी बधाई के पात्र हैं।' उन्होंने उम्मीद जताई कि इस प्रकार के जनसहभागिता आधारित अभियान अन्य पंचायतों के लिए भी प्रेरणा बनेंगे और स्वच्छता के प्रति लोगों में जागरुकता बढ़ेगी।


बीडीओ ने युवाओं के योगदान को सराहा। अनंत ज्ञान

# क्विज, पोस्टर और नुक्कड़ नाटक से बताया संतुलित जनसंख्या का महत्व


कार्यक्रम के दौरान अस्पताल स्टाफ सहित प्रशिक्षु छात्राएं। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कुल्लू डॉ. रंजित ठाकुर के दिशा-निर्देशानुसार शनिवार को अस्पताल कुल्लू के कॉन्फ्रेंस हॉल में जिला स्तरीय 'विश्व जनसंख्या दिवस' अत्यंत उत्साह के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक विशेष जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य जनसंख्या स्थिरीकरण, परिवार नियोजन तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति आम जनता को जागरूक करना था। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान युवाओं और स्वास्थ्य कर्मियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कई तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इनमें प्रश्नोत्तरी (क्विज), पोस्टर मेकिंग, भाषण (डिक्लेमेशन) और रोल प्ले (नुक्कड़ नाटक) शामिल रहे। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, स्टाफ सदस्यों और चामुंडा नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत व सम्मानित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के मार्गदर्शन में सभी उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और नर्सिंग छात्राओं ने एक विशेष प्रतिज्ञा ली। सभी प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि वे समाज के हर वर्ग तक परिवार कल्याण, जनसंख्या स्थिरीकरण और स्वस्थ जीवन शैली का संदेश पहुंचाएंगे, ताकि एक स्वस्थ और समृद्ध समाज का निर्माण हो सके।

# लाहौल घाटी में एलपीएस के तीसरे पेट्रोल पंप का भूमि पूजन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** लाहौल के उदयपुर मंडल के कुकुमसेरी में लाहौल पोटैटो सोसायटी के एक नए पेट्रोल पंप के निर्माण कार्य की शुरुआत पूरे विधि-विधान और भूमि पूजन के साथ की गई। लाहौल घाटी के भीतर सुदृढ़ हो रहे बुनियादी ढांचे की दिशा में एलपीएस का यह तीसरा पेट्रोल पंप मील का पत्थर साबित होने जा रहा है। इस क्षेत्र की भौगोलिक और सामाजिक संरचना को देखें, तो उदयपुर मंडल का यह इलाका लाहौल में सबसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में गिना जाता है।

आधुनिक समय में कृषि उपकरणों की बढ़ती निर्भरता और विभिन्न प्रकार की मशीनरी के संचालन के लिए स्थानीय लोगों को नियमित रूप से ईंधन (तेल) की भारी जरूरत रहती है। जनता की इसी बुनियादी मांग को समझते हुए और सम्मानित सदस्यों की पुरजोर सिफारिशों के आधार पर इस नए पेट्रोल पंप की स्थापना का यह दूरदर्शी कदम उठाया गया है।

व्यावसायिक दृष्टिकोण से भी यह परियोजना एलपीएस के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। अब तक घाटी के इस पूरे हिस्से की ईंधन आपूर्ति तांदी स्थित पेट्रोल पंप से की जा रही थी, जिससे मिलने वाला राजस्व सीधे तौर पर संस्था की रीढ़ रहा है। हालांकि, भविष्य की व्यावसायिक चुनौतियों और बाजार में किसी अन्य संभावित प्रतिद्वंद्वी के आने से होने वाले नुकसान को भांपते हुए, संस्था ने पहले से ही अपनी आय में स्थिरता लाने के लिए यह अग्रिम रणनीति तैयार की है। यह नया कदम एलपीएस की वित्तीय ताकत को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा। यह पेट्रोल पंप न केवल इस उपमंडल के निवासियों बल्कि आगे पांगी तक के दुर्गम क्षेत्रों में सफर करने वाले लोगों के लिए भी वरदान साबित होगा। सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए संस्था ने हाल ही में नए ईंधन टैंकर भी खरीदे हैं, जो इस व्यवस्था को पूरी मुस्तैदी से अंजाम देंगे।

**दौरा** गौंधला पंचायत के गांवों में विधायक ने सुनी जनसमस्याएं, अधिकारियों को दिए निर्देश

# विकास कार्यों को समय पर करें पूरा: अनुराधा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** लाहौल स्पीति की विधायक अनुराधा राणा इन दिनों लाहौल घाटी के दौरे पर हैं। इसी कड़ी में उन्होंने ग्राम पंचायत गौंधला के तहत आने वाले टिलिंग, खिनांग, पुरद, गौंधला-1, गौंधला-2, फुक्तल, यांगला, थौरंग और दालंग गांवों का विभागीय अधिकारियों के साथ दौरा कर विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति का निरीक्षण किया। दौरे के दौरान विधायक ने ग्रामीणों की समस्याएं, सुझाव और विकास संबंधी मांगें सुनीं।

उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विधायक ने विभिन्न विकास परियोजनाओं का निरीक्षण कर अधिकारियों से निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी विकास कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के संतुलित एवं समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और प्रत्येक गांव तक आधारभूत सुविधाएं पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों की जनहित से जुड़ी हर जायज मांग पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई की जाएगी तथा विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देने और पूर्व में उठाई गई मांगों को पूरा करने के लिए विधायक का आभार जताया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य एवं महिला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष निर्मला, जिला परिषद सदस्य सोनम ठाकुर, गौंधला पंचायत के प्रधान अनिल, पूर्व प्रधान सुरेश, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रमेश, राजेंद्र ठाकुर, अमीर चंद, उमेश, राकेश, प्रेमचंद, अजय, देवदत्त, विनोद, नेहा नलवा, रोशन, सोनम अंगरूप, रणवीर, लाल सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।


लोगों की समस्याओं को सुनती विधायक अनुराधा राणा। अनंत ज्ञान

# पार्वती-2 पावर स्टेशन में बाढ़ से निपटने के लिए करवाई मॉक ड्रिल


मॉकड्रिल व जागरुकता कार्यक्रम के दौरान गणमान्य लोग। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** एनएचपीसी के पार्वती-2 पावर स्टेशन (मणिकर्ण) में बाढ़ एवं पूर्वचेतावनी प्रणाली पर मॉक ड्रिल एवं जन-जागरुकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एनडीआरएफ, होम गार्ड्स, अग्निशमन सेवा तथा स्थानीय पुलिस ने संयुक्त रूप से भाग लेते हुए बहु-एजेंसी बचाव अभियान का प्रदर्शन किया तथा संभावित बाढ़ की स्थिति में त्वरित एवं सुरक्षित बचाव उपायों की जानकारी दी। एनडीआरएफ विशेषज्ञों ने कर्मचारियों एवं स्थानीय नागरिकों को आपदा प्रबंधन, बचाव तकनीकों एवं पीड़ितों के सुरक्षित निकासी संबंधी व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (सिविल) मु. सुहेल ने कहा कि नियमित मॉक ड्रिल एवं प्रभावी पूर्वचेतावनी प्रणाली आपदा के प्रभाव को कम करने तथा विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

### एक इंच की पाइपलाइन पर सैकड़ों कनेक्शन, नहीं मिल रहा पर्याप्त पानी

# सलोगड़ा की बस्ती में गहराया पेयजल संकट, नई पाइपलाइन की मांग तेज

### बीडीसी सदस्य के ज्ञापन पर हरकत में जल शक्ति विभाग, जेई को निरीक्षण के निर्देश

अनंत ज्ञान

**सोलन।** सलोगड़ा पंचायत के वार्ड नंबर-1 स्थित बस्ती क्षेत्र में लंबे समय से बनी पेयजल समस्या के समाधान की मांग को लेकर बीडीसी सदस्य मनीष कुमार ने जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता आशीष राणा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में क्षेत्र की पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए नई पाइपलाइन बिछाने की मांग उठाई गई।

ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान में बस्ती क्षेत्र में मात्र एक इंच व्यास की पाइपलाइन से सैकड़ों पेयजल कनेक्शन जुड़े हुए हैं। सीमित क्षमता की पाइपलाइन होने के कारण लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पा रहा है और उन्हें लंबे समय से पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है।



#### ऐसे हो सकता है समस्या का हल

**बीडीसी** सदस्य मनीष कुमार ने मांग की कि क्षेत्र में 2.5 इंच व्यास की नई पाइपलाइन बिछाई जाए, जिससे बस्ती के साथ-साथ सिंहावला, बेल, हरट और आसपास के अन्य गांवों के लोगों को भी नियमित एवं पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। उनका कहना है कि नई पाइपलाइन बिछने से वर्षों पुरानी पेयजल समस्या का स्थायी समाधान संभव होगा।

**संबंधित** अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जूनियर इंजीनियर (जेई) को मौके का निरीक्षण कर विस्तृत रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करने के आदेश दिए तथा समस्या के समाधान के लिए त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

**आशीष राणा, अधिशाषी अभियंता**

### डे-बोर्डिंग स्कूल का दर्जा दिलाने पर एसएमसी ने बनाई रणनीति

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दाड़लाघाट में शुक्रवार को स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) की प्रथम बैठक प्रधानाचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विद्यालय को डे-बोर्डिंग स्कूल का दर्जा दिलाने के विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। समिति ने निर्णय लिया कि इस संबंध में विधायक संजय अवस्थी से मिलकर आवश्यक आग्रह किया जाएगा। बैठक में विद्यालय के समग्र विकास, शैक्षणिक गुणवत्ता व अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। एसएमसी अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि समिति की जिम्मेदारी सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है, जिसे सभी सदस्यों के सहयोग से निभाया जाएगा। उन्होंने विद्यालय को क्षेत्र का अग्रणी शिक्षण संस्थान बनाने और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए पारदर्शी एवं लोकतांत्रिक तरीके से कार्य करने का संकल्प दोहराया।

# डीएमएफटी से सिरमौर को 8.5 करोड़ रुपए की विकास योजनाओं की सौगात, सीसीटीवी के लिए 60 लाख मंजूर

### मेडिकल कॉलेज व सड़कों पर विशेष जोर, पांवटा-कालाअंब में सुरक्षा होगी मजबूत

अनंत ज्ञान

**नाहन।** उद्योग, संसदीय मामले तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान की अध्यक्षता में जिला सिरमौर जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) की शासी परिषद की बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के विकास प्रस्तावों पर चर्चा के बाद लगभग साढ़े आठ करोड़ रुपये की विकास योजनाओं को प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में विधायक विनय कुमार, सुखराम चौधरी, अजय सोलंकी, उपायुक्त एवं डीएमएफटी की अध्यक्षा प्रियंका वर्मा सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।




मंत्री ने बताया कि स्वीकृत योजनाओं में सड़कों का निर्माण एवं सुधार, पेयजल सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण, विद्यालय भवनों की मरम्मत, स्वास्थ्य संस्थानों का उन्नयन तथा अन्य जनहित के कार्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि डीएमएफटी के दिशा-निर्देशों के अनुसार लगभग 70 प्रतिशत राशि उच्च प्राथमिकता वाले खनन प्रभावित क्षेत्रों तथा शेष राशि अन्य पात्र क्षेत्रों के विकास पर खर्च की जाएगी। बैठक में डॉ. वाईएस परमार राजकीय मेडिकल कॉलेज, नाहन के लिए पोर्टेबल एक्स-रे मशीन खरीदने और पुराने जनरेटर को बदलने की भी मंजूरी दी गई। मंत्री ने कहा कि इससे गंभीर मरीजों को वार्ड से वार्ड ले जाने की आवश्यकता कम होगी और उपचार में तेजी आएगी। हर्षवर्धन चौहान ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पूर्व में स्वीकृत लंबित कार्यों और नई योजनाओं की सभी औपचारिकताएं 15 से 20 दिनों के भीतर पूरी कर कार्य शुरू किए जाएं, ताकि विकास कार्यों का लाभ समय पर लोगों तक पहुंच सके।

बैठक में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए भी अहम फैसले लिए गए। पांवटा साहिब और कालाअंब औद्योगिक क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं को देखते हुए पुलिस विभाग को 50 लाख रुपये सीसीटीवी कैमरे एवं आधुनिक निगरानी प्रणाली स्थापित करने के लिए स्वीकृत किए गए। वहीं, सीमावर्ती क्षेत्रों में जल शक्ति विभाग की मशीनरी की सुरक्षा के लिए संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी लगाने हेतु 10 लाख रुपये मंजूर किए गए। बैठक का संचालन सदस्य सचिव एवं जिला माइनिंग अधिकारी सरित चंद्र ने किया।

## न्यूज ब्रीफ

### राजकीय माध्यमिक विद्यालय बातल में दंत स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान, अर्की।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय बातल में विद्यार्थियों के दंत स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए द डेंटल होम क्लिनिक, अर्की की ओर से एक दिवसीय निःशुल्क दंत जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में दंत चिकित्सक डॉ. शालिनी चंदेल और बबिता शर्मा ने लगभग 100 विद्यार्थियों के दांतों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया। इस दौरान बच्चों को दांतों की नियमित सफाई, सही तरीके से ब्रश करने, संतुलित आहार अपनाने तथा दांतों को लंबे समय तक स्वस्थ रखने के उपायों की विस्तृत जानकारी भी दी गई। पूर्व उपप्रधान नरेंद्र रांगड़ ने बताया कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ समय रहते दंत रोगों की पहचान में भी सहायक होते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य तजेंद्र कुमार ने द डेंटल होम क्लिनिक की टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर विद्यार्थियों के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए अत्यंत उपयोगी हैं।

### विधिक जागरूकता शिविर में गूंजा सलोगड़ा कूड़ा संयंत्र का मुद्दा, कोर्ट जाने का मिला सुझाव



ग्राम पंचायत सलोगड़ा में आयोजित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिविर में मौजूद लोग। अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान, सोलन।** ग्राम पंचायत सलोगड़ा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोलन द्वारा आयोजित विधिक जागरूकता कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के कूड़ा संयंत्र (गार्बेज प्लांट) का मुद्दा प्रमुखता से उठा। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रशांत सिंह नेगी ने मुख्य वक्ता के रूप में लोगों को उनके कानूनी अधिकारों तथा निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान सलोगड़ा एवं मनसार के बीडीसी सदस्य मनीष कुमार ने क्षेत्र में संचालित कूड़ा संयंत्र को हटाने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि यह संयंत्र लंबे समय से स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है और इसे आबादी से दूर किसी उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित किया जाना चाहिए। इस पर अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रशांत सिंह नेगी ने कहा कि यदि प्रभावित पक्ष के पास पर्याप्त कानूनी आधार हैं तो वह न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकता है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पात्र व्यक्तियों को आवश्यक कानूनी मार्गदर्शन और विधिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

### ग्राम पंचायत कोट में पौधरोपण अभियान पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



पौधरोपण करते बीडीओ कंडाघाट ओपी शर्मा। अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** ग्राम पंचायत कोट में शुक्रवार को पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की महिला मंडल और स्वयं सहायता समूह कोट की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर विभिन्न स्थानों पर पौधे रोपे तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत कोट के उप प्रधान हेमान्दर चंदेल ने की। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी ओ.पी. शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। शर्मा ने स्वयं पौधारोपण करते हुए स्वयं सहायता समूहों को नियमित रूप से वृक्षारोपण अभियान चलाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और प्रत्येक परिवार को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाकर उसकी देखभाल करनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छ भारत मिशन की जिला समिति सदस्य एवं ग्राम पंचायत कोट की पूर्व प्रधान चंपा देवी ने ग्रामीणों को स्वच्छ भारत मिशन की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने स्वच्छता, ठोस कचरा प्रबंधन और पंचायत को खुले में शौच मुक्त बनाए रखने के लिए सभी के सहयोग का आह्वान किया। अंत में सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और हरियाली बढ़ाने का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अभियान को सफल बनाया।

### नदी-नालों के किनारे जाने एवं विभिन्न गतिविधियों पर रोक संबंधी आदेश जारी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला दंडाधिकारी सोलन मनमोहन शर्मा ने आमजन की सुरक्षा के दृष्टिगत नदी-नालों एवं खड्डों इत्यादि के किनारें न जाने बारे आवश्यक आदेश जारी किए हैं। इन आदेशों के अनुसार सोलन ज़िला की सीमा में अश्वनी खड्ड में, खड्ड के दोनों किनारों पर तथा इसके आस-पास के स्थानों और सोलन तहसील के राजस्व गांव सेर बनेड़ा में गिरीपुल पर गिरी नदी के किनारे स्थित शनि मंदिर के समीप एवं आस-पास के क्षेत्र में सभी प्रकार की अनाधिकृत पर्यटन और व्यवसायिक गतिविधियों को पूर्ण रूप से प्रतिबअनंत कर दिया गया है। इन आदेशों के अनुसार अश्वनी खड्ड और गिरी नदी में स्नान करने तथा इनके किनारों पर पिकनिक मनाने पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इन आदेशों में स्पष्ट किया गया है कि मानसून के मौसम में भारी वर्षा के कारण नदी, नालों के किनारे जाना खतरनाक सिद्ध हो सकता है। अधिकतर मौकों पर पर्यटक नदी एवं खड्डों में नहाने के लिए चले जाते हैं। ऐसे में किसी भी कारण से नदी के जलस्तर में अचानक वृद्धि पर्यटकों के जीवन को खतरा पैदा कर सकती है। उन्होंने स्थानीय पुलिस को ज़िला पर्यटन अधिकारी के साथ सक्रिय समन्वय स्थापित करते हुए इन निर्देशों को अक्षरशः लागू करने के भी निर्देश दिए हैं। यह आदेश तुरन्त प्रभाव से लागू हो गए हैं और अगले दो माह तक प्रभावी रहेंगे।

## विक्रमादित्य क्षेत्रवाद की राजनीति छोड़ विकास पर ध्यान दें : भाजपा

अनंत ज्ञान

**सोलन।** भारतीय जनता पार्टी सोलन शहरी मंडल ने लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह द्वारा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल को लेकर दिए गए बयान की कड़ी आलोचना करते हुए इसे क्षेत्रवाद को बढ़ावा देने वाला बताया है। मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने शनिवार को कहा कि डॉ. राजीव बिंदल के

**◆ लोक निर्माण मंत्री के बयान पर घमासान भाजपा ने जताया विरोध**

हिमाचल से संबंधों पर सवाल उठाना दुर्भाग्यपूर्ण होने के साथ-साथ प्रदेश की जनता का भी अपमान है। उन्होंने कहा कि डॉ. बिंदल का परिवार लगभग एक शताब्दी से हिमाचल प्रदेश में रह रहा है और वह स्वयं पिछले करीब 35 वर्षों से सक्रिय राजनीति और जनसेवा से जुड़े हैं। उन्होंने अपने कार्य और समर्पण के बल पर प्रदेश में अलग पहचान बनाई है।

शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि एक संवैधानिक पद पर आसीन मंत्री द्वारा क्षेत्रवाद को बढ़ावा देने वाले बयान देना उनकी संकीर्ण सोच को दर्शाता है। उनका कहना था कि हिमाचल जैसे शांत और सौहार्दपूर्ण प्रदेश में इस प्रकार की राजनीति का कोई स्थान नहीं है, क्योंकि इससे सामाजिक भाईचारे पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। भाजपा शहरी मंडल ने कहा कि यदि लोक निर्माण मंत्री वास्तव में प्रदेशहित के प्रति गंभीर हैं, तो उन्हें व्यक्तिगत टिप्पणियों से बचते हुए प्रदेश की जर्जर सड़कों, लंबित विकास कार्यों और जनता की मूलभूत समस्याओं के समाधान पर ध्यान देना चाहिए। मंडल का आरोप है कि प्रदेश में सड़कें बदहाल हैं और कई विकास कार्यों में देरी हो रही है।

भाजपा ने कहा कि लोकतंत्र में राजनीतिक मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन व्यक्तिगत और क्षेत्रीय टिप्पणियां स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप नहीं हैं।

### ‘एक पेड़ मां के नाम 3.0’ अभियान के तहत सरकारी व निजी स्कूलों के लिए नए निर्देश

# अब पौधरोपण में नहीं चलेगी कागजी खानापूर्ति, हर पौधे की होगी जियो-टैगिंग

अनंत ज्ञान

**आरमोहन चौहान, सोलन।** प्रदेश के सरकारी और मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में इस वर्ष पौधरोपण अभियान पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी तरीके से संचालित किया जाएगा। इसके तहत जिला सोलन के सरकारी स्कूलों को एडवाइजरी जारी हो चुकी है। अब केवल कागजी रिकॉर्ड के आधार पर पौधरोपण दिखाना संभव नहीं होगा, क्योंकि पहली बार लगाए गए प्रत्येक पौधे की जियो-टैगिंग अनिवार्य की गई है। इससे पौधों की वास्तविक संख्या, उनकी सटीक लोकेशन और देखरेख की ऑनलाइन निगरानी की जा सकेगी।

प्रदेश में ‘एक पेड़ मां के नाम 3.0’ अभियान शुरू हो चुका है। अभियान के तहत प्रत्येक विद्यार्थी को अपनी मां के नाम पर एक पौधा लगाना होगा। पौधरोपण से जुड़ी सभी गतिविधियां, फोटो, जियो-टैगिंग और अन्य आवश्यक जानकारी मिशन लाइफ ईको क्लब पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य रहेगा। जिला समन्वयक सोलन भूपिंद्र सिंह ने बताया कि सभी सरकारी एवं निजी स्कूलों को विभागीय अधिसूचना और ईको क्लब की गाइडलाइन के अनुसार पोर्टल पर निर्धारित प्रारूप में जानकारी अपलोड करनी होगी। अभियान को 30 सितंबर, 2026 तक पूरा करने के निर्देश जारी किए हैं।




इस वर्ष अभियान में एक महत्वपूर्ण बदलाव यह भी किया गया है कि पौधरोपण पूरा होने के बाद पहले की तरह विद्यार्थियों के व्यक्तिगत नाम पर प्रमाण पत्र जारी नहीं किए जाएंगे। इसके स्थान पर संबंधित स्कूल के नाम से सामूहिक प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

जिला उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा रीता गुप्ता ने बताया कि प्रदेश के सभी सरकारी और मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों की इस अभियान में भागीदारी अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि सभी गतिविधियों की जानकारी निर्धारित समय सीमा के भीतर पोर्टल पर अपलोड करनी होगी, ताकि अभियान की प्रभावी निगरानी और सत्यापन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही, गलत जानकारी या केवल कागजी औपचारिकता को स्वीकार नहीं किया जाएगा। विभाग का उद्देश्य पौधरोपण को केवल औपचारिक अभियान न बनाकर पर्यावरण संरक्षण से जुड़ा जनभागीदारी का प्रभावी प्रयास बनाना है।

### गिरिपार के लोग राजनीतिक षड्यंत्र का शिकार बनने से बचें: मेला राम शर्मा

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** ट्रांसगिरी क्षेत्र में हाटी समिति के संस्थापक सदस्य मेला राम शर्मा ने गिरिपार क्षेत्र के ओबीसी समुदाय से राजनीतिक भ्रम और षड्यंत्रों से दूर रहने की अपील की है। माता भंगायणी मंदिर, हरिपुरधार में आयोजित हाटी समिति की बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा क्षेत्र के लोगों का संवैधानिक अधिकार है, जबकि ओबीसी श्रेणी में समय-समय पर नियमों के अनुसार बदलाव संभव है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ओबीसी वर्ग की आबादी अनुसूचित जनजाति वर्ग से अधिक होने के कारण प्रतिस्पर्धा भी ज्यादा है, जबकि एसटी वर्ग को उनकी जनसंख्या के अनुपात में बेहतर अवसर मिलते हैं। उन्होंने दावा किया कि ट्रांसगिरी क्षेत्र से ओबीसी वर्ग के युवाओं को अपेक्षित लाभ नहीं मिला, जबकि एसटी वर्ग से कई युवाओं ने उच्च प्रशासनिक सेवाओं में सफलता प्राप्त की है।

### एंटी चिट्टा अभियान के तहत गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में छात्र किए जागरूक



स्कूली छात्रों का मार्गदर्शन करते सीएमओ डॉ. अजय पाठक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान


**सोलन।** हिमाचल प्रदेश सरकार के ‘एंटी चिट्टा अभियान’ के तहत गुरुकुल इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) सोलन डॉ. अजय पाठक ने मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने चिट्टा सहित अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक व आर्थिक दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवार और भविष्य पर गंभीर असर डालता है।


कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने नशे से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका डॉ. पाठक ने वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर सरल भाषा में उत्तर दिया। उन्होंने युवाओं को किसी भी प्रकार के नशे के प्रलोभन से बचने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने कहा कि आज का विद्यार्थी ही कल का जिम्मेदार नागरिक है।

### संस्कृत जगत ने महान साहित्यकार प्रो. केशवराम शर्मा को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, सोलन।** महामहोपाध्याय, अभिनव कालिदास एवं राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित विख्यात संस्कृत साहित्यकार प्रो. केशवराम शर्मा के निधन पर राजकीय संस्कृत महाविद्यालय सोलन में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। 86 वर्ष की आयु में 26 जून को उनके निधन के बाद आयोजित इस सभा में संस्कृत जगत के विद्वानों, शिष्यों, प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का शुभारंभ दो मिनट के मौन, दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि के साथ हुआ। सभा का संचालन हिमाचल संस्कृत मनीषी मंडल के महासचिव एवं महाविद्यालय के साहित्य विभाग के प्रो. आचार्य सुरेश शर्मा भारद्वाज ने किया। उन्होंने कहा कि प्रो. केशवराम शर्मा का संपूर्ण जीवन संस्कृत भाषा, सनातन संस्कृति और शिक्षा के संवर्धन के लिए समर्पित रहा। साहित्यिक योगदान, अध्यापन, पुराण-प्रवचनों तथा संस्कृत के प्रचार-प्रसार में निभाई भूमिका को स्मरण किया।

### पांवटा-शिलाई एनएच-707 पर भूस्खलन चंद सेकंड में पहाड़ भरभराकर सड़क पर आया





अनंत ज्ञान

**पांवटा साहिब।** पांवटा साहिब-शिलाई राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-707) पर शनिवार को हुए भीषण भूस्खलन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि चंद सेकंड के भीतर पूरा पहाड़ भरभराकर सड़क पर आ गिरा, जिससे मार्ग पूरी तरह मलबे से पट गया।

गनीमत रही कि जिस समय भूस्खलन हुआ, उस दौरान मलबे की चपेट में कोई वाहन या राहगीर नहीं आया। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। भूस्खलन के बाद दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। सूचना मिलते ही संबंधित विभाग और प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं तथा जेसीबी मशीनों की मदद से मलबा हटाने का कार्य शुरू किया गया। लगातार हो रही बारिश के कारण पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन का खतरा बना हुआ है।

प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि बारिश के दौरान पहाड़ी मार्गों पर यात्रा करते समय विशेष सावधानी बरतें और मौसम तथा यातायात संबंधी सलाह का पालन करें।

## एचआरटीसी बस की दो बैटरियां चोरी, 24 घंटे में आरोपी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**सोलन।** जिला सोलन के पुलिस थाना कसौली ने एचआरटीसी बस से बैटरियां चोरी करने के मामले का 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई स्कूटी भी बरामद कर ली है। पुलिस के अनुसार एचआरटीसी नालागढ़ में कार्यरत चालक प्रदीप सिंह ने 10 जुलाई को थाना कसौली में शिकायत दर्ज करवाई थी। उन्होंने बताया कि वह 8 जुलाई को एचआरटीसी बस लेकर नालागढ़ से गुनाई पहुंचे थे और बस को रात के लिए गुनाई बस स्टैंड पर खड़ा किया था। अगले दिन सुबह बस के पास पहुंचने पर पता चला कि अज्ञात चोर बस की दोनों बैटरियां चोरी कर ले गया है। चोरी हुई बैटरियों की कीमत करीब 30 हजार रुपए आंकी गई। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों का गहन विश्लेषण किया गया। तकनीकी जांच के आधार पर पुलिस ने आरोपी की पहचान कर उसकी तलाश शुरू की।

जांच के दौरान 11 जुलाई को पुलिस ने संतोष कुमार (35), पुत्र नवीन सिंह, निवासी जिला नालंदा (बिहार) तथा वर्तमान निवासी भैरों की सेर, टीपरा, तहसील कालका, जिला पंचकुला (हरियाणा) को गिरफ्तार कर लिया।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी परवाणू की एक निजी कंपनी में कार्यरत है और अधिकतर उसकी रात्रि ड्यूटी रहती है। पुलिस के अनुसार उसके खिलाफ पहले भी थाना परवाणू में चोरी के दो मामले दर्ज हैं। आरोपी के अन्य आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि आरोपी को शनिवार को न्यायालय में पेश किया जाएगा और मामले की जांच जारी है।

### उद्योगों को मिलेगी निर्बाध बिजली, स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की अपील : उद्योग मंत्री

# 60 करोड़ से होगी कालाअंब की बिजली समस्या दूर

अनंत ज्ञान

**नाहन।** उद्योग, संसदीय मामले तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने शुक्रवार को कालाअंब में चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर औद्योगिक क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। बैठक में विधायक अजय सोलंकी भी

**◆ उद्योगों की सड़क, बिजली और पानी की समस्याओं के समाधान का भरोसा**




बैठक की अध्यक्षता करते मंत्री। अनंत ज्ञान

उपस्थित रहे। उद्योग मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार उद्योगों को बढ़ावा देने, निवेश आकर्षित करने तथा संतुलित औद्योगिक विकास सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश उद्योग स्थापना के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करता है और उद्योग राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने बताया कि कालाअंब औद्योगिक क्षेत्र में बिजली संबंधी समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए लगभग 60 करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। इसके तहत 25 करोड़ रुपये की लागत से जोहड़ों सब स्टेशन की क्षमता 31.5 एमवीए से बढ़ाकर 63 एमवीए की जा रही है। वहीं, मोगीनंद और खैरी में 24 करोड़ रुपये की लागत से 33/11 केवी के दो नए सब स्टेशन स्थापित किए जा रहे हैं, जिनकी क्षमता 40 एमवीए होगी। इसके अलावा क्षेत्र के 20 फीडरों की विद्युत तारों की क्षमता बढ़ाई जा रही है, जिससे लो वोल्टेज और बार-बार होने वाले पावर कट की समस्या दूर होगी तथा उद्योगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति मिल सकेगी।

मंत्री ने बताया कि क्षेत्र में जल संकट के समाधान के लिए भू-जल विभाग द्वारा 20 करोड़ रुपये की लागत से रिचार्ज स्ट्रक्चर (चेकडैम) बनाए जा रहे हैं। उन्होंने उद्योगपतियों की सड़क, बिजली और पानी से जुड़ी समस्याएं सुनीं और उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार उद्योगों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। बैठक में चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष दीपेन गर्ग, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र जैन, उपाध्यक्ष संजय सिंगला सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में उद्योगपति उपस्थित रहे।

# ऊना/बिलासपुर



## न्यूज़ ब्रीफ

### कम्पेटेंट ऑटोमोबाइल में भरे जाएंगे 8 पद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** कम्पेटेंट ऑटोमोबाइल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ऊना में 8 पद सेल्स एग्जिक्यूटिव के भरे जाएंगे। इन पदों के लिए साक्षात्कार 13 जुलाई को सुबह 10.30 बजे जिला रोजगार कार्यालय ऊना में लिया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता स्नातक(ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य) और आयु सीमा 22 से 45 वर्ष निर्धारित की गई है। योग्य व इच्छुक आवेदक अपनी योग्यता प्रमाण पत्र, जन्म तिथि, रोजगार कार्यालय पंजीकरण कार्ड, हिमाचली बोनाफाइड व अनुभव प्रमाण पत्र सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 78070-03818 पर सम्पर्क किया जा सकता है। साक्षात्कार में आने वाले को यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

### घनारी के चहांगां बस्ती बस स्टैंड पर 'मौत का पेड़'



**अनंत ज्ञान, घनारी।** तहसील घनारी के अंतर्गत चहांगां बस्ती बस स्टैंड पर खड़ा विशाल जामुन का पेड़ अब लोगों के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि पेड़ का तना भी अंदर से खोखला हो चुका है, जिससे उसके कभी भी गिरने की आशंका बनी हुई है। इसके बावजूद संबंधित विभाग और प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।यह बस स्टैंड प्रतिदिन स्कूली बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और सैकड़ों यात्रियों से भरा रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पेड़ की सूखी और भारी शाखाओं के साथ-साथ उसका खोखला तना भी किसी बड़े हादसे की चेतावनी दे रहा है। बरसात और तेज हवाओं के दौरान स्थिति और भी भयावह हो जाती है, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब भी मूकदर्शक बने हुए हैं। स्थानीय लोगों नवदीप , गणेश, रमन ,कौशल,वार्ड पंच जीतेंद्र कुमार व पूर्व उपप्रधान रजनीश,ने प्रशासन और वन विभाग से मांग की है कि किसी अनहोनी का इंतजार करने के बजाय तुरंत मौके का निरीक्षण कर उचित कार्रवाई की जाए, ताकि मासूम बच्चों और आम लोगों की जान को खतरे से बचाया जा सके। इस बारे में वन खण्ड अधिकारी संजीव कुमार से प्रतिक्रिया ली तो उन्होंने कहा आपके माध्यम से मामला ध्यान में आया है जल्द से जल्द जो उचित कार्रवाई होगी अमल में लाई जाएगी।

### सुरक्षा संदेश वाला साइन बोर्ड झाड़ियों में छुपा

**अनंत ज्ञान, घनारी।** गगरेट क्षेत्र की तहसील घनारी के अंतर्गत आने वाले कई सरकारी स्कूलों के बाहर बच्चों की सुरक्षा के लिए लगाए गए सड़क सुरक्षा चेतावनी बोर्ड अपनी बदहाली की दास्तां खुद बयां कर रहे हैं। जिन बोर्डों का उद्देश्य वाहन चालकों को सतर्क कर स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना था, वे आज घनी झाड़ियों में पूरी तरह छिप चुके हैं। न तो ये बोर्ड राहगीरों को दिखाई देते हैं और न ही वाहन चालकों को, जिससे इनका उद्देश्य पूरी तरह समाप्त होता नजर आ रहा है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब चेतावनी बोर्ड ही झाड़ियों में दफन हो जाएं, तो वाहन चालक स्कूल क्षेत्र की पहचान कैसे करेंगे? यदि भविष्य में कोई सड़क हादसा होता है और किसी मासूम की जान जोखिम में पड़ती है, तो इसकी जिम्मेदारी कौन तय करेगा?स्थानीय लोगों का आरोप है कि संबंधित विभाग ने केवल बोर्ड लगाकर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान ली, लेकिन उनकी नियमित सफाई, रखरखाव और आसपास उगी झाड़ियों को हटाने की कोई व्यवस्था नहीं की गई। बच्चों की सुरक्षा जैसे गंभीर विषय पर यह लापरवाही विभागीय उदासीनता को उजागर करती है।



# शिक्षा–समग्र विकास का आदर्श मॉडल बन रहा हरोली क्षेत्र : मुकेश

## उपमुख्यमंत्री ने हरोली कॉलेज के नवनिर्मित भवन का किया लोकार्पण

अनंत ज्ञान



हरोली कॉलेज के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करते उपमुख्यमंत्री मुकेश।

◆ कहा- हरोली में जल्द ही स्थापित होगा सब-जज कोर्ट

**हरोली (ऊना)।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हरोली विधानसभा क्षेत्र को शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत ढांचे और जनकल्याण के क्षेत्र में समग्र विकास के आदर्श मॉडल के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक समय क्षेत्र में उच्च शिक्षा के अवसर सीमित थे, लेकिन आज हरोली प्रदेश के उभरते शैक्षणिक केंद्र के रूप में अपनी अलग पहचान बना रहा है।

उपमुख्यमंत्री यह बात शनिवार को 14 करोड़ की लागत से निर्मित प्रोफेसर सिम्मी अग्निहोत्री राजकीय महाविद्यालय हरोली के नए शैक्षणिक भवन का लोकार्पण करने के दौरान कही। इस अवसर पर उन्होंने प्रोफेसर सिम्मी अग्निहोत्री को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया। उन्होंने कहा कि हरोली में शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। वर्तमान में यहां तीन सरकारी महाविद्यालय, 33 वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, दो आईटीआई, केंद्रीय विद्यालय, ट्रिपल आईटी, नर्सिंग कॉलेज तथा लॉ कॉलेज संचालित हैं। आयुर्वेदिक महाविद्यालय की स्थापना की दिशा में भी कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि हरोली, दुलैहड़ और बाथड़ी के विद्यालयों को सीबीएसई से संबद्ध किया गया है, जिससे क्षेत्र का शिक्षा मॉडल पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा बन रहा है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हरोली में सब-जज कोर्ट की स्थापना को स्वीकृति मिल चुकी है और जल्द ही इसे स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू होगी। इससे क्षेत्रवासियों को न्यायिक सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं को भी निरंतर सुदृढ़ किया जा रहा है। हरोली अस्पताल की क्षमता 50 से बढ़ाकर 100 बिस्तर की गई है, जिसके लिए लगभग नौ करोड़ रुपये की लागत से अतिरिक्त भवन का निर्माण होगा। इस भवन का शिलान्यास सोमवार को किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि आईना परियोजना के तहत लगभग 5.50 करोड़ रुपए की लागत से पूरे विधानसभा क्षेत्र को सीसीटीवी निगरानी प्रणाली से जोड़ा गया है। शीघ्र ही हरोली बस डिपो जनता को समर्पित किया जाएगा तथा हरोली से प्रदेश और देश के विभिन्न गंतव्यों के लिए इलेक्ट्रिक बस सेवा भी आरंभ की जाएगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हरोली की पहचान आज उसके विकास कार्यों से है। उन्होंने कहा कि भाजपा के स्थानीय नेता इन परियोजनाओं पर सवाल उठाते रहे और इनके पूरा होने पर संदेह जताते रहे। भाजपा के सत्ता में रहने के दौरान भी हरोली के विकास में कोई नई ईंट नहीं जुड़ी, लेकिन हमने जो संकल्प जनता से किए, उन्हें एक-एक कर धरातल पर उतारा है। उन्होंने कहा कि दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति के साथ विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहा है और यह विकास यात्रा आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

# विक्रमादित्य सिंह ने बनौडे महादेव मंदिर में नवाया शीश



अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के ऐतिहासिक एवं प्राचीन श्री बनौडे महादेव मंदिर, चताडा में हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना करते हुए सभी प्रदेशवासियों के जीवन में खुशहाली की प्रार्थना की।

मंदिर पहुंचने पर ग्राम पंचायत चताडा, मंदिर कमेटी तथा स्थानीय लोगों ने पारंपरिक तरीके से मंत्री राजा विक्रमादित्य सिंह और विधायक विवेक शर्मा का भव्य स्वागत किया। मंदिर कमेटी की ओर से दोनों जनप्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह एवं सम्मान भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया। इस सम्मान के लिए मंत्री राजा विक्रमादित्य सिंह ने ग्राम पंचायत, मंदिर कमेटी और क्षेत्र की जनता का हृदय से आभार व्यक्त किया। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि हिमाचल प्रदेश देवभूमि के रूप में पूरे देश में अपनी अलग पहचान रखता है। यहां के प्राचीन मंदिर और धार्मिक स्थल प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत के प्रतीक हैं। राज्य सरकार इन धार्मिक स्थलों के संरक्षण, सौंदर्यीकरण और विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें और धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिले। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल आधारभूत सुविधाओं का विस्तार करना ही नहीं, बल्कि प्रदेश की सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहरों को भी सुरक्षित रखना है।

# विधायक विवेक शर्मा कुटलैहड़ के विकास को दे रहे नई दिशा : रूमेल

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** कुटलैहड़ की विख्यात संस्था शिव राम जनकल्याण समिति के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाज सेवी रूमेल कुमार ने कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने जनप्रतिनिधि होने का दायित्व पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाया है। उन्होंने कहा कि विधायक विवेक शर्मा लगातार गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं और उनका मौके पर समाधान सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं। यही कारण है कि आज कुटलैहड़ की जनता स्वयं को अपने विधायक से सीधे जुड़ा हुआ महसूस कर रही है। रूमेल कुमार ने कहा कि पहले लोगों को छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे, लेकिन अब विधायक स्वयं गांवों में पहुंचकर शिकायतें सुनते हैं और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश देते हैं। इससे आम लोगों को राहत मिली है और प्रशासनिक कार्यों में भी तेजी आई है। समाजसेवी रूमेल कुमार ने कहा कि विधायक विवेक शर्मा ने केवल विकास कार्यों तक ही स्वयं को सीमित नहीं रखा, बल्कि जरूरतमंद और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की सहायता के लिए भी लगातार कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि अनेक जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई गई है, जिससे संकट की घड़ी में उन्हें बड़ा सहारा मिला है।

# चरूडू में बनेगा जल शक्ति विभाग का रेस्ट हाउस

## विधायक सुदर्शन बबलू के निर्देशों पर जनप्रतिनिधियों ने किया भूमि का निरीक्षण

अनंत ज्ञान



जल शक्ति विभाग के विश्राम गृह के लिए भूमि का निरीक्षण करते जनप्रतिनिधि।

**विवेक शर्मा, अंब।** क्षेत्र विकास में एक और बड़ी परियोजना जुड़ने जा रही है। चरूडू में करीब पांच करोड़ रुपए की लागत से जल शक्ति विभाग के विश्राम गृह का निर्माण किया जाएगा। महत्वाकांक्षी परियोजना को धरातल पर उतारने की कवायद तेज हो गई है।

विधायक के निर्देशों पर जिला परिषद सदस्य सरवन सिंह बंटू की अगुवाई में स्थानीय पंचायत एवं ब्लॉक समिति के जनप्रतिनिधियों ने प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण किया। जनप्रतिनिधियों ने मौके पर पहुंचकर प्रस्तावित भूमि का जायजा लिया और परियोजना से जुड़ी आगामी प्रक्रिया पर चर्चा की। अब जल्द ही जमीन को जल शक्ति विभाग के नाम हस्तांतरित करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। भूमि संबंधी सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद विभाग द्वारा निर्माण की आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिला परिषद सदस्य सरवन सिंह बंटू ने कहा कि पांच करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह विश्राम गृह चरूडू और आसपास के क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि साबित होगा। उन्होंने कहा कि विधायक के प्रयासों से क्षेत्र में विकास कार्यों को लगातार गति मिल रही है और जनहित से जुड़ी परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर धरातल पर उतारा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया को जल्द पूरा करवाने के प्रयास किए जाएंगे, ताकि परियोजना के निर्माण का रास्ता साफ हो सके। विश्राम गृह के निर्माण से जहां जल शक्ति विभाग को बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी, वहीं चरूडू की विकासात्मक पहचान भी और मजबूत होगी।

# संविधान से छेड़छाड़ आने वाली पीढ़ियों के लिए अच्छे संकेत नहीं : कौंडल



अनंत ज्ञान

**बिलासपुर।** घुमारवीं में हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी एवं अल्पसंख्यक वर्ग संयुक्त संघर्ष मोर्चा की जिला स्तरीय बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला प्रधान एवं सेवानिवृत्त डीएसपी सीता राम कौंडल ने कहा कि संविधान से छेड़छाड़ देश की आने वाली पीढ़ियों के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि संविधान की रक्षा के लिए समय रहते जागरूक होकर आवाज उठानी होगी।

कौंडल ने कहा कि बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि संयुक्त संघर्ष मोर्चा गैर राजनीतिक और गैर धार्मिक संगठन है, जो समानता, समरसता और वंचित वर्गों को न्याय दिलाने के लिए काम कर रहा है। बैठक में संविधान जागरूकता अभियान की समीक्षा की गई और इसे आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई। वक्ताओं ने संगठन की एकता, भाईचारे और अधिकारों की रक्षा के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। बैठक में स्वतंत्रता दिवस आयोजन को लेकर भी चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि जिलास्तरीय स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम अंबेडकर भवन घुमारवीं में आयोजित किया जाएगा।

# पल्थी फोरलेन पर चरस व अफीम समेत चार दबोचे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** नशा तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बिलासपुर पुलिस ने पल्थी फोरलेन पर नाकाबंदी के दौरान एक कार सवारों से चरस और अफीम बरामद कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वाहन को भी कब्जे में लेकर मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, 10 जुलाई को पल्थी फोरलेन पर नियमित नाकाबंदी के दौरान एक संदिग्ध कार को जांच के लिए रोका गया। तलाशी लेने पर वाहन से 44.7 ग्राम चरस तथा 81.4 ग्राम अफीम बरामद हुई। बरामदगी के बाद पुलिस ने मौके पर ही वाहन को कब्जे में लेते हुए उसमें सवार चारों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विकास ठाकुर निवासी द्रोबड़, तहसील सदर, कैलाश निवासी बैहना जट्टां, तहसील झंडूता, गुरप्रीत सिंह उर्फ गोगी निवासी बैरी दड़ोला, तहसील झंडूता तथा अरुण कुमार निवासी बैहना जट्टां, तहसील झंडूता, जिला बिलासपुर के रूप में हुई है। इस संबंध में पुलिस थाना घुमारवीं में अभियोग संख्या 134/2026, दिनांक 10 जुलाई 2026 के तहत धारा 18, 20 एवं 29 एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

# औहर-सेरवा वाया जम्वाल बस्ती मार्ग बना तालाब, लोग परेशान

अनंत ज्ञान



**भगेड।** बरसात की पहली ही बारिश ने औहर-सेरवा वाया जमवाल बस्ती मार्ग की बदहाल स्थिति की पोल खोलकर रख दी है। सड़क के एक बड़े हिस्से में पानी भर जाने से यह मार्ग तालाब में तब्दील हो गया, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह मार्ग क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसके समीप पटवार घर, जल शक्ति विभाग का कार्यालय, जल निरीक्षण कुटीर तथा पशु चिकित्सालय स्थित हैं। इन सरकारी कार्यालयों में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों का आना-जाना रहता है। सड़क पर जलभराव होने से आम जनता के साथ-साथ कर्मचारियों को भी आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

गत दिवस हुई बारिश के बाद सड़क पर इतना अधिक पानी भर गया कि छोटे बच्चों के लिए पैदल स्कूल जाना भी जोखिम भरा हो गया। स्थिति को देखते हुए स्थानीय लोगों ने अपने निजी वाहनों से बच्चों को पानी से भरे हिस्से को पार करवाकर सुरक्षित आगे पहुंचाया। ग्रामीणों का कहना है कि हर वर्ष बरसात के मौसम में यही समस्या सामने आती है, लेकिन अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं किया गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर उचित जल निकासी व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश का पानी लंबे समय तक जमा रहता है। इससे सड़क की हालत लगातार खराब होती जा रही है और दुर्घटना का खतरा भी बढ़ गया है। यदि समय रहते नालियों का निर्माण एवं पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई तो बरसात के दौरान किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। बीडीसी उपाध्यक्ष झंडूता शोभित धीमान, उपप्रधान गेहड़वी अक्षय नड्डा, सुनील नड्डा आदि ने लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि सड़क पर जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए।

# लुहणू इंडोर स्टेडियम में बैडमिंटन प्रतियोगिता शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला बैडमिंटन एसोसिएशन बिलासपुर के तत्वावधान में शनिवार को लुहणू इंडोर स्टेडियम में जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में जिलेभर से 100 से अधिक बाल खिलाड़ी भाग लेने पहुंचे हैं। पहले दिन अंडर-11, अंडर-13 और अंडर-15 आयु वर्ग के लड़के और लड़कियों के मुकाबले शुरू हुए, जिनमें खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। जिला महासचिव विभोर शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी आगामी राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में बिलासपुर का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के प्रधान सुनील गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं देते हुए खेल भावना के साथ मुकाबले खेलने का आह्वान किया।

# प्रो. मोनिका ने पीएचडी की उपाधि हासिल की

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के कंप्यूटर साइंस विभाग की प्रो. मोनिका ने अपना शोधकार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि उनके शोध से विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा मिलेगी तथा महाविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और मजबूत होगी। प्रो. मोनिका का शोध विषय 'क्वालिटी इन्हेसमेंट ऑफ मेडिकल इमेजेज युजिंग दिकॉम ' रहा। उन्होंने मेडिकल इमेजिंग में एआई आधारित हाइब्रिड फ्रेमवर्क विकसित किया है, जो मेडिकल इमेजेस की स्पष्टता बढ़ाकर रोगों की अधिक सटीक पहचान में सहायता करेगा। उनका शोध भविष्य में चिकित्सा निदान और मरीजों के बेहतर उपचार में उपयोगी साबित होगा।



# राजकुमार होंगे बिलासपुर के नए एसडीएम

अनंत ज्ञान, बिलासपुर। हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा किए गए बड़े प्रशासनिक फेरबदल का असर बिलासपुर जिले पर भी पड़ा है। सरकार की ओर से जारी ताजा अधिसूचना के तहत राजकुमार को बिलासपुर का नया एसडीएम नियुक्त किया गया है। मुख्य सचिव कमलेश कुमार पंत द्वारा जारी आदेशों में कुल 17 आईएएस और 22 एचएएस अधिकारियों के तबादले व नई नियुक्तियां की गई हैं। यह आदेश जनहित में तत्काल प्रभाव से लागू कर दिए गए हैं। इस व्यापक फेरबदल में सचिवालय स्तर से लेकर जिला प्रशासन तक कई महत्त्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। नए एसडीएम के रूप में राजकुमार अब बिलासपुर में प्रशासनिक जिम्मेदारी संभालेंगे। इससे पहले वे बिलासपुर में एसी टू डीसी के पद पर तैनात थे।



# कलोल में नशे पर लगेगी लगाम : रुचि शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** ग्राम पंचायत कलोल में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें पंचायत क्षेत्र के लगभग 300 से ज्यादा लोगों ने भाग लिया। ग्राम सभा की अध्यक्षता ग्राम पंचायत प्रधान रुचि शर्मा ने की। बैठक में पंचायत के विकास के साथ अन्य पहलूओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। प्रैस को जारी बयान में प्रधान रूचि शर्मा ने बताया कि सभा में प्रस्ताव पारित किया गया कि पंचायत क्षेत्र में बाहरी व्यक्तियों का पंजीकरण अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि पंचायत क्षेत्र में आने वाले फेरी वालों, बाहरी राज्यों के मजदूरों, मांगने वाले व्यक्तियों तथा अन्य बाहरी लोगों को पंचायत क्षेत्र में कार्य करने से पूर्व संबंधित पुलिस थाना एवं ग्राम पंचायत में पंजीकरण करवाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नशे से युवा पीढ़ी को बचाने के उद्देश्य से कुछ कठोर निर्णय लिए गए। जिसके तहत यदि कोई व्यक्ति पंचायत क्षेत्र में किसी भी प्रकार का नशा करके हुड़दंग, गाली-गलौज अथवा अभद्र व्यवहार करते हुए पाया जाता है, तो पंचायत स्तर पर उसके चरित्र प्रमाण पत्र के संबंध में अनापत्ति, अनुशंसा पर पुनर्विचार किया जाएगा। इसके अतिरिक्त यदि कोई व्यक्ति चिट्टा अथवा किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार में संलिप्त पाया जाता है, तो ऐसे मामलों की सूचना संबंधित विभागों एवं पुलिस प्रशासन को तुरंत प्रभाव से दी जाएगी। रूचि शर्मा ने बताया कि किन्नरों को बधाई स्वरूप दी जाने वाली राशि सामान्य परिवारों के लिए 21,00 तथा बीपीएल परिवारों के लिए 1100 निर्धारित की गई। बैठक के दौरान ग्रामीणों ने अपनी व्यक्तिगत समस्याओंए विकास कार्यों तथा जनसुविधाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों को भी ग्राम सभा के समक्ष रखा। पंचायत प्रतिनिधियों ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा उनके समाधान हेतु आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# श्री नयना देवी में पानी-बिजली की समस्या से जनता परेशान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रसिद्ध शक्तिपीठ श्री नयना देवी जी के बाशिंदे इन दिनों पानी और बिजली की किल्लत से जूझ रहे हैं। हर रोज लगने वाले बिजली के अघोषित कटों से लोगों की परेशानियों में और ज्यादा इजाफा हो गया है। अभी हाल ही में कुछ दिन पूर्व विद्युत बोर्ड द्वारा पूरा दिन बिजली की सप्लाई बंद रही और अब यह सिलसिला रुक-रुक कर जारी है। विद्युत सप्लाई बाधित होने के कारण जहां पर उमस भरी गर्मी से लोग पसीना पसीना हो रहे हैं। वहीं, पर व्यापारी वर्ग को भी परेशानियों से दो-चार होना पड़ रहा है क्योंकि बिजली के गुल होने से उनके व्यापार पर भी विपरीत असर पड़ता है।

अक्सर देखा गया है कि श्रावण अष्टमी से पूर्व समय-समय पर विद्युत सप्लाई बाधित रहती है जबकि विभाग द्वारा मरम्मत का हवाला दिया जाता है, वहीं अभी श्रावण अष्टमी मेले को लगभग एक महीने का समय शेष बचा है ऐसे में कितनी बार बिजली की सप्लाई बाधित रहेगी यह तो विभाग के अधिकारी ही बेहतर जानते होंगे परंतु मूलभूत सुविधाओं के अभाव में यहां के लोगों का जीवन यापन करना दुश्वार होता जा रहा है।

श्री नयना देवी जी नगर परिषद के पार्षदों में शामिल उपप्रधान नीना शर्मा, पार्षद अलकेंद्र भूषण, पार्षद दीक्षा शर्मा तथा पार्षद आरती देवी का कहना है कि श्रावण अष्टमी मेले की दृष्टिगत सभी दुकानदार तैयारी में लगे होते हैं, परंतु बिजली के अभाव में उन्हें तैयारी करने में परेशानी होती है, जबकि स्थानीय जनता को उमस भरी गर्मी में पसीने से दो चार होना पड़ता है। उन्होने कहा कि बिना किसी पूर्व सूचना के लाइट कट लगाना समझ से परे है इससे आम जनमानस की रोजमर्रा जिंदगी प्रभावित होती है। इस संदर्भ में जब सहायक अभियंता संजीव ठाकुर से बात की गई तो उन्होंने कहा कि श्रावण अष्टमी मेले के दृष्टिगत बीच-बीच में मरम्मत का कार्य चलता रहेगा, परंतु पूरी बिजली की सप्लाई बंद नहीं की जाएगी।

# शिक्षा को अपने जीवन में चरित्र निर्माण का अभिन्न हिस्सा बनाएं : श्याम लाल



अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला समोह में साइकोलॉजी क्लब की बैठक में शिक्षा को सफलता का माध्यम और जीवन की समस्याओं से निपटने का एक सशक्त साधन कैसे बनाएं, विषय पर चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत में साइकोलॉजी क्लब के नोडल अधिकारी विवेक प्रवक्ता हिंदी ने अपने संबोधन में साइकोलॉजी क्लब की स्थापना के मुख्य उद्देश्यों और इसकी दूरगामी सोच पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि क्लब का मुख्य मकसद विद्यार्थियों के मानसिक, मनोवैज्ञानिक व शैक्षणिक विकास को एक नई दिशा देना है ताकि वे भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार हो सकें। प्रवक्ता अजय कुमार ने मुख्य वक्ता की शैक्षणिक उपलब्धियों और समाज में उनके बहुमूल्य योगदान से सभी को अवगत कराया। मुख्य वक्ता ने कहा कि शिक्षा का वास्तविक अर्थ केवल किताबी ज्ञान को रटना या केवल सूचनाओं को एकत्रित करना नहीं है। शिक्षा वास्तव में वह अमूल्य धरोहर है जो हमें जीवन जीने की कला सिखाती है और हमें हर विपरीत परिस्थिति व समस्या का दृढ़ता से सामना करने के योग्य बनाती है।

प्रधानाचार्य श्याम लाल ने मुख्य वक्ता के वक्तव्य की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे शिक्षा को केवल परीक्षा उत्तीर्ण करने और अंक प्राप्त करने का साधन न मानें, बल्कि इसे अपने चरित्र निर्माण और व्यावहारिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं।

# प्रशिक्षण शिविर ने बिलासपुर भाजपा में भरा नया जोश

अनंत ज्ञान

◆ संगठन दिखा पहले से अधिक एकजुट

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर ने केवल संगठनात्मक प्रशिक्षण तक ही अपनी भूमिका सीमित नहीं रखी, बल्कि बिलासपुर भाजपा की एकजुटता और संगठनात्मक मजबूती का भी स्पष्ट संदेश दिया। जिले के विभिन्न मंडलों से बड़ी संख्या में पहुंचे पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी ने यह संकेत दिया कि संगठन आगामी राजनीतिक चुनौतियों के लिए खुद को व्यवस्थित और सक्रिय बनाने की दिशा में गंभीरता से काम कर रहा है।

शिविर के दौरान कार्यकर्ताओं की अनुशासित उपस्थिति, सभी सत्रों में उनकी सहभागिता और संगठनात्मक विषयों पर गंभीर मंथन ने यह आभास कराया कि बिलासपुर में भाजपा पहले की तुलना में अधिक संगठित नजर आ रही है। बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक संगठन को मजबूत करने की रणनीति पर जिस तरह से चर्चा हुई, उससे कार्यकर्ताओं में नए उत्साह का संचार दिखाई दिया।

प्रशिक्षण के दौरान संगठन की कार्यपद्धति, मीडिया प्रबंधन, केंद्र सरकार की योजनाओं और भाजपा के वैचारिक इतिहास जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। इन सत्रों ने कार्यकर्ताओं को केवल जानकारी ही नहीं दी, बल्कि उन्हें आगामी समय में अधिक प्रभावी ढंग से जनता के बीच काम करने के लिए भी तैयार किया।

पूरे शिविर का वातावरण यह संकेत देता रहा कि बिलासपुर भाजपा संगठन में समन्वय और सक्रियता पहले से अधिक मजबूत हुई है। लंबे समय बाद जिले के विभिन्न क्षेत्रों के कार्यकर्ता एक साझा मंच पर इतने व्यवस्थित रूप से दिखाई दिए, जिससे संगठन की आंतरिक एकजुटता भी उभरकर सामने आई। राजनीतिक दृष्टि से देखा जाए तो यह प्रशिक्षण शिविर केवल नियमित संगठनात्मक गतिविधि नहीं रहा, बल्कि बिलासपुर में भाजपा के लिए ऊर्जा, अनुशासन और एकजुटता का प्रदर्शन भी साबित हुआ। आने वाले समय में जिले की राजनीति में इसका प्रभाव संगठन की सक्रियता और जनसंपर्क अभियानों के माध्यम से देखने को मिल सकता है।

# चंबा में कांग्रेस ने जिला परिषद से नगर निकायों तक लहराया परचम : सुरजीत

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, चंबा।** चंबा जिला की राजनीति में कांग्रेस ने हालिया चुनावों में बड़ी सफलता हासिल करते हुए नया इतिहास रचा है। जिला परिषद, नगर परिषद और ब्लॉक समितियों में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों ने शानदार जीत दर्ज कर जिले के कई प्रमुख राजनीतिक संस्थानों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करवाई है। करीब दो दशक बाद कांग्रेस ने संगठित रणनीति और एकजुट प्रयासों के साथ जिले में बड़ी राजनीतिक बढ़त बनाई है।

सबसे उल्लेखनीय उपलब्धि जिला परिषद चुनावों में रही, जहां वर्ष 2005 के बाद पहली बार कांग्रेस समर्थित सदस्यों ने पूर्ण बहुमत हासिल कर अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों पदों पर कब्जा किया। उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित लियाकत खान जिले के पहले मुस्लिम जनप्रतिनिधि बने हैं, जिन्होंने यह जिम्मेदारी संभाली है। कांग्रेस ने नगर परिषद चंबा में भी करीब 10 वर्षों बाद वापसी की, जबकि मैहला और चुराह-तीसा ब्लॉक समितियों में लगभग 15 वर्षों बाद अपना प्रभाव स्थापित किया। पार्टी नेताओं ने इस सफलता का श्रेय संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की मेहनत और बूथ स्तर पर किए गए बेहतर समन्वय को दिया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट सुरजीत शर्मा भरमौरी ने कहा कि यह जीत कार्यकर्ताओं और जनता के विश्वास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह जनादेश विकास और जनसेवा के लिए नई ऊर्जा प्रदान करेगा। बैठक में विजयी प्रतिनिधियों का अभिनंदन किया गया और संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया।

## लोगों ने सदरुणी स्कूल का दर्जा बढ़ाने की उठाई मांग, कहा–

# 15 किमी की दूरी और जंगल पार कर पढ़ने को मजबूर छात्र

अनंत ज्ञान

**चुराह/चंबा।** चुराह उपमंडल की ग्राम पंचायत क्षेत्र के लोगों ने राजकीय उच्च पाठशाला सदरुणी का दर्जा बढ़ाकर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला किए जाने की मांग प्रदेश सरकार से की है। इस संबंध में ग्रामीणों की ओर से लेख राज निवासी गांव चिलेई, डाकघर बनंतर ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर को ज्ञापन सौंपकर जल्द कार्रवाई की मांग उठाई है।

ज्ञापन में कहा गया है कि राजकीय उच्च पाठशाला सदरुणी का दर्जा न बढ़ने के कारण क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए करीब 15 किलोमीटर दूर अन्य विद्यालयों में जाना पड़ता है। इस दौरान उन्हें घने जंगलों से होकर




शिक्षा मंत्री रोहित को सौंपा ज्ञापन।

गुजरना पड़ता है, जहां जंगली जानवरों का हर समय खतरा बना रहता है। इतना ही नहीं, छात्रों को रास्ते में तीन से चार बरसाती नालों को भी पार करना पड़ता है, जिससे विशेषकर बरसात के मौसम में उनकी सुरक्षा पर गंभीर संकट बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि राजकीय उच्च पाठशाला सदरुणी को वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का दर्जा दिया जाता है तो क्षेत्र की कई पंचायतों के विद्यार्थियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। इससे बच्चों की शिक्षा सुगम होगी, अभिभावकों की चिंता कम होगी और दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को भी नई मजबूती मिलेगी।

ग्रामीणों ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से आग्रह किया है कि विद्यार्थियों के भविष्य और उनकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए राजकीय उच्च पाठशाला सदरुणी का दर्जा शीघ्र बढ़ाकर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला किया जाए, ताकि बच्चों को कठिन और जोखिम भरे रास्तों से होकर शिक्षा ग्रहण करने के लिए मजबूर न होना पड़े।

## ब्राह्मण प्रतिनिधि सभा ने मणिमहेश यात्रा पर प्रस्तावित ग्रीन टैक्स का किया विरोध

**अनंत ज्ञान, चंबा।** ब्राह्मण प्रतिनिधि सभा चंबा ने आगामी पवित्र मणिमहेश यात्रा के दौरान प्रस्तावित ग्रीन टैक्स (एंट्री टैक्स) का विरोध किया है। सभा ने इसे श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं और जनहित के विपरीत बताते हुए अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एवं परियोजना अधिकारी, जनजातीय विकास भरमौर को ज्ञापन भेजकर प्रस्ताव पर पुनर्विचार की मांग की है। ज्ञापन की प्रति उपायुक्त चंबा को भी भेजी गई है। जनसाली स्थित परशुराम भवन में सभा प्रधान अजितेश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित मासिक बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में संगठन को मजबूत करने और गतिविधियों को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए ग्राम स्तर पर बैठकें आयोजित करने पर चर्चा हुई। सभा ने लक्ष्मीनाथ मंदिर के बजन्तरियों और अन्य अस्थायी कर्मचारियों के मानदेय बढ़ाने की मांग का समर्थन किया। सभा ने कहा कि मौजूदा महंगाई में 1500 रुपए मासिक मानदेय पर्याप्त नहीं है। प्रशासन से कर्मचारियों को सम्मानजनक मानदेय देने की अपील की गई। बैठक में लक्ष्मीनाथ मंदिर के बाहर अव्यवस्थित पार्किंग, दुकानों के बाहर सामान रखने और बड़े होर्डिंग से दर्शन बाधित होने के मुद्दे भी उठाए गए।

# 500 मीटर गहरी खाई में गिरी बोलेरो, चालक सुरक्षित

**अनंत ज्ञान, रोशन लाल, पांगी।** जनजातीय उपमंडल पांगी की ग्राम पंचायत पुर्थी के थान्दल क्षेत्र में शनिवार तड़के एक भीषण सड़क हादसा होते-होते टल गया। थान्दल मार्ग पर एक बोलेरो कैंपर अचानक अनियंत्रित होकर करीब 500 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। हादसा इतना भयावह था कि वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन चालक का सुरक्षित बच निकलना किसी चमत्कार से कम नहीं माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह करीब 4:30 बजे बोलेरो कैंपर (एचपी-06-4427) कुल्लू की ओर से पुर्थी होते हुए थान्दल जा रही थी। जैसे ही वाहन थान्दल क्षेत्र में पहुंचा, उसमें अचानक तकनीकी खराबी आ गई। चालक ने वाहन को नियंत्रित करने का प्रयास किया, लेकिन नियंत्रण बिगड़ने से कैंपर सड़क से फिसलकर लगभग 500 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। वाहन को कुलदीप राज, पुत्र स्वर्गीय सुर देव, निवासी गांव थान्दल, डाकघर पुर्थी, स्वयं चला रहे थे। दुर्घटना के बाद चालक किसी तरह वाहन से बाहर निकलने में सफल रहा और सुरक्षित बच गया।

हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, जबकि बोलेरो कैंपर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और राहत कार्य में जुट गए। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल रहा। ग्रामीणों का कहना है कि यदि वाहन में अन्य यात्री सवार होते या यह दुर्घटना दिन के व्यस्त समय में होती, तो बड़ा जानमाल का नुकसान हो सकता था। स्थानीय लोगों ने पहाड़ी और संकरी सड़कों पर वाहन चलाते समय अतिरिक्त सतर्कता बरतने तथा वाहनों की नियमित तकनीकी जांच सुनिश्चित करने की अपील की है, ताकि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

# पांगी घाटी सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार जैसी आधारभूत सुविधाओं से वंचित : हेम पंगवाल

अनंत ज्ञान

**पांगी।** सीमांत पांगी घाटी की विकासात्मक चुनौतियों को लेकर स्वतंत्र लेखक एवं सामाजिक चिंतक हेम पंगवाल हिंदवी ने सरकार का ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने कहा कि सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होने के बावजूद पांगी घाटी आज भी सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, संचार और रोजगार जैसी आधारभूत सुविधाओं के मामले में अपेक्षित विकास से वंचित है।



◆ कहा- पांगी घाटी के विकास को दी जाए प्राथमिकता

जारी बयान में हेम पंगवाल ने कहा कि चंबा-पठानकोट मार्ग पर प्रस्तावित चुवाड़ी-चंबा सुरंग तथा चंबा-तीसा-किलाड़ मार्ग पर प्रस्तावित चैहंड़ी सुरंग वर्षों से केवल सर्वेक्षण और फिजिबिलिटी रिपोर्ट तक सीमित हैं। इन परियोजनाओं के निर्माण कार्य में तेजी लाकर इन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि साच पास पर भारी हिमपात के कारण चंबा-तीसा-किलाड़ मार्ग वर्ष के अधिकांश समय बंद रहता है, जिससे पांगी घाटी के लोगों को जिला मुख्यालय चंबा पहुंचने के लिए जम्मू-कश्मीर के डोडा और किश्तवाड़ होकर लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। इससे लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। हेम पंगवाल ने कहा कि पांगी घाटी में प्रशासनिक व्यवस्थाएं विभिन्न जिलों के अधीन होने के कारण कई बार विकास कार्यों और आवश्यक सेवाओं के संचालन में समन्वय की कमी दिखाई देती है। उन्होंने इस व्यवस्था को अधिक प्रभावी और जवाबदेह बनाने की आवश्यकता जताई। उन्होंने तांदी-संसारी नाला सड़क निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्षों से निर्माणाधीन इस परियोजना को शीघ्र पूरा किया जाना चाहिए, ताकि सीमांत क्षेत्र को बेहतर सड़क संपर्क उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि सीमांत क्षेत्रों का विकास केवल स्थानीय जनता की सुविधा का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और सीमावर्ती क्षेत्रों में जनजीवन को सुदृढ़ बनाए रखने की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है।

सरकार को पांगी घाटी में सड़क, सुरंग, स्वास्थ्य, शिक्षा, संचार और रोजगार जैसी आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए समयबद्ध कार्ययोजना बनाकर प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन सुनिश्चित करना चाहिए।

# डीएसपी बलदेव ने विद्यार्थियों को दिया अनुशासन और नशामुक्ति का संदेश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चम्बा में ग्रीष्मकालीन अवकाश के अंतिम दिन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला पुलिस मुख्यालय चम्बा के डीएसपी बलदेव दत्त ने विद्यालय पहुंचकर विद्यार्थियों को अनुशासन, लक्ष्य निर्धारण, मेहनत और नशामुक्त जीवन का महत्व बताया। डीएसपी बलदेव दत्त ने विद्यालय को गोद लेने की पहल के तहत घोषणा की कि वह हर माह दो बार विद्यालय का दौरा करेंगे और विद्यार्थियों से नियमित संवाद स्थापित करेंगे। इस दौरान वह छात्रों को शिक्षा, करियर निर्माण, व्यक्तित्व विकास, जीवन मूल्यों और नशा निवारण जैसे विषयों पर मार्गदर्शन देंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए कोई शॉर्टकट नहीं होता। दृढ़ इच्छाशक्ति, सकारात्मक सोच और लगातार मेहनत ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने युवाओं से नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने और अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या रचना ठाकुर ने डीएसपी का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे संवाद कार्यक्रम विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास में सहायक होते हैं।




◆ हर माह दो बार स्कूल पहुंचकर विद्यार्थियों को देंगे सफलता और नशामुक्त जीवन का मंत्र

कार्यक्रम में भूगोल प्रवक्ता एवं एसोसिएट एनसीसी अधिकारी धीरज सिंह ठाकुर, शारीरिक शिक्षा शिक्षक संजीव ठाकुर, सुशांत सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर प्रेरणादायी विचारों को आत्मसात किया।

# भलेई कॉलेज पर ताला, ग्रामीण प्रतिभाओं का भविष्य अंधकार में; शिक्षा मंत्री दें जवाब : डीएस ठाकुर

अनंत ज्ञान

**डलहौजी/चंबा।** डलहौजी विधानसहा क्षेत्र से भाजपा विधायक डीएस ठाकुर ने भलेई महाविद्यालय को बंद किए जाने के फैसले को प्रदेश सरकार का शिक्षा विरोधी, ग्रामीण विरोधी और दुर्भाग्यपूर्ण निर्णय बताते शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सरकार ने शिक्षकों की कमी दूर करने के बजाय पूरे महाविद्यालय पर ताला लगाकर हजारों ग्रामीण परिवारों की उम्मीदों और विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है।



डीएस ठाकुर ने कहा कि भलेई जैसे दूरदराज क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए यह महाविद्यालय उच्च शिक्षा का सबसे बड़ा सहारा था। कॉलेज बंद होने के बाद अब छात्रों को पढ़ाई के लिए करीब 50 से 70 किलोमीटर दूर चंबा जाना पड़ रहा है।

लंबी दूरी, आर्थिक बोझ और परिवहन की समस्याओं के चलते अनेक छात्राएं उच्च शिक्षा बीच में ही छोड़ने को मजबूर हो गई हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल एक कॉलेज का बंद होना नहीं, बल्कि ग्रामीण बेटियों के शिक्षा के अधिकार पर सीधा प्रहार है। उन्होंने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से सवाल करते हुए कहा कि यदि महाविद्यालय में प्राध्यापकों की कमी थी तो सरकार का दायित्व नए प्राध्यापकों की नियुक्ति करना था। शिक्षकों की कमी का समाधान कॉलेज बंद करना नहीं हो सकता। सरकार ने समस्या का समाधान खोजने के बजाय पूरे संस्थान को ही समाप्त कर दिया।

डीएस ठाकुर ने कहा कि वर्ष 2017 में शुरू हुए भलेई महाविद्यालय को महज दस वर्षों के भीतर बंद कर देना सरकार की नीयत और शिक्षा नीति दोनों पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। यदि समय रहते पर्याप्त प्राध्यापकों की नियुक्ति की जाती तो शिक्षा व्यवस्था मजबूत होती, विद्यार्थियों की संख्या बढ़ती और महाविद्यालय निरंतर प्रगति करता। लेकिन सरकार ने उल्टा यहां से प्राध्यापकों का तबादला अन्य संस्थानों में कर दिया, जिससे छात्र संख्या प्रभावित हुई। कुछ विद्यार्थी बनिखेत और चंबा के कॉलेजों में चले गए और अंततः उसी स्थिति को आधार बनाकर महाविद्यालय बंद कर दिया गया।

# ‘दिशा’ कार्यशाला में स्टूडेंट्स ने सीखे जीवन कौशल के गुर

अनंत ज्ञान



**चंडीगढ़।** गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ एजुकेशन, सेक्टर-20 चंडीगढ़ ने ‘द हेल्पिंग हैंड्स ट्रस्ट’ के सहयोग से 6 से 10 जुलाई तक पांच दिवसीय प्रेरणादायक एवं व्यक्तित्व विकास कार्यशाला ‘दिशा’ का आयोजन किया। शिक्षा विभाग, चंडीगढ़ प्रशासन के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यशाला में विभिन्न सरकारी स्कूलों के कक्षा नौवीं के 40 छात्रों ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, संचार कौशल, सकारात्मक सोच और जीवन कौशल विकसित करना था।

इंटरैक्टिव गतिविधियों, प्रेरक वक्तव्यों, समूह चर्चाओं, माइंडफुलनेस अभ्यास और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से छात्रों को व्यक्तित्व विकास के गुर सिखाए गए। कार्यशाला का संचालन एसोसिएट प्रोफेसर एवं ‘द हेल्पिंग हैंड्स ट्रस्ट’ की संस्थापक ट्रस्टी डॉ. वंदना अग्रवाल ने संसाधन व्यक्तियों और स्वयंसेवकों की टीम के साथ किया। समापन समारोह में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सूर्य चंद्र कांत मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने छात्रों के उत्साह की सराहना करते हुए सफलता के लिए मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प को जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि ऐसी पहलें युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करती हैं। कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ. सपना नंदा ने प्रतिभागियों को बधाई दी और उन्हें आत्मविश्वास, अच्छे मूल्यों और लक्ष्य पर केंद्रित रहने के लिए प्रेरित किया।

## सेलिब्रिटी वेडिंग में चमका ‘ए ज्वेल्स बाय अनमोल’

**एजेंसी, चंडीगढ़।** ट्राईसिटी के लग्जरी ज्वेलरी ब्रांड ‘ए ज्वेल्स बाय अनमोल’ ने मॉडर्न फाइन ज्वेलरी के क्षेत्र में अपनी पहचान को और मजबूत किया है। अभिनेता अर्जुन कपूर की बहन अंशुला कपूर की शादी के जश्न में कई नामचीन हस्तियों ने इस ब्रांड की ज्वेलरी को पसंद किया।



ब्रांड की फाउंडर अनमोल ने कहा कि भारतीय शादियों में ज्वेलरी केवल आभूषण नहीं बल्कि परिवार की विरासत का हिस्सा होती है। सेलिब्रिटी ग्राहकों का भरोसा ब्रांड की कारीगरी और डिजाइन की गुणवत्ता को दर्शाता है। शादी समारोह में सोनम कपूर, जाह्नवी कपूर, अथिया शेट्टी और अर्जुन कपूर सहित कई हस्तियों ने ‘ए ज्वेल्स बाय अनमोल’ की ज्वेलरी पहनी। ब्रांड ने हर हस्ती के स्टाइल और आउटफिट के अनुरूप विशेष डिजाइन तैयार किए। ब्रांड की खास ज्वेलरी में तंजनाइट, बर्मी रूबी और बसरा मोतियों से सजा हेरिटेज पीस आकर्षण का केंद्र रहा। अनमोल ने कहा कि ब्रांड पारंपरिक भारतीय कारीगरी और आधुनिक डिजाइन का मेल कर ऐसे आभूषण तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिन्हें पीढ़ियों तक संजोकर रखा जा सके।

# कंग ने मोहाली में सांसद निधि से विकास कार्यों की दी सौगात

अनंत ज्ञान



**साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** मोहाली, 11 जुलाई। श्री आनंदपुर साहिब से सांसद मलविंदर सिंह कंग ने विधायक कुलवंत सिंह की मौजूदगी में मोहाली विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों और शहरी क्षेत्रों में सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि (एमपी लैड) से करवाए गए विकास कार्यों का उद्घाटन कर जनता को समर्पित किया।

इन कार्यों में गांव लखनौर में ओपन जिम, सेक्टर-69 में वाटर टैंकर, गांव पट्टों और लांडरां में सोलर लाइटें तथा गांव कुरड़ा में आरसीसी बेंच शामिल हैं। इन विकास कार्यों पर लाखों रुपए की राशि खर्च की गई है। कंग ने कहा कि पंजाब सरकार की जनहितैषी नीतियों और विकास कार्यों से प्रभावित होकर लोग आम आदमी पार्टी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोहाली क्षेत्र में विधायक कुलवंत सिंह के नेतृत्व में तेजी से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं।

उन्होंने लोगों से एसआईआर अभियान के तहत मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने और आवश्यक संशोधन करवाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी पात्र मतदाताओं के नाम सूची में शामिल होना सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

विधायक कुलवंत सिंह ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने बताया कि विभिन्न गांवों में स्ट्रीट लाइट, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत घर और अन्य सुविधाओं के लिए भी राशि जारी की जा रही है। इस अवसर पर डिप्टी मेयर हरपाल सिंह चन्ना सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# नयागांव में विकास को मिलेगी नई दिशा : नरिंदर सिंह राणा

**अनंत ज्ञान, गुरनाम सागर, खरड़।** भारतीय जनता पार्टी पंजाब स्टेट एग्जीक्यूटिव मेंबर नरिंदर सिंह राणा ने सुरिंदर कौसिस बब्बल को नयागांव म्युनिसिपल काउंसिल का अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह जीत नयागांव के लोगों के भाजपा की विकास नीतियों, सुशासन और पारदर्शी प्रशासन पर भरोसे की मुहर है। राणा ने नए अध्यक्ष सुरिंदर कौसिस बब्बल, सभी भाजपा पार्षदों, पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और नयागांववासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह सफलता कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनसेवा के प्रति समर्पण का परिणाम है।



उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्व में नयागांव म्युनिसिपल काउंसिल विकास, सफाई व्यवस्था, बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, पारदर्शिता और जनहित को प्राथमिकता देगी। लोगों से किए गए वादों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा और नयागांव को आधुनिक, सुंदर व विकसित शहर बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। राणा ने कहा कि भाजपा सत्ता को नहीं बल्कि सेवा को अपना धर्म मानती है। पार्टी के चुने हुए प्रतिनिधि ईमानदारी, जवाबदेही और लगन के साथ काम कर जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे। उन्होंने कहा कि नयागांव में भाजपा की टीम ‘सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास’ के संकल्प के साथ विकास का नया अध्याय लिखेगी।

# मोहाली से श्री अमृतसर साहिब के लिए तीन बसें रवाना



अनंत ज्ञान

**साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत मोहाली विधानसभा क्षेत्र से श्रद्धालुओं से भरी तीन बसों को श्री अमृतसर साहिब के लिए रवाना किया गया। विधायक सरदार कुलवंत सिंह ने गांव चिल्ला, धुराली और ग्रीन एन्क्लेव से बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

विधायक कुलवंत सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए अब मोहाली से तीसरी बस शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि योजना को लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है और यह धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक भाईचारे को भी मजबूत कर रही है। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान श्रद्धालु श्री हरिमंदिर साहिब, श्री दुर्गियाना मंदिर, राम तीर्थ वाल्मीकि मंदिर, जलियांवाला बाग और अटारी-वाघा सीमा के दर्शन करेंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रत्येक बस में डॉक्टर और गाइड की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर हलका कोऑर्डिनेटर फूलराज सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी और श्रद्धालु मौजूद रहे।

## रेवाड़ी की हाउसिंग परियोजना में लापरवाही पर शिवा मेगा प्रोजेक्ट्स हुआ ब्लैकलिस्ट

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के टाउन एंड कंट्री प्लानिंग (टीसीपी) विभाग ने रेवाड़ी जिले के बावल में अफोर्डेबल ग्रुप हाउसिंग परियोजना विकसित नहीं करने और लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन करने पर शिवा मेगा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड को ब्लैकलिस्ट कर दिया है।

विभाग के अनुसार, कंपनी, उसके तीन निदेशकों और उनसे जुड़ी किसी भी अन्य इकाई को भविष्य में हरियाणा विकास एवं शहरी क्षेत्र विनियमन अधिनियम, 1975 के तहत नया लाइसेंस नहीं मिलेगा। कंपनी को 2014 में 5.44 एकड़ में परियोजना विकसित करने का लाइसेंस मिला था, लेकिन न तो लाइसेंस का नवीनीकरण कराया, न बकाया ईडीसी और अन्य सरकारी देनदारियां जमा कीं तथा न ही साइट पर परियोजना विकसित की। लाइसेंस 2022 में रद्द कर दिया गया था। अब विभाग ने सभी अधिकारियों को कंपनी या उसके निदेशकों के किसी भी नए लाइसेंस आवेदन पर कार्रवाई नहीं करने के निर्देश दिए हैं।

# पंजाब में जुड़ेंगी 1,279 नई सरकारी बसें, बढ़ेगा परिवहन नेटवर्क : चीमा

अनंत ज्ञान




**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार राज्य के सार्वजनिक परिवहन नेटवर्क को मजबूत करने के लिए 1,279 नई सरकारी बसें शामिल करेगी। वित्त एवं परिवहन मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने बताया कि इस विस्तार के बाद सरकारी बसों की संख्या 2,267 से बढ़कर 3,546 हो जाएगी। उन्होंने कहा कि यह पिछले दो दशकों में सरकारी बस बेड़े का सबसे बड़ा विस्तार है। नई बसों में यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए डैशकैम, सीसीटीवी कैमरे, जीपीएस ट्रैकिंग और यूपीआई आधारित इलेक्ट्रॉनिक टिकटिंग जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी।

चीमा ने बताया कि सरकार 696 साधारण बसों की खरीद का आदेश जारी कर चुकी है। इनमें 387 बसें पनबस और 309 बसें पीआरटीसी में शामिल होंगी। इसके अलावा पीआरटीसी के लिए 100 मिडी बसें खरीदी जा चुकी हैं, जिन्हें जल्द ही सेवा में उतारा जाएगा। परिवहन मंत्री ने कहा कि बसों की तैनाती वैज्ञानिक योजना के आधार पर की जाएगी। कम बस सुविधा वाले क्षेत्रों की पहचान कर वहां परिवहन सेवाओं का विस्तार किया जाएगा, ताकि गांवों और कस्बों के लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी मिल सके। उन्होंने कहा कि नई बसों के शामिल होने से यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक और किफायती परिवहन सुविधा मिलेगी। साथ ही पनबस और पीआरटीसी को अधिक मांग वाले रूटों पर बसों के फेरे बढ़ाने में मदद मिलेगी।

# नयागांव के विकास को मिलेगी नई गति : नरिंदर सिंह राणा

अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, खरड़।** भारतीय जनता पार्टी पंजाब स्टेट एग्जीक्यूटिव मेंबर नरिंदर सिंह राणा ने सुरिंदर कौसिस बब्बल को नयागांव म्युनिसिपल काउंसिल का प्रेसिडेंट चुने जाने पर दिल से बधाई दी और कहा कि यह जीत नयागांव के लोगों द्वारा भाजपा की डेवलपमेंट वाली पॉलिसी, गुड गवर्नेंस और ट्रांसपेरेंट एडमिनिस्ट्रेशन पर जताए गए भरोसे की मुहर है।



राणा ने नए बने प्रेसिडेंट सुरिंदर कौसिस बब्बल, सभी भाजपा काउंसलर, पार्टी ऑफिस बेयरर, एक्टिविस्ट और नयागांव के पूरे लोगों को दिल से बधाई दी और कहा कि यह जीत हर उस एक्टिविस्ट की कड़ी मेहनत का नतीजा है, जिसने पार्टी की आइडियोलॉजी और पब्लिक सर्विस के कॉन्सेप्ट को घर-घर तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि भाजपा की लीडरशिप में नयागांव म्युनिसिपल काउंसिल डेवलपमेंट, साफ-सफाई, बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, ट्रांसपेरेंसी और पब्लिक इंटरेस्ट को अपनी प्रायोरिटी बनाएगी। लोगों से किए गए वादों को प्रायोरिटी के बेसिस पर पूरा किया जाएगा और नयागांव को एक मॉडर्न, सुंदर और डेवलप्ड शहर के तौर पर बनाने की हर मुमकिन कोशिश की जाएगी। राणा ने कहा कि भाजपा सत्ता को नहीं, सेवा को अपना धर्म मानती है। पार्टी का हर चुना हुआ प्रतिनिधि ईमानदारी, जवाबदेही और लगन से काम करेगा, लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरेगा।

आखिर में राणा ने कहा कि नयागांव में भाजपा की टीम ‘सब दा साथ, सब दा विकास, सब दा विश्वास, सब दा प्रयास’ के कॉन्सेप्ट को साकार करते हुए विकास का एक नया अध्याय लिखेगी और लोगों की उम्मीदों पर पूरी तरह खरा उतरेगी।

## सुंदरनगर को जल्द मिलेगा आधुनिक आई हॉस्पिटल



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** नगर परिषद सुंदरनगर क्षेत्र के अंतर्गत ललित चौक के समीप करोड़ों की लागत से निर्माणाधीन अम्बा प्रसाद शर्मा रोटरी चैरिटेबल आई हॉस्पिटल का रविवार को विधायक एवं प्रदेश भाजपा प्रवक्ता राकेश जंवाल ने निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसी से अस्पताल के निर्माण की वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा कार्य में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विधायक राकेश जंवाल ने कहा कि यह अस्पताल सुंदरनगर सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण जनहितकारी संस्थान है। अस्पताल के शुरू होने से लोगों को आधुनिक तकनीक से सुसज्जित एवं गुणवत्तापूर्ण नेत्र चिकित्सा सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी, जिससे उन्हें उपचार के लिए अन्य शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने निर्माण एजेंसी से कहा कि अस्पताल का कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए जिससे इसे शीघ्र आमजन को समर्पित किया जा सके। विधायक ने विश्वास जताया कि अस्पताल के शुरू होने से क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती मिलेगी और हजारों लोगों को बेहतर नेत्र उपचार का लाभ प्राप्त होगा।

◆ **विधायक जम्वाल ने निर्माण कार्य का किया निरीक्षण**

# शिक्षा और खेलें युवा शक्ति का मजबूत आधार : रोहित

## शिक्षा मंत्री ने बटाड़ वॉलीबॉल टूर्नामेंट का किया शुभारंभ

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** शिक्षा और खेल को युवा शक्ति के सर्वांगीण विकास का सबसे मजबूत आधार बताते हुए प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि हिमाचल सरकार युवाओं को बेहतर शिक्षा, आधुनिक खेल सुविधाएं और विकास के नए अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और नशामुक्त समाज के निर्माण का प्रभावी माध्यम हैं। शनिवार को जुब्बल क्षेत्र की ग्राम पंचायत कठासु के बटाड़ गांव में नवयुवक मंडल स्टेटा ब्रदर्स बटाड़ द्वारा आयोजित वॉलीबॉल टूर्नामेंट के शुभारंभ अवसर पर उन्होंने यह बात कही। टूर्नामेंट के उद्घाटन के बाद शिक्षा मंत्री ने विभिन्न टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में वॉलीबॉल की समृद्ध परंपरा रही है और ऐसे आयोजन ग्रामीण युवाओं की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उन्हें सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। रोहित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार खेल अधोसंरचना को मजबूत बनाने के लिए लगातार निवेश कर रही है। खिलाड़ियों की डाइट मनी 120 रुपये से बढ़ाकर 220 रुपये किए जाने का निर्णय इसी सोच का हिस्सा है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित करने और उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए भी सरकार लगातार कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि ठाकुर रामलाल राजकीय बालिका खेल विद्यालय, जुब्बल प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धियों में शामिल है, जहां वॉलीबॉल सहित आठ खेलों में प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। खेल छात्रावास के सुचारु संचालन के लिए मंत्रिमंडल द्वारा 32 नए पदों को मंजूरी देना सरकार की खेलों के प्रति गंभीरता को दर्शाता है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि जुब्बल-नावर-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में पिछले तीन वर्षों के दौरान विकास कार्यों ने नई गति पकड़ी है। करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं, जबकि अनेक परियोजनाएं तेजी से निर्माणाधीन हैं। ग्राम पंचायत कठासु में 50 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण किया जा रहा है तथा क्षेत्र में सड़क संपर्क को मजबूत करने के लिए व्यापक कार्य किए गए हैं।



बटाड़ में वॉलीबॉल टूर्नामेंट के शुभारंभ पर लोगों को संबोधित करते रोहित ठाकुर।

# 'वन नेशन, वन इलेक्शन' पीएम मोदी की दूरदर्शी सोच का हिस्सा : अनुराग

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** देशभर में वन नेशन, वन इलेक्शन विषय पर चल रहे व्यापक परामर्श अभियान के तहत संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के वरिष्ठ सदस्य अनुराग ठाकुर ने शनिवार को गोवा विधानसभा अध्यक्ष गणेश गावंकर तथा नेता प्रतिपक्ष यूरी अलेमाओ के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया। बैठक के दौरान वन नेशन, वन इलेक्शन के लिए प्रस्तावित संवैधानिक एवं विधिक ढांचे पर विस्तार से चर्चा हुई। इसमें राज्य की प्रशासनिक तैयारियों, संघीय व्यवस्था पर संभावित प्रभाव, चुनावी खर्च में कमी, बार-बार होने वाले चुनावों से शासन व्यवस्था में आने वाले व्यवधान को कम करने तथा विकास कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार किया गया।

गोवा विधानसभा अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष ने गोवा के दृष्टिकोण से अपने महत्वपूर्ण सुझाव एवं व्यावहारिक अनुभव साझा किए, जो संयुक्त संसदीय समिति के विचार-विमर्श को और समृद्ध करेंगे। अनुराग ने कहा कि वन नेशन, वन इलेक्शन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसका उद्देश्य भारतीय लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाना, बार-बार होने वाले चुनावों की प्रक्रिया को कम करना, सार्वजनिक धन की व्यापक बचत सुनिश्चित करना तथा सरकारों को दीर्घकालिक विकास और सुशासन पर अधिक प्रभावी ढंग से कार्य करने का अवसर प्रदान करना है।

सांसद अनुराग ठाकुर ने गोवा विधानसभा अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष का रचनात्मक सहभागिता के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समिति के अध्यक्ष पी. पी. चौधरी के नेतृत्व में संयुक्त संसदीय समिति भारतीय लोकतंत्र को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा सहकारी संघवाद की भावना को अक्षुण्ण रखते हुए एक प्रभावी एवं व्यावहारिक व्यवस्था विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि देशभर में इस परिवर्तनकारी सुधार के प्रति व्यापक समर्थन प्राप्त हो रहा है।



# राम मंदिर प्रकरण के बाद सुक्खू सरकार सतर्क

## मंदिरों की सुरक्षा और चढ़ावे में पारदर्शिता के लिए नई गाइडलाइन जारी

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी के मामले के बाद हिमाचल सरकार ने राज्य के सरकारी स्वामित्व एवं प्रबंधन वाले मंदिरों की सुरक्षा और वित्तीय पारदर्शिता को लेकर बड़ा कदम उठाया है। भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग ने नई विस्तृत गाइडलाइन जारी करते हुए मंदिरों में दान, आभूषणों और अन्य बहुमूल्य संपत्तियों के संरक्षण, निगरानी और लेखा-जोखा की व्यवस्था को और अधिक सख्त बना दिया है। सरकार ने इन निर्देशों को तत्काल प्रभाव से लागू करते हुए सभी संबंधित मंदिर प्रबंधन समितियों से 30 दिनों के भीतर अनुपालन रिपोर्ट मांगी है। जानकारी के अनुसार नई गाइडलाइन के तहत सभी दानपात्रों को टैंपर-प्रूफ बनाया जाएगा तथा उन्हें विशिष्ट पहचान संख्या दी जाएगी। चढ़ावे की गिनती केवल अधिकृत अधिकारियों की मौजूदगी में निर्धारित तिथि पर समिति की निगरानी में होगी। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराना अनिवार्य रहेगा। मंदिर परिसर के प्रवेश और निकास द्वार, गर्भगृह के आसपास, दानपात्र, गिनती कक्ष, स्ट्रॉन्ग रूम और आभूषण भंडारण स्थल पर हाई-रिजॉल्यूशन सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, जिनकी रिकॉर्डिंग कम से कम 180 दिनों तक सुरक्षित रखनी होगी।

सरकार ने मंदिरों में मौजूद सोना, चांदी, आभूषण और अन्य बहुमूल्य वस्तुओं की नियमित सूची तैयार करने, प्रत्येक तिमाही में उनका भौतिक सत्यापन कराने तथा वर्ष में एक बार ऑडिट सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। नकदी और बहुमूल्य वस्तुओं की जिम्मेदारी संभालने वाले कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन कराया जाएगा और समय-समय पर उनकी ड्यूटी में भी बदलाव किया जाएगा। इसके साथ ही चढ़ावे की नकदी की गिनती के बाद अधिकृत बैंक खाते में एक कार्य दिवस के भीतर राशि जमा कराना अनिवार्य होगा। राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि सभी सरकारी स्वामित्व एवं प्रबंधन वाले मंदिरों को सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कवरेज, ऑडिट, इन्वेंट्री और अन्य सभी प्रावधानों के अनुपालन की विस्तृत रिपोर्ट 30 दिनों के भीतर विभाग को भेजनी होगी।

यदि किसी स्तर पर नियमों की अनदेखी, लापरवाही या वित्तीय अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित अधिकारियों और मंदिर प्रबंधन समितियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक तथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

◆ **दानपात्र से लेकर आभूषणों की व्यवस्था होगी रिकॉर्ड में**

◆ **हाई-रिजॉल्यूशन सीसीटीवी निगरानी में होगी चढ़ावे की गिनती, 180 दिन तक सुरक्षित रहेगी रिकॉर्डिंग**

◆ **डिजिटल दान को मिलेगा बढ़ावा, यूपीआई क्यूआर और ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था अनिवार्य**

◆ **नियमों की अनदेखी पर अधिकारियों और मंदिर प्रबंधन समितियों के खिलाफ होगी कार्रवाई**

◆ **30 दिन में देनी होगी अनुपालना की रिपोर्ट**

### डिजिटल दान व्यवस्था पर विशेष तैयारी शुरू

**नई** व्यवस्था में मंदिरों को डिजिटल भुगतान प्रणाली अपनाने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया है। यूपीआई, क्यूआर कोड, पोस मशीन व ऑनलाइन बैंकिंग के माध्यम से दान स्वीकार करने की व्यवस्था विकसित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि नकदी लेन-देन कम हो और पारदर्शिता बढ़े। साथ ही चोरी, धोखाधड़ी या किसी भी प्रकार की अनियमितता की सूचना तत्काल पुलिस, उपायुक्त, कार्यपालक मजिस्ट्रेट तथा भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग को देना अनिवार्य किया गया है।

## 40 कनिष्ठ अभियंताओं को पदोन्नति, 12 बने एसडीओ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जल शक्ति विभाग ने प्रदेश में तकनीकी सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 40 कनिष्ठ अभियंताओं (सिविल) को सहायक अभियंता (सिविल) के पद पर पदोन्नत किया है। विभाग के प्रधान सचिव डॉ. अभिषेक जैन ने बताया कि 8 जुलाई को हुई विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक में पात्र कनिष्ठ अभियंताओं के नामों की अनुशंसा की गई थी। पदोन्नत अधिकारियों में 22 डिप्लोमा धारक तथा 18 स्नातक/एएमआईई श्रेणी के कनिष्ठ अभियंता शामिल हैं। वर्गवार पदोन्नतियों में 21 सामान्य, 6 अन्य पिछड़ा वर्ग, 9 अनुसूचित जाति और 4 अनुसूचित जनजाति वर्ग के अधिकारी शामिल हैं। इसके अलावा विभाग ने 12 कनिष्ठ अभियंताओं को निकट भविष्य में रिक्त होने वाले पदों के विरुद्ध एसडीओ के पद पर भी पदोन्नत किया है। विभाग का कहना है कि इन पदोन्नतियों से पेयजल आपूर्ति, सिंचाई तथा जल संसाधन विकास से जुड़ी परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आएगी और तकनीकी पदों पर अनुभवी अधिकारियों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

# प्रदेश के होटल-रेस्तरां में अब नहीं रहेगी पनीर पर भ्रम की गुंजाइश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में अब होटल, रेस्तरां, कैटरर्स और ऑनलाइन फूड डिलीवरी एग्रीगेटर्स उपभोक्ताओं को यह जानकारी छिपा नहीं सकेंगे कि उनके भोजन में परोसा जा रहा पनीर और चीज असली दूध से तैयार है या फिर वनस्पति तेल एवं स्टार्च से निर्मित एनालॉग उत्पाद। प्रदेश हाईकोर्ट ने जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान स्पष्ट किया है कि उपभोक्ता को खाद्य पदार्थ की वास्तविक प्रकृति की जानकारी देना उसका अधिकार है। इसी उद्देश्य से सभी संबंधित प्रतिष्ठानों को मेन्यू, बिल और डिस्प्ले बोर्ड पर यह जानकारी अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करनी होगी। जानकारी के अनुसार मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया तथा न्यायमूर्ति बिपिन चंद्र नेगी की खंडपीठ ने डॉ. विनोद कुमार धवन द्वारा दायर जनहित याचिका का निपटारा करते हुए कहा कि राज्य सरकार पहले ही इस संबंध में आवश्यक निर्देश जारी कर चुकी है। अदालत ने माना कि इन निर्देशों का उद्देश्य उपभोक्ताओं को पारदर्शी जानकारी उपलब्ध कराना और खाद्य सुरक्षा मानकों का प्रभावी पालन सुनिश्चित करना है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता कर्ण धवन ने अदालत को बताया कि सरकार के निर्देशों में नियमित सैंपलिंग, उत्पादों की वैज्ञानिक जांच तथा उसके रिकॉर्ड के रखरखाव जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया गया है, जबकि भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के नियमों के तहत यह व्यवस्था भी आवश्यक है। इस पर हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता को संबंधित सक्षम प्राधिकरण के समक्ष नया प्रतिनिधित्व प्रस्तुत करने की अनुमति देते हुए राज्य सरकार को उस पर कानून के अनुरूप स्वतंत्र और शीघ्र निर्णय लेने के निर्देश दिए हैं।

◆ **मेन्यू और बिल में बताना होगा असली है या एनालॉग**

## बसों में जुगाड़ व्यवस्था से यात्रियों की सुरक्षा को खतरा: जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने हिमाचल पथ परिवहन निगम की मौजूदा स्थिति को लेकर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि निगम की व्यवस्था लगातार बदहाल होती जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई डिपो में टायरों और अन्य आवश्यक स्पेयर पार्ट्स की कमी के चलते एक बस के टायर निकालकर दूसरी बस में लगाए जा रहे हैं और जुगाड़ के सहारे बसों का संचालन किया जा रहा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि यह व्यवस्था यात्रियों की सुरक्षा के साथ सीधा खिलवाड़ है। उनका कहना था कि प्रदेश के कई हिस्सों में बसें धक्का लगाकर स्टार्ट की जा रही हैं, जबकि अनेक वाहन कार्यशालाओं में आवश्यक कलपुर्जों के अभाव में खड़े हैं।

**ग्राम पंचायत कजौटधार** विकासखंड द्रंग जिला मंडी (हिमाचल प्रदेश)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कजौटधार, विकास खण्ड द्रंग, जिला मण्डी (हि.प्र.) द्वारा वर्ष 2026 2027 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद (सील्ड) निविदाएं (कुटेशने) आमंत्रित की जाती हैं। ये निविदाए दिनांक 22/07/2026 तक ग्राम पंचायत कजौटधार के कार्यालय में पहुँच जानी चाहिए। निविदाएं दिनांक 25/07/2026 को प्रातः 11:00 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत कजौटधार में पदाधिकारियों की गणपूर्ति व निविदादाताओं या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के। समक्ष (यदि उपस्थित हो) खोली जायेगी। अनुमोदित निविदाए 31/03/2027 तक मान्य होगीं। सामग्री का विवरण इस प्रकार से है:- 1. रेत क्रेशर - प्रति क्यूबिक मीटर, 2. बजरी प्रति क्यूबिक मीटर, 3. ईंट - प्रति ईंट, 4. कट स्टोन - प्रति नं., 5. रेत, बजरी पठानकोट - प्रति क्यूबिक मीटर, 6. शटरिंग स्केयर फुट, 7. जेसीबी प्रति घंटा, 9. सीमेंट दुलान पधर से कजौटधार कार्य स्थल तक (लदाई व उतराई किराया) 10. साईन बोर्ड - प्रति नम्बर, 11. मिक्चर - प्रति दिन, 12. बोल्डर - क्यूबिक मीटर, 13. अन्य स्लेट - प्रति नम्बर।

नियम व शर्तें: 1. सप्लायर के पास जीउसटी न. होना चाहिए। 2. सप्लायर के पास एम-फार्म होना अनिवार्य हैं। 3. निविदा में दिनांक होनी अनिवार्य हैं। 4. निविदा हाथ द्वारा नहीं लिखी होनी चाहिए। 5. यदि सप्लायर सप्लाई नहीं देता है तो उसकी निविदा खारिज करने का पूर्ण अधिकार पंचायत का हैं। 6. घटिया सामान स्वीकार नहीं किया जाएगा। 7. अधूरी निविदा स्वीकार नहीं होगी। 8. रेत, बजरी, पत्थर के लिए एम-फार्म प्रति गाड़ी बिल के साथ जमा करना होगा अन्यथा अदायगी नहीं की जाएगी। अगर एम-फार्म नहीं देता हैं तो रिकवरी सप्लायर को देनी होगी। 9. निर्माण सामग्री कार्य स्थल तक पहुंचानी चाहिए। 10. ग्राम पंचायत में जिस फर्म की रेत, बजरी, पत्थर की निविदा स्वीकृत होगी उस फर्म को 50,000/- रु. सिक्योरिटी जमा करवानी होगी। जैंसे ही टेंडर समाप्त होता हैं। तुरंत बाद राशि वापिस कर दी जाएगी। 11. निविदा पंचायत में ही जमा होगी।

प्रधान/ सचिव

**ग्राम पंचायत सैन्थल- पड़ैन**
विकासखंड चोन्तड़ा, जिला मण्डी (हि.प्र.).

ग्राम पंचायत सैन्थल- पड़ैन द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए निविदा आमंत्रित की जानी हैं, अतः सामग्री विवरण निम्न हैं : क्रशेर सैंड प्रति घन मी, JCB P/HOUR, क्रशेर AGG 10mm, 20mm, 40mm, स्टोन बोल्डर / कट स्टोन प्रति घन मी, पक्की ईंट ABC ग्रेड प्रति ईंट, शटरिंग लकड़ी प्रति SQ मी, शटरिंग लोहा प्रति SQ मी, सामग्री धुला न सीमेंट लोडिंग / अनलोडिंग साइन बोर्ड, Dustbin, वाटर कूलर / ओपन GIME पार्क ओनर्मिं, स्टील / कंक्रीट बेंच, स्पोर्ट्स का सामान

निविदाएं दिनाक 14 जुलाई 2026 तारिक तक बंद लिफाफे मे ली जायगी, व दिनाक 16/7/2026 को पंचायत मीटिंग मे खोली जायगी। निविदा करता के पास अपना GST, TINno होना आवश्यक हैं व गाड़ी होना आवश्यक हैं पात्र निविदा कर्ता को 20000/ अग्रिम सुरक्षा राशी के रूप मे जमा करवानी होगी व साथ मे 1000/ प्रति अवेदन शुल्क पंचायत मे जमा करवाना होगा ! निविदा कर्ता को पंचायत के सप्लाई order के अनुसार समय पैर सामग्री M फॉर्म सहित इक सप्ताह के भीतर जमा करवाने होंगे। निविदा सवीकृत / अस्वीकृत करने की शक्तिया पंचायत के पास निहित होंगी!

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत सैन्थल- पड़ैन

**कार्यालय ग्राम पंचायत सरसकान**
विकास खंड धर्मपुर जिला मंडी हि0 प्र0
निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सरसकान में विभिन्न मदों के अंतर्गत विकास कार्यों के लिए अवधि 10-07-2026 से 31-03-2027 तक निम्न सामग्री (वस्तु) के लिए निविदा आमंत्रित करती है।

सामग्री का विवरण

रेता कशर प्रति घन मीटर, बजरी क्रशर प्रति घन मीटर, रेता धुला क्रशर प्रति घन मीटर, रेता लोकल खड्ड प्रति घन मीटर, बजरी लोकल खड्ड प्रति घन मीटर, शटरिंग प्रति वर्ग मीटर, सीमेंट दुलवाई सिविल सप्लाई स्टोर धर्मपुर से पंचायत स्टोर व पचायत स्टोर से कार्यस्थल प्रति वेग, बोर्ड सीमेंट प्रति बोर्ड, बोर्ड लिखवाई व फोटो प्रति बोर्ड, इंटरलॉक टाइल 40 MM,60 MM 60 MM प्रति टाईल, बोल्डर प्रति घन मीटर, कट स्टोन (पत्थर) प्रतिस्टोन (पत्थर), जेसीबी मशीन प्रति घंटा, जेसीबी मशीन ब्रेकर प्रति घंटा, सीमेंट बैंच प्रति बैंच, लोहा बैंच प्रति बैंच, सीमेंट ब्लाक प्रति ब्लाक, इंट प्रति इंट, डस्टबीन प्रति नग, जिम व पार्क सामग्री प्रति नग, डिस्पले बोर्ड प्रति बोर्ड।

अतः इच्छुक व्यवित / फर्म अपनी निविदा दिनांक 24-07-2026 तक शाम 5 बजे तक रजिस्टर्ड डाक द्वारा ग्राम पंचायत सरसकान में पहुंच जानी चाहिए। निविदा 25-07-2026 को सुबह 11 बजे निविदा कमेटी के सामने कार्यालय ग्राम पंचायत सरसकान में खोली जाएगी।

नियत व शर्तें

(1) निविदा देने वाले के पास अपना जीएसटी न0 होना चाहिए। (2) सामाग्री गाड़ी में जहां तक जा सकती है पहुंचानी होगी। (3) पंचायत के सप्लाई आदेश पर ही सामाग्री दी जाएगी। (4) यदि सामाग्री में सही गुणवता नहीं पाई जाती है या समय पर सप्लाई नहीं दी जाती, जिसके कारण यदि कार्य में बाधा पैदा होती है तो आपूर्तिकर्ता को पंचायत द्वारा एक माह का नोटिस देने पर किसी भी समय निविदा रदद की जा सकती है। (5) निविदा स्वीकृत या रदद करने का अधिकार निविदा कमेटी को होगा। (6) यदि निविदा किसी व्यवित या फर्म की स्वीकृत होती है, तो उस व्यवित या फर्म को निविदा 30000 /- रुपए धरोहर राशि के रूप में पंचायत में जमा करवाने होंगे। (7) निविदा खुलने वाली तिथि को जिस भी व्यवित या फर्म ने निविदा हेतू अपना आवेदन पंचायत को किया है, को निविदा खुलते समय उपस्थित होना अनिवार्य है। (8) निविदा में मांगी गई प्रत्येक सामाग्री वस्तु का मूल्य जीएसटी के साथ होगा, अलग से जीएसटी मान्य नहीं होगा। (9) निविदा स्वीकृत होने पर निविदाकर्ता को सप्लाई की गई साम्रागी (वस्तु) के साथ एम (M. FORM) फार्म जमा करवाना अनिवार्य हैं। (10) निविदा स्वीकृत होने पर व्यवित या फर्म को अपने दस्तावेज जैसे जीएसटी न., आधार कार्ड, बैंक पास बुक की फोटो कापी जमा करवानी होगी।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत सरसकान
विकास खंड धर्मपुर जिला मंडी हि0प्र0

**कार्यालय ग्राम पंचायत भड़याडा** विकास खंड चौंतड़ा, जिला मंडी (हि.प्र.)
निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भड़याडा विकास खंड चौंतड़ा, जिला मंडी, हि.प्र. के अंतर्गत वर्ष 2026-27 में होने वाले समस्त मदों के विकास कार्यों हेतु निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं दिनांक 19/07/2026 को अपराह्न 03:00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत भड़याडा में व्यक्तिगत रूप या डाक के माध्यम से पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं दिनांक 22/07/2026 को पंचायत के समक्ष निविदाताओं / उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएंगी। सामग्री का विवरण- (1) रेत क्रेशर (प्रति घन मीटर), (2) रेत प्लांट (FINE SAND) - (प्रति घन मीटर), (3) पक्की ईंट / BRICKS A,B,C GRADE) - [illegible]

प्रधान / सचिव

**कार्यालय ग्राम पंचायत गवाली** विकास खण्ड द्रंग, जिला मंडी (हि.प्र.)
निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गवाली, विकास खण्ड द्रंग, जिला मण्डी (हि.प्र.) द्वारा वर्ष 2026 - 2027 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद (सील्ड) निविदाएं (कुटेशने) आमंत्रित की जाती हैं। ये निविदाएं दिनांक 22/07/2026 सायं 05:00 बजे से पूर्व ग्राम पंचायत गवाली के कार्यालय में पहुँच जानी चाहिए। उक्त तिथी तक प्राप्त निविदाएं दिनांक 23/07/2026 को प्रातः 11:00 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत गवाली में पदाधिकारियों की गणपूर्ति व निविदादाताओं या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष (यदि उपस्थित हो) खोली जायेगी। [illegible]

प्रधान/सचिव

**कार्यालय पंचायत सामुदायिक केन्द्र उट्पुर**
विकास खण्ड वमसन (टौणी देवी), जिला हमीरपुर, (हि.प्र.)
निविदा आमंत्रण सूचना

तिय वर्ष 2026-27 (01-08-26 से 31-03-2027) के विकास कार्य हेतू निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं रेता क्रेशर, रेत दरिया, धुला रेता, बजरी क्रेशर 10,20,40 mm, पत्थर (बोल्डर कटपीस) वाल एवं फ्लोर टाइल्स (Per SF), अव्वल दोयम प्रति इन्ट, PVC पाईप, रेलिंग लोहा, सरिया (Per KG प्रोवाइडिंग/ फिक्सिंग) मिक्सर किराए पर प्रति दिन, सीमेंट किराया लोडिंग अनलोडिंग सहित पंजोत/ सुजानपुर से उट्पुर तक प्रति बैग, JCB कार्य खुदाई/कटिंग कच्चा / पक्का (प्रति क्यूबिक मीटर) (लाग बुक बिल के साथ देनी पड़ेगी), सेटरिंग स्टील प्लेट व लकडी (छत व दिवार) प्रति स्क्वेयर फीट, सेटरिंग लकड़ी डाव (प्रति रनिंग मीटर), पिल्लर डग्गे (प्रति डग्गा), दरवाजे खिडकी आलमारी चौखट व पल्ले (लकड़ी व बोर्ड दर सहित), साईन बोर्ड लिखाई सहित (2.6.3 व 3-4), बाल पेंटिंग (प्रति SF) सामग्री दुलाई मुख्य सड़क से निर्माण स्थल तक ( समस्त वार्डों की )by head lod/by mule दुरी 100, 200,300,500 मीटर व 1 किलोमीटर तक प्लास्टिक लोहे के कूड़ा दान, रिवोलविंग/ प्लास्टिक कुर्सियां, आलमारी स्टील बैंच, सीमेंट बैंच, वाटर कूलर, आदि निर्माण सामग्री कार्य करने हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं इच्छुक फर्म का GST No. व अपनी गाड़ी होना अनिवार्य हैं, (समस्त दस्तावेज साथ सलग्न करे) रेता बजरी पत्थर की अदायगी प्रपत्र X, व M फार्मबिल के साथ देने पर ही होगी अगर पंचायत की ट्राली से रेता बजरी की मांग होगी वह भी पूर्ण करनी होगी सामग्री का मूल्य वर्क साईट तक FOR मान्य होगा पंचायत मांग समय पर पूरा न करने व घटिया सामग्री होने पर निविदा रद्द करने का पूरा अधिकार पंचायत का होगा निविदाएं मोहर बंद लिफ़ाफ़े में दिनांक 22/07/2026 से पहले पंजीकृत डाक द्वारा दी जा सकती हैं लिफ़ाफ़े के बाहर कुटेशन शब्द लिख दे, ताकि गलती से आपकी कुटेशन खुल न जाए। निविदाएं दिनांक 25/07/2025 को समय 11 बजे पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी फर्म उस दिन हाजिर रहे अलग से को पत्र नहीं निकाला जाएगा। नियमानुसार TDS काटा जाएगा। निविदा प्रपत्र पंचायत में 1000/- रूपये जमा करने के उपरांत जारी किया जाएगा वही फर्म निविदा दे सकती हैं जिसने निविदा प्रपत्र पंचायत ने लिया होगा।

प्रधान/सचिव

**in the court of
SH. MANEESH CHAUDHARY (H.A.S.) MARRIAGE OFFICER CUM-SUB DIVISIONAL MAGISTRATE, JOGINDER NAGAR DISTRICT MANDI (H.P.)**

In the matter of :-
1. Sh. Aktar Mohammad aged about 36 years (DOB 12-03-1990) S/O Sh. Noor Mohammad R/o Village Garoru Ward No-2, P.O. & Tehsil Joginder Nagar, Distt. Mandi, H.P., 2. Smt. Rojan Khatoon aged about 19 years (DOB 01-01-2007) D/O Sh. Kapil Miyan R/o Village Deurwa Padarkshap Ward No-01, P.O. Bhairoganj Paschim Champaran Bihar 845101. at present W/O Sh. Aktar Mohammad aged about 36 years (DOB 12-03-1990) S/O Sh. Noor Mohammad R/o Village Garoru Ward No-2, P.O. & Tehsil Joginder Nagar, Distt. Mandi H.P. **Applicants**

Versus

General Public **Respondents**

Subject: Proclamation for the registration of Marriage under section 15, Chapter-III of the special Marriage Act, 1954.

In the above noted Sh. Aktar Mohammad and Smt. Rojan Khatoon have filed an application on dated 23-06-2026 along with affidavits in the court of undersigned under section 15 of special marriage Act, 1954 that they have solemnized their marriage on dated 02-02-2025 and since from the date of marriage they are living together as Husband & wife, hence their marriage may be registered under special marriage Act, 1954.

Therefore, the general public & the parents of the applicants are hereby informed through this notice that any person who has any objection regarding this marriage can file the objection personally in writing or through their legal advisor before this court on or before dated 04/08/2026 The objection received after 04/08/2026 will not be entertained and marriage will be registered accordingly.

Issued today on 23/06/2026 under my hand and seal of this court.

Marriage Officer Cum
Sub Divisional Magistrate Joginder Nagar
Distt. Mandi (H.P)

**कार्यालय ग्राम पंचायत बह** विकास खण्ड द्रंग, जिला मंडी (हि.प्र.)
निविदा आमंत्रण सूचना

[illegible]

प्रधान/सचिव

**कार्यालय ग्राम पंचायत पाली** विकास खण्ड द्रंग, जिला मंडी (हि.प्र.)
निविदा आमंत्रण सूचना

[illegible]

प्रधान/सचिव

**कार्यालय ग्राम पंचायत थौना विकास खंड गोपालपुर, तहसील सरकाघाट, जिला मंडी (हि.प्र.)**
निविदा सूचना

ग्राम पंचायत थौना के अंतर्गत वित्त वर्ष 2026-27 के लिए निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु कोटेशन/निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, ताकि पंचायत के कार्यों को सुचारू रूप गति प्रदान की जाए। निविदाएं प्राप्त करने व जमा करवाने की अंतिम तिथि 25/07/2026 प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक है। प्राप्त निविदाएं 27/07/2026 को पंचायत बैठक में खोली जाएंगी। इच्छुक फर्म/व्यवित अपनी निविदा डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा करवा सकते हैं।

| क्र0 | सामान वस्तु नाम | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | रेत क्रशर | प्रति घन मीटर |
| 2 | रेत प्लाट | प्रति घन मीटर |
| 3 | पक्की ईंट (ABC ग्रेड) – 1000 Nos. | |
| 4 | बजरी क्रशर | प्रति घन मीटर |
| 5 | पत्थर (Cut Stone) | प्रति घन मीटर |
| 6 | सोलिंग/बोल्डर पत्थर | प्रति घन मीटर |
| 7 | J.C.B. मशीन द्वारा कटान | प्रति घंटा/ प्रति घन मीटर |
| 8 | शटरिंग (भवन निर्माण/अन्य) | प्रति वर्ग मीटर एवं रनिंग मीटर |
| 9 | सामग्री दुलाई | |
| 10 | सीमेंट | प्रति कि.मी. |
| 11 | Sign Board (Standard Size per Board) | |
| 12 | Water Cooler (20, 40, 60, 80 Ltr.) | with & without fitting |
| 13 | Segregation Shed | |
| 14 | Cement/Concrete Bench | |
| 15 | Steel Benches | |
| 16 | Painting & Writing of Sign Board | |
| 17 | Mixture Machine | |
| 18 | Dustbins | (विभिन्न क्षमता) |

निविदादाता के पास Active GST पंजीकरण होना अनिवार्य है। 2. निविदा लेटर पैड पर संबंधित पंचायत को भेजनी होगी। 3. बिल के साथ Valid Rate List तथा Form X एवं W का Valid Transit Pass जमा करवाना होगा। 4. सभी करों का लेन-देन सरकार के प्रावधानों के अनुसार होगा। 5. सामग्री लोक निर्माण विभाग (PWD) की स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होनी चाहिए। 6. दरें अंकों एवं शब्दों दोनों में स्पष्ट रूप से लिखी हों। 7. निर्माण सामग्री कार्यस्थल/सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। 8. सफल निविदादाता को 20,000/- सुरक्षा राशि तथा 1,000/- (नॉन-रिफंडेबल) आवेदन शुल्क संबंधित पंचायत में जमा करवाना होगा। 9. यदि समयानुसार सामग्री उपलब्ध नहीं करवाई गई तो सुरक्षा राशि जब्त कर ली जाएगी तथा आवश्यक सामग्री बाजार भाव पर खरीदकर निविदा निरस्त की जा सकती है। 10. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकार/अस्वीकार करने तथा समान दर होने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं को कार्य आवंटित करने एवं निविदा किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा। 11. सामग्री राशि का भुगतान TA/JE की पैमाइश के उपरांत किया जाएगा तथा बिलों के साथ मात्रा सहित Valid Transit Pass Form X एवं W संलग्न करना अनिवार्य होगा, अन्यथा भुगतान नहीं किया जाएगा। 12. सामग्री का अंतिम मूल्य निर्माण विभाग की Justification तथा सफल निविदादाता के साथ Negotiation के उपरांत निर्धारित किया जाएगा तथा सफल निविदादाता को Undertaking देनी होगी।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत थौना
विकास खंड गोपालपुर, तहसील सरकाघाट, जिला मंडी (हि.प्र.)

**कार्यालय ग्राम पंचायत बरच्छवाड़**
विकास खंड गोपालपुर स्थित सरकाघाट जिला मंडी (हि.प्र.)
निविदा सूचना

ग्राम पंचायत बरच्छवाड़ के अंतर्गत वर्ष 2026-27 हेतु निम्न सामग्री के लिए कुटेशन/निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदाएं दिनांक 18/07/2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में डाक के माध्यम से या व्यक्तिगत रूप से जमा करवाएं। निर्धारित आवेदन फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से अवकाश के अतिरिक्त किसी भी दिन प्रातः 10 बजे से 5 बजे के बीच प्राप्त किए जा सकते है। कुटेशन/ निविदा ग्राम पंचायत में दिनांक 20/07/2026 को 12:30 PM पंचायत कमेटी के समक्ष खोली जाएगी।

सामग्री विवरण

रेत क्रशर प्रति घन मीटर, रेत प्लांट (FINE SAND) प्रति घन मीटर, पक्की ईंटे (A,B,C GRADE)-1000 NO., बजरी क्रशर 10,20,40 MM प्रति घन मीटर, पत्थर (CUT STONE) SIZE प्रति घन मीटर, सोलिंग/बोल्डर पत्थर प्रति घन मीटर, JCB मशीन द्वारा कटान प्रति घंटा, सैटरिंग (भवन निर्माण/ अन्य प्रति SQR मीटर व रनिंग मीटर, सामग्री दुलान सीमेंट प्रति किलोमीटर, SIGN BOARD STANDRED SIZE PER BOARD, WATER COOLER 20,40, 80 ITR WITH FITTING AND WITHOUT FITTING PER, SEGREGATION SHED, CONCRETE/CEMENT BENCH IN NO., VERMI COMPOST PIT SHED PER NO., SIZE 6X10,8X12, प्लाई बोर्ड 18 MM 4X8, 4X6, बोर्ड 19MM 4X8 4X6, PAINTING AND WRITTING OF SIGN BOARD, MIXTURE MACHINE WITH LABOUR/ WITH OUT LABOUR PER DAY ETC. CHILDREN PARK ITEMS, PLAYSTATION, SEE SAW, PLAY GROUND SWINGS, SWINGS AND SLIDES, SLIDES, MARRY GO ROUND, CLIMBERS, GARDEN BENCHES, OUTDOOR GYM ETC.

नियम व शर्तें

1. निविदादाता के पाप्त अपना पंजीकरण GST न0 होना आवश्यक है। 2. निविदादाता को निविदा अपने लैटर पैड पर सम्बंधित ग्राम पंचायत के नाम पर भेजनी होगी। 3. निविदादाता को बिल के साथ VALID TRANSIT PASS FORM W और X जमा करवाने होंगे। 4. सभी करों का लेन देन सरकार के प्रावधानों अनुसार होगा. 5 सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेसन के अनुरूप होगी 6. दरें अंको व शब्दों में लिखी होनी चाहिए 7 निर्माण सामग्री कार्य स्थल / सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी 8. पारित निविदादाता को मु0 20000/- रु0 अग्रिम/सुरक्षित राशि के रूप में ग्राम पंचायत के पास जमा करवाने होंगे व साथ में मु0 1000/- रु (नॉन-रिफंडेबल) आवेदन शुल्क सम्बंधित पंचायत में जमा करवाने होंगे। 9. निविदादाता यदि सामग्री आपुर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी दी गयी सुरक्षित राशि वापिस नहीं होगी व सुरक्षित राशि में से ही बाजार भाव पर सामग्री क्रय की जाएगी तथा उसकी निविदा रद्द कर दी जाएगी। 10. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत/ अस्वीकृत करने, सामान दर रहने की स्थिति में, एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदायें किसी भी समय रदद करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत/विभाग के पास सुरक्षित रहेगा 11. सामग्री राशि की अदायगी TA/JE की पैमाइश के उपरांत की जाएगी तथा बिलों के साथ मात्रा सहित VALID TRANSIT PASS FORM W और X होना जरूरी है अन्यथा बिलों की अदायगी नहीं की जाएगी। 12. आपूर्ति आदेश देने के बाद तीन दिन के भीतर सप्लाई देनी होगी 13. सामग्री लेने का अंतिम मूल्य/निर्णय विभाग की JUSTIFICATION व पारित निविदादाता के साथ NEGOTIATION उपरांत किया जाएगा तथा पारित निविदादाता को UNDERTAKING देनी होगी।

नोट- अन्य नियम व शर्तें विभाग/सरकार व पंचायत के अनुरूप रहेगी।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत बरच्छवाड़
विकास खंड गोपालपुर स्थित सरकाघाट जिला मंडी (हि0 प्र0)